हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● बुधवार ● 17.12.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 142 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# लोकसभा में हंगामे के बीच मनरेगा में बदलाव से जुड़ा 'जी राम जी' विधेयक पेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष के विरोध के बीच ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार से जुड़े गारंटी योजना मनरेगा में बदलाव से जुड़ा 'जी राम जी' विधेयक पेश किया गया। योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने पर आपत्ति जताते हुए विपक्ष ने विधेयक का विरोध किया। ज्यादातर सदस्यों ने विधेयक को सदन की स्थायी समिति को भेजे जाने का अनुरोध किया। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) के लिए गारंटीः (विकसित भारत-जी राम जी) विधेयक, 2025 पेश किया। यह विधेयक विकसित भारत @2047 के राष्ट्रीय विजन के साथ जुड़ा एक ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करेगा। इसमें हर वित्तीय वर्ष में हर ग्रामीण परिवार को 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी जाएगी। इसमें परिवार के वयस्क सदस्य को उनकी इच्छा पर बिना किसी कौशल वाला काम दिया जाएगा। मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी देशवासियों के दिलों में बसते हैं और उन्होंने एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय के कल्याण की सोच दी थी।

विधेयक में सरकार ने 100 दिनों के बजाय 125 दिनों की रोजगार गारंटी देने का प्रावधान किया है, जिसके लिए 1,51,282 करोड़ रुपये की राशि रखी गई है। उन्होंने विपक्ष से पूछा कि क्या जवाहर रोजगार योजना का नाम बदलने से पंडित जवाहर लाल नेहरू के साथ अन्याय हुआ था। इसमें ग्राम विकास को प्राथमिकता दी गई है और 95 हजार करोड़ रुपये केन्द्र से खर्च किए जाएंगे। कम विकसित पंचायतों को अधिक काम मिलेगा। कृषि कार्यों के लिए विशेष फंड दिया गया है।


शिवराज सिंह चौहान, ग्रामीण विकास मंत्री

## मनरेगा का नाम बदलने को लेकर आज देशभर में विरोध-प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने केंद्र सरकार के नए ग्रामीण रोजगार कानून वीबी-जी राम जी के खिलाफ बुधवार को देशभर में विरोध प्रदर्शन करने का एलान किया है। पार्टी का आरोप है कि यह विधेयक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को खत्म करने की साजिश है और इससे गरीबों का अधिकार छीना जाएगा। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सभी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि बुधवार को हर जिले के मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि इन प्रदर्शनों में महात्मा गांधी की तस्वीरें जरूर रखी जाएं, ताकि गांधीजी के नाम और मूल्यों को मिटाने के प्रयास के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया जा सके।

## 'सबका बीमा सबकी सुरक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक, 2025' पेश



**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रावधान करने वाला विधेयक पेश किया। विधेयक का नाम 'सबका बीमा सबकी सुरक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक, 2025' है। कुछ सदस्यों ने विधेयक के नाम पर उद्देश्य और भाषा से जुड़ी आपत्ति जताई। इंश्योरेंस एक्ट, 1938, लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन एक्ट, 1956 और इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी एक्ट, 1999 में संशोधन करने के लिए एक विधेयक सदन के विचार हेतु पेश किया। लोकसभा में विधेयक को लाए जाने का कई सदस्यों ने विरोध किया। सदस्यों ने विधेयक का नाम उद्देश्य से जुड़ा नहीं होने और हिन्दी में होने पर आपत्ति जाहिर की। आरएसपी नेता एनके प्रेमचंद्रन ने कहा कि विधेयक के नाम का उसके कार्य से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि विधेयक बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रावधान करता है जो राष्ट्रीय हित को प्रभावित करता है। इसके अलावा इसमें एलआईसी एजेंट और अन्य बीमा एजेंटों की कमीशन को तय करने का प्रावधान नियामक को दिया गया है। उन्होंने कहा कि एजेंट बीमा क्षेत्र की बैकबोन हैं और उनका इसमें ध्यान नहीं रखा गया है। विधेयक लाने का विरोध करने पर वित्त मंत्री ने कहा कि कोई भी आपत्ति विधायिक क्षमता से जुड़ी नहीं है। बाकी विषयों पर सदन में चर्चा के दौरान वे जवाब देंगी। जीवन ज्योति बीमा और अटल बीमा योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आम आदमी के समावेशन पर काम किया है। उन्होंने प्वाइंट ऑफ ऑर्डर का विषय बनाते हुए संविधान के अनुच्छेद 348 के तहत विधेयक का नाम हिन्दी में रखे जाने को लेकर आपत्ति जाहिर की। बाद में अध्यक्ष ने कहा कि विधेयकों के नाम का चयन करना मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आता है।

## राज्यपाल के सुपुत्र के आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए हेमन्त सोरेन एवं कल्पना सोरेन



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के सुपुत्र अपूर्व गंगवार के विवाह आशीर्वाद समारोह में सम्मिलित होकर नवदंपती को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की।

## छात्रवृत्ति को लेकर मंत्री चमरा लिंडा गये दिल्ली, केंद्र ने बकाया राशि जल्द जारी करने का दिया भरोसा



**रांची :** झारखंड के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने इस मुद्दे को केवल फाइलों तक सीमित नहीं रहने दिया। उन्होंने विधानसभा में साफ कहा था कि अगर जरूरत पड़ी तो वे खुद दिल्ली जाकर केंद्रीय मंत्री से मिलेंगे और छात्रों की छात्रवृत्ति के लिए आवाज उठाएंगे। अपने उसी वादे को निभाते हुए चमरा लिंडा दिल्ली पहुंचे और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. रामदास अठावले से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान चमरा लिंडा ने झारखंड के छात्रों की पीड़ा को एक पत्र के माध्यम से सामने रखा। पत्र पढ़ते ही केंद्रीय राज्य मंत्री ने मामले की गंभीरता को समझा और तुरंत विभागीय सचिव को फोन कर निर्देश दिया कि झारखंड की छात्रवृत्ति मद में जो भी राशि बकाया है, उसे जल्द से जल्द क्लीयर किया जाए। बता दें कि छात्र लंबे समय से अपनी छात्रवृत्ति के इंतजार में हैं। वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 की छात्रवृत्ति अब तक नहीं मिल पाई है। हालात ऐसे बन गए कि आर्थिक तंगी से जूझ रहे छात्र आंदोलन करने को मजबूर हो गए हैं और सड़कों पर उतरकर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। हर गुजरते दिन के साथ छात्रों की चिंता बढ़ती जा रही थी। पढ़ाई छूटने का डर, फीस न भर पाने की मजबूरी और भविष्य को लेकर अनिश्चितता उनके चेहरों पर साफ दिखाई दे रही थी।

### एक नजर

## सोनिया व राहुल को नेशनल हेराल्ड मामले में मिली राहत

**नयी दिल्ली :** नेशनल हेराल्ड के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की अदालत द्वारा प्रवर्तन निदेशालय की शिकायत पर संज्ञान लेने से इनकार किए जाने के बाद कांग्रेस ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध की राजनीति को करारा झटका बताया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह फैसला साबित करता है कि पूरा मामला बिना अधिकार क्षेत्र, बिना एफआईआर और बिना किसी कानूनी आधार के सिर्फ कांग्रेस नेतृत्व को बदनाम करने के लिए चलाया गया था। केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि ईडी ने बार-बार नेशनल हेराल्ड के तथाकथित मामले में कांग्रेस नेतृत्व को फंसाने की कोशिश की लेकिन अदालत के आज के फैसले ने साफ कर दिया कि यह मामला पूरी तरह राजनीतिक द्वेष से प्रेरित था। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि यह फैसला बदले की भावना से काम करने वाली जांच एजेंसियों के लिए भी स्पष्ट संदेश है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे इथियोपिया एयरपोर्ट पर पीएम अली ने किया स्वागत



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जॉर्डन दौरा खत्म कर मंगलवार को इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा पहुंचे। राजधानी अदीस अबाबा के एयरपोर्ट पर इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली ने गले लगाकर कर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। इसके बाद अबी अहमद अली प्रधानमंत्री मोदी को होटल तक खुद कार चलाकर लेकर गए। इस बीच रास्ते में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को विज्ञान संग्रहालय और मैत्री पार्क भी दिखाया। पीएम नरेंद्र मोदी इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली के निमंत्रण पर दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं। पीएम मोदी की इथियोपिया की यह पहली यात्रा है। दो दिवसीय दौरे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इथियोपिया के पीएम अबी अहमद अली से मुलाकात की। इसके साथ ही वहां की संसद को भी संबोधित करेंगे। इथियोपिया में रहने वाला भारतीय समुदाय पीएम मोदी के आगमन पर काफी उत्साहित है। इस दौरे में भारत-इथियोपिया के बीच स्वास्थ्य, शिक्षा और ब्रीक्स सहयोग को बढ़ाने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी जिस होटल में ठहरे हुए हैं, वहां मौजूद भारतीय समुदाय ने उनका स्वागत किया। पीएम मोदी के होटल पहुंचते ही वंदे मातरम, भारत माता की जय और मोदी-मोदी के नारे गूंजने लगे। भारतीय समुदाय के लोग हाथों में तिरंगा लेकर पीएम मोदी से मिले। इथियोपिया में भारतीय अंतरराष्ट्रीय स्कूल के छात्रों के बीच पीएम मोदी के आगमन को लेकर गजब उत्साह देखने को मिला है।

## लूथरा ब्रदर्स गोवा पुलिस की दो दिन की ट्रांजिट रिमांड पर

**नयी दिल्ली :** गोवा में 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब आग हादसे के आरोपी लूथरा ब्रदर्स को मंगलवार को थाइलैंड से दिल्ली एयरपोर्ट लाया गया। भारतीय एजेंसियां दोनों को लेकर आई हैं। प्रत्यर्पण संधि के जरिए दोनों आरोपियों को वापस भारत लाया गया है। वहीं, एयरपोर्ट पर गोवा पुलिस पहले से ही मौजूद थी। जहां फॉर्मेलिटी पूरी होते ही उनको हिरासत में ले लिया गया। गोवा पुलिस ने बताया कि उनके यहां पहुंचने पर, सेंट्रल एजेंसियों के अधिकारी आरोपी दोनों भाइयों को राजधानी दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ले गईं, जहां से गोवा पुलिस उन्हें 2 दिन की ट्रांजिट रिमांड में ले लिया।

# मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर हादस, 13 जिंदा जले, 70 झुलसे

## कोहरे के कारण दस वाहनों के बीच टक्कर के बाद लगी आग, मचा कोहराम

एजेंसी



**मथुरा :** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में थाना बलदेव क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के घने कोहरे के चलते सात बसें और तीन कारों के आपस में टकराने के बाद आग लगने से 13 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इसके अलावा 70 से ज्यादा लोग झुलस गए हैं। पुलिस ने घायलों को मथुरा और वृंदावन के अस्पतालों में भर्ती कराया है। इस भीषण सड़क हादसे परमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया और मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को पचास-पचास हजार कीआथिर्क मदद का एलान किया है। जिलाधिकारी ने मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया बलदेव थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस से माइलस्टोन संख्या 127 पर मंगलवार की सुबह कोहरे के चलते एक रोडवेज और सहित सात बसें और चार छोटी गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। आपस में टकराने के वाहनों में आग लग गई। इससे अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 70 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि हादसे की सूचना पर फायर ब्रिगेड और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बसों में लगी आग को बुझाया। हादसे में झुलसे लोगों को 20 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग से जलने से शवों की पहचान मुश्किल है। उनका डीएनए टेस्ट के माध्यम से पहचान की जाएगी। इस पूरी घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि बलदेव थाना क्षेत्र में अयोध्या से दिल्ली की ओर जा रही बस घने कोहरे के कारण टकरा गई। इसके बाद बसों में आग लग गई। इस आग की चपेट में अन्य वाहन भी आ गए। उन्होंने बताया कि प्रथमदृष्टया हादसे की वजह घना कोहरा लग रहा है। कम विजिबिलिटी की वजह से 7 बसों, 1 रोडवेज और 4 छोटी गाड़ियों की टक्कर हुई, जिससे आग लगी और बड़ा हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवा दिया गया है और मौके पर बैरिकेडिंग कराकर यातायात बहाल करा दिया गया है। बसों और कारों में आग लगने की सूचना पर मंडल और जिले के आलाधिकारीघटनास्थल पर पहुंचे और जायजा लिया।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

ठंड से बचाव
सामान्य जानकारी व सलाह



यह अवश्य करें:
- जरूरत न हो तो ठंड में बाहर निकलने से बचें (विशेषकर वृद्ध एवं बच्चे)।
- पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें।
- दस्ताने, जूते, मोजे, टोपी अथवा मफलर का इस्तेमाल करें।
- आँखों को ठंड से बचाने के लिए बाहर निकलते समय चश्मे का इस्तेमाल करें।
- कमरे को गर्म रखने के लिए घर में हीटर, ब्लोअर इत्यादि का प्रयोग सावधानी व सतर्कता के साथ करें।

खाने का ध्यान रखें:
- पर्याप्त भोजन कर बाहर निकलें।
- यथासंभव गर्म एवं गुनगुना पानी पीयें।
- ठंडा खाना खाने एवं ठंडा पेय पदार्थ पीने से बचें।
- उच्च कैलोरी वाले भोज्य पदार्थ का सेवन करें।

PR- 368751 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26

बच्चों को ठंड से बचाव हेतु सलाह
- ठंड में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। बच्चों को ठंडी हवा से बचाएं एवं अधिक देर ठंड में न रहने दें।
- बच्चों के सर, गला, छाती तथा हाथ-पाँव को अच्छी तरह से ढंक कर रखें।
- बच्चों को एक के ऊपर एक गर्म कपड़े पहनायें यह उन्हें गर्म रखेगा।
- बच्चों के तापमान की जाँच करते रहें।

अत्यधिक कंपकपी, बार-बार उल्टी या मतली होने पर, सुस्ती अथवा मुर्छित होने पर तुरन्त डॉक्टर से सलाह लें

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज़ को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें
आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर- 18003456540
स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24x7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### मुखिया ने बच्चों के बीच किया स्वेटर का वितरण



**चलकुशा :** प्रखंड अंतर्गत अलगडीहा पंचायत के ग्राम बडानो में आंगनबाड़ी केंद्र पर मुखिया अंजना देवी ने बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। मौके पर रामजीत रजक, सेविका लक्ष्मी कुमारी, सहायिका संजू देवी एवं अन्य लोग शामिल थे।

### जन्म मृत्यु निबंधन को लेकर प्रशिक्षण 23 को

**बरही :** उपायुक्त सह जिला रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु हजारीबाग के निदेशानुसार जन्म मृत्यु से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम बरही में 23 दिसंबर को आयोजित किया गया है। बीडीओ जयपाल महतो ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी बरही के सभी 20 पंचायतों के मुखिया, सभी पंचायतों के सचिव और बरही के सभी आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं को प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया है। जन्म मृत्यु निबंधन प्रशिक्षण बरही नगर भवन में 23 को 11 बजे दिन से होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सह निबंधक जन्म मृत्यु, अनुमंडलीय अस्पताल बरही, प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक इसमें भाग लेंगे।

### अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**हजारीबाग :** मंगलवार को बरही प्रखंड के देवचंदा मोड़ पास दो बाइक सवार अज्ञात वाहन के चपेट में आने से गंभीर रूप घायल हो गया। ग्रामीणों के मदद से इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया जहां डाक्टरों के देखरेख में इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो घायल बाइक सवार इचाक प्रखंड के जालौन गांव के निवासी थे। दोनों बरही के गोरिया करमा निशचितपुर गांव अपने रिस्तेदार के घर से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान घटना घटी। घायलों की पहचान अभिषेक कुमार पिता विरेंद्र वर्मा तथा रवि कुमार पिता सरो भुईयां के रूप में हुई।

### पत्थलगड्डा के कई घरों से हुई मवेशियों की चोरी



**चतरा :** जिले के पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र के नोनगांव से बीती रात आधा दर्जन जानवरों की चोरी हो गई। चोरी की इस घटना से पशुपालक परेशान हैं। चोरी की सूचना पुलिस को मंगलवार को दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार सभी मवेशी बंधे हुए थे। अंधेरे का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। नोनगांव मोड़ के समीप लगा हाई मास्टलाइट पिछले 15 दिनों से खराब पड़ा है। इससे इस क्षेत्र में अंधेरा पसरा रहता है। अंधेरे का लाभ उठाकर मवेशियों की चोरी कर ली गई है। ग्रामीणों ने बताया कि टेकनारायण साहू के घर के आगे बंधे दो गाय, जवाहर साव का एक बछड़ा, देवनंदन ठाकुर के बैल की चोरी हुई है। वहीं तेतरिया निवासी रूपलाल दांगी की गाय की चोरी दरवाजे के पास से ही कर ली गई है। गिद्धौर के बरियातू से भी छोटू यादव के एक मवेशी की चोरी हो गई। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में नावाडीह चौक से भी दो गायों की चोरी कर ली गई थी। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। नोनगांव में जानवरों की चोरी की घटना से पशुपालक भयभीत हैं।

# अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर से बदली युवाओं की तकदीर, 47 को मिला वेतन आधारित रोजगार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत हरली गांव में संचालित अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थानीय युवक-युवतियों के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। केंद्र में डेटा इंट्री ऑपरेटर और सहायक इलेक्ट्रिशियन जैसे रोजगारोन्मुखी कोर्स तीन-तीन महीने की अवधि में संचालित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है तथा योग्य अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट भी सुनिश्चित किया जाता है। आज हरली, बड़कागांव, चंदौल सहित आसपास के गांवों के दर्जनों युवक-युवतियाँ प्रशिक्षण लेकर हजारीबाग, अहमदाबाद, गुजरात समेत देश के विभिन्न शहरों में सफलतापूर्वक कार्यरत हैं। केंद्र से प्रशिक्षित कई युवाओं ने उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। धर्मेंद्र कुमार वर्तमान में सदर अस्पताल, हजारीबाग में कार्यरत हैं, जबकि स्नेहा कुमारी आरोग्यम अस्पताल, हजारीबाग में अपनी सेवाएं दे रही हैं। इसके अलावा कई छात्र-छात्राओं ने सरकारी नौकरी की परीक्षाओं में भी सफलता प्राप्त की है, जो केंद्र की गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण व्यवस्था को दर्शाता है। अब तक केंद्र से 448 से अधिक युवक-युवतियाँ प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, जिनमें से 47 युवाओं को वेतन आधारित रोजगार अथवा स्वरोजगार से जोड़ा जा चुका है और सभी वर्तमान में सफलतापूर्वक कार्यरत हैं। इसी क्रम में हाल ही में डेटा इंट्री ऑपरेटर बैच का फाइनल असेसमेंट अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर एवं सीएसआर टीम की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मूल्यांकन में कुल 53 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। निर्धारित मूल्यांकन योजना के अनुसार सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक परीक्षाएं सुचारु रूप से आयोजित की गईं। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित रही। वर्तमान में अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर, हरली में नए सत्र के लिए नामांकन खुले हैं। इच्छुक युवक-युवतियाँ केंद्र से संपर्क कर अपने कौशल विकास और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

**बड़कागांव में लगातार सक्रिय है अदाणी फाउंडेशन**

अदाणी फाउंडेशन की ओर से बड़कागांव एवं आसपास के क्षेत्रों में कौशल विकास के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में भी निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। फाउंडेशन की ओर से छात्रों के लिए शैक्षणिक सहयोग, करियर मार्गदर्शन, स्वास्थ्य जांच शिविर, स्वच्छता एवं पोषण जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने तथा ग्रामीण युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न पहलें की जा रही हैं।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों ने बायोडायवर्सिटी पार्क का किया भ्रमण




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र छात्राओं ने बायोडायवर्सिटी पार्क हजारीबाग और बरही रेलवे स्टेशन का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त की। बच्चों के साथ विद्यालय की 8 शिक्षिकाएं और सेविका शामिल थीं। बायोडायवर्सिटी पार्क में बच्चों ने विभिन्न जानवरों की मूर्तियां देखी और उनके जीवन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने झूलों का आनंद लिया। पार्क का भ्रमण किया और सहपाठियों के तस्वीरें खिंचवाई। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण भैया बहनों के जीवन के विकास की एक पद्धति है। एक दूसरे के साथ वस्तुओं को समझना और साझा करना ज्ञान को बढ़ाता है। मौके पर विद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## कड़ाके की ठंड में सेवा की अलख, हजारीबाग यूथ विंग बना जरूरतमंदों का सहारा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** प्रचंड ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए हजारीबाग यूथ विंग ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शीतकालीन राहत अभियान के तहत ठंड से राहत पहुंचाने का सराहनीय कार्य प्रारंभ किया है। मंगलवार को पुराना बस स्टैंड, झील चौक सहित शहर के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य ठंड से जूझ रहे राहगीरों, रिक्शा चालकों एवं बाहर से आने वाले यात्रियों को राहत प्रदान करना है। संस्था द्वारा यह सेवा कार्य कई वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। कड़ाके की ठंड में अलाव की व्यवस्था जरूरतमंदों के लिए न केवल गर्माहट का साधन बनी, बल्कि उनके लिए सुकून और सुरक्षा का भी माध्यम साबित हुई। अलाव के आसपास बड़ी संख्या में राहगीर और स्थानीय लोग एकत्र होकर ठंड से बचाव करते नजर आए। लोगों ने हजारीबाग यूथ विंग के इस मानवीय प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि हमारा उद्देश्य हर वर्ष यही रहता है कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों और राहगीरों को यथासंभव सहायता प्रदान की जाए। यह अलाव केवल ठंड से बचाने का माध्यम नहीं है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देता है कि कठिन समय में सभी को एक-दूसरे के लिए आगे आना चाहिए। हजारीबाग यूथ विंग हमेशा से समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग के प्रति संवेदनशील रही है और हमारी यह पहल समाज में मानवीयता, सहयोग और सेवा की भावना को मजबूत करने का प्रयास है। हमें संतोष है कि हर वर्ष जनता हमारे इस अभियान को पूरा सहयोग और समर्थन देती है।

## भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र गौरियाकरमा में स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरियाकरमा में स्वच्छता पखवाड़ा 16 दिसंबर से शुभारंभ किया गया ।को हुओ कार्यक्रम को परिसर प्रभारी डॉ सनत कुमार महंता की अध्यक्षता में सभी अधिकारियों द्वारा स्वच्छता शपथदिलाई गई। यह कार्यक्रम 16 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक चलेगा। इस मौके पर स्वच्छता अभियान समिति के सदस्य डॉ अनिमा महतो, डॉ शिल्पी केरकेट्टा और डॉ नुजैबा ने सभा में उपस्थित अधिकारियों को स्वच्छता पखवाड़ा की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यालय, आवासीय परिसर, निकटवर्ती पर्यटक स्थल, मंदिर, विद्यालय इत्यादि की साफ-सफाई तथा आस पास के ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता शिविर आयोजित कर स्वक्छ्ता के बारे में जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण शिविर के दौरान ही 23 दिसंबर को किसान दिवस मनाने का भी प्रस्ताव रखा गया। तत्पश्चात एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया। जिसमें संस्थान के सभी वैज्ञानिक प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारियों ने भाग लियो संस्थान के स्वच्छता अभियान समिति के नेतृत्व में सभी अधिकारी एवं विद्यार्थी इस पखवाड़ा के माध्यम से संस्थान परिसर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखने तथा लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए पूर्णतः तत्पर रहेंगे।

## वाहन चेकिंग में 11 वाहनों से वसूला गया 15 हजार का जुर्माना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** सड़क सुरक्षा को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से सोमवार को बरही थाना के बाहर प्रभारी थाना प्रभारी संतोष कुमार के नेतृत्व में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान करीब 25 दोपहिया वाहनों की जांच की गई, जिसमें से 10 बिना हेलमेट और एक बाइक सवार बिना लाइसेंस का पाया गया। वहीं कुल ग्यारह वाहनों से 15 हजार का जुमार्ना वसूला गया। जांच के दौरान बिना हेलमेट के चलने वाले बाइक चालकों को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में बिना हेलमेट के वाहन ना चलाएं। इस दौरान प्रभारी थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाने और लोगों में यातायात नियमों केडी प्रति जागरूकता अभियान बढ़ाने के उद्देश्य से अभियान चलाया गया। मौके पर कई सशस्त्र बल मौजूद थे।

# सांसद कार्यालय में नव-नियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्षों का भव्य अभिनंदन, दिखा संगठन में नया जोश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** भारतीय जनता पार्टी, हजारीबाग जिले के साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चतरा जिले के पिपरवार भाजपा मंडल और कोडरमा जिले के चंदवारा भाजपा मंडल के नव नियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रतिनिधियों का भव्य अभिनंदन- सह- सम्मान समारोह का आयोजन मंगलवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह और हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार साहू के संयुक्त अध्यक्षता में हजारीबाग के विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ स्थित सांसद सेवा कार्यालय परिसर में किया गया। जिसमें विशेषरूप से पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, सदर विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि किशोर कुमार राणा, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, कोडरमा जिला सांसद प्रतिनिधि बंटी मोदी, चतरा जिला सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह, कटकमसांडी सांसद प्रतिनिधि बीरेंद्र कुमार बीरू, प्रेमचंद प्रसाद, टाटीझरिया प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल, सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता रेणुका कुमारी, इन्द्रनारायण कुशवाहा, भाजपा नेता जयनारायण मेहता, बद्री मेहता, मुकुंद साव सहित स्थानीय भाजपा नेता राजेश चंद्रवंशी, आशेष कुमार सिन्हा, विजय वर्मा, मुखिया नारायण साव, तरुण कशेरा, सांसद कार्यालय प्रभारी विजय वर्मा, विशेषांक, अमन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए। सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर आयोजित उक्त सम्मान समारोह में उपस्थित सभी नव नियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रतिनिधियों का सांसद प्रतिनिधियों और वरिष्ठ भाजपा नेताओं द्वारा फूल माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत-एवं-सम्मान किया गया। स्वागत के दौरान भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, पीएम मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद, जेपी नड्डा जिंदाबाद, नितिन नवीन जिंदाबाद, सांसद मनीष जायसवाल जिंदाबाद सहित अन्य नारे खूब बुलंद हुए और भाजपा कि नई टीम में एक नया जोश और उत्साह दिखा।

## संक्षिप्त खबरें

### इंटर आर्ट्स कॉलेज बड़कागांव के बच्चों ने किया राजगीर का शैक्षणिक भ्रमण



**बड़कागांव :** थाना रोड स्थित इंटर आर्ट्स कॉलेज के बच्चों को बिहार स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल राजगीर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। कॉलेज के प्राचार्य मो० अली एवं रागिब अफजल के नेतृत्व में बच्चों ने राजगीर के प्रसिद्ध नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर, विश्व शांति स्तूप, ब्रह्म कुंड, सीता कुंड, बौद्ध गया जैसे ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों का दौरा किया, जिससे उन्हें अपने क्षेत्र के इतिहास, बौद्ध संस्कृति और प्राचीन शिक्षा प्रणालियों की गहरी समझ मिली, और यह यात्रा उनके लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक अनुभव साबित हुई। इस दौरान बच्चों को स्कूल के शिक्षकों ने सभी ऐतिहासिक स्थलों के ऐतिहासिक महत्व के बारे में बताया और बच्चों के सवालों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का सभी बच्चों ने बहुत ही लुत्फ उठाया। इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में उप प्राचार्य अवधेश कुमार, मिथलेश कुमार, जफ इकबाल, मुकेश कुमार, सोहैल खान, इनामुलहक, रेणु कुमारी, सुमित कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### विवि स्तरीय युवा महोत्सव 'झूमर' में कर्णपुरा महाविद्यालय का शानदार प्रदर्शन




**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तत्वावधान में आयोजित 29वें अंतर–महाविद्यालय युवा महोत्सव 'झूमर' में उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस प्रतिष्ठित सांस्कृतिक महोत्सव में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने सहभागिता की, जिसमें कर्णपुरा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी कला, प्रतिभा एवं अनुशासन से विशेष पहचान बनाई। युवा महोत्सव 'झूमर' के अंतर्गत आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं—जैसे लोक नृत्य, समूह नृत्य, संगीत, नाटक, चित्रकला एवं अन्य विधाओं—में महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने प्रभावशाली प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों की ऊर्जावान सहभागिता, सृजनात्मकता तथा मंचीय कौशल ने निर्णायकों एवं दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया ।महाविद्यालय के प्राचार्य ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक–सांस्कृतिक वातावरण का परिणाम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षक शिक्षकों एवं कार्यक्रम से जुड़े समन्वयकों को हार्दिक बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने विश्वविद्यालय प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान कर उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित किया। कर्णपुरा महाविद्यालय भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में सक्रिय सहभागिता कर विद्यार्थियों की सांस्कृतिक एवं बौद्धिक क्षमताओं को निखारने हेतु प्रतिबद्ध रहेगा।

### बुंडू में राजकीय माध्यमिक विद्यालय के जीर्णोद्धार व भवन निर्माण को लेकर आम सभा आयोजित



**हजारीबाग :** बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम बुंडू में राजकीय माध्यमिक विद्यालय के जीर्णोद्धार एवं नए भवन निर्माण को लेकर एक आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा का उद्देश्य विद्यालय की आधारभूत संरचना को मजबूत करना एवं शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, मुखिया विजय यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आम सभा में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। इस अवसर पर बाबूलाल यादव, जागेश्वर यादव, पिंटू कुमार, संतोष यादव, मनोज पंडित, मुकेश कुमार, रामलखन यादव, मनीष कुमार, बासुदेव यादव, प्रदीप यादव, बिनोद यादव एवं धर्मेन्द्र कुमार, राहुल कुमार, दीपक कुमार, लालो पंडित, लक्ष्मण सिंह, राजकुमार यादव, बालगोविंद यादव, महेश यादव,बाबूलाल यादव, सिकंदरा सिंह, आशा देवी, मुन्नी देवी, पिंकी देवी, प्रदीप कुमार यादव, जागेश्वर ठाकुर सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल में 12 वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**बरही :** रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल बरही में 12वाँ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। जिसका समापन 22 दिसंबर 2025 को होगी। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ एसआई आर. एल. यादव , प्रधानाचार्य आलोक कुमार, प्रबंध निदेशक अनुप कुमार सिंह, संजय रविदास सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के पश्चात खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूआत येलो हाउस बनाम ग्रीन हाउस के बीच वॉलीबॉल मुकाबले से हुई। इस मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसआई आर. एल. यादव द्वारा सर्विस शॉट लगाकर किया गया। इस अवसर पर संजय रवि दास सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। खेलकूद प्रतियोगिताओं का सफल संचालन पीटीआई रोहित यादव के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। विद्यालय के ग्रीन, येलो, रेड एवं ब्लू हाउस के विद्यार्थी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में पूरे उत्साह एवं खेल भावना के साथ भाग ले रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि यह वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 22 दिसंबर 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका शेरॉन थॉमस, इंदु देवी, उषा देवी, रीता पाठक, साक्षी कुमारी, शुभम दुबे, भुवनेश कुमार, आकांक्षा मरांडी, श्वेता साहू, राणा दास, फैजा परवीन, रिंकी कुमारी एवं रीना अरोड़ा का सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**रांची :** रांची के चुटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत केतारी बागान रेलवे फाटक के पास मंगलवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, व्यक्ति रेलवे फाटक पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया। अचानक हुई घटना के कारण उसे संभलने का मौका नहीं मिल सका। हादसे में व्यक्ति का शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। घटना की सूचना मिलते ही चुटिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस आसपास के लोगों की मदद से मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### झारखंड में पछुआ हवाएं फिर से बढाएंगी ठंड

**रांची :** झारखंड में एक बार फिर से पछुआ हवाएं ठंड बढाएंगी। झारखंड में उत्तर-पश्चिमी (पछुआ) हवाएं उत्तरी दिशा की ओर बह रही हैं। इसके कारण आनेवाले दिनों में राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न इलाकों में ठंड में वृद्धि होगी। यह जानकारी मौसम विभाग ने मंगलवार को दी। विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान राज्यों में मौसम साफ और शुष्क रहा। वहीं इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 27.8 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान 6 डिग्री रांची में रिकॉर्ड किया गया। वहीं मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा, लेकिन रांची के डैम और तालाब वाले इलाकों में सुबह में घना कुहासा छाया रहा। हालांकि बाद में मौसम साफ हो गया। इसके बाद दिन चढने के साथ ही आसमान में आंशिक बादल छाये रहे। इससे दिन भर लोगों को ठंड महसूस हुई। मौसम की यह स्थिति मकर संक्रांति तक बने रहने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों पछुआ हवाओं के कारण राज्य भर में भारी कनकनी दर्ज की गई थी। लेकिन बाद में बादल छाने के चलते तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 23.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री, जमशेदपुर में 26.6 और 13.6 डिग्री, डालटेनगंज में 25.2 और 8.1 डिग्री, बोकारो में 25.1 और 10.1 डिग्री, चाईबासा में अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री और 10.1 डिग्री, खूंटी में 24.4 और 7.9 डिग्री, लोहरदगा में 22.7 डिग्री और 8.5 डिग्री और लातेहार में अधिकतम तापमान 19.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### बायोमेट्रिक जांच में खुली पोल, जीजा के बदले बिहार से आकर साला दे रहा था परीक्षा



**रांची :** रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में रेलवे ग्रुप डी परीक्षा के दौरान एक मुन्ना भाई को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी अपने जीजा की जगह परीक्षा देने पहुंचा था, लेकिन बायोमेट्रिक जांच के दौरान उसकी सच्चाई सामने आ गई। जानकारी के अनुसार, जीजा जवाहर प्रसाद के बदले उसका साला लालू कुमार उर्फ अनीश कुमार परीक्षा देने परीक्षा केंद्र पहुंचा था। जांच के दौरान पहचान में गड़बड़ी सामने आने पर उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। पकड़ा गया आरोपी बिहार के गया जिले का रहने वाला बताया जा रहा है। मामले की जानकारी मिलते ही नामकुम थाना पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और आगे की कानूनी प्रक्रिया की जा रही है।

# धान अधिप्राप्ति पर भाजपा के आरोप निराधार राजनीतिक हताशा का परिणाम : इरफान अंसारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड में धान अधिप्राप्ति को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से लगाए जा रहे आरोपों पर मंत्री इरफान अंसारी ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी पर कड़ा पलटवार किया है। मंत्री इरफान अंसारी ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को पत्र लिखकर जिस तरह से कथित अनियमितताओं का आरोप लगाया जा रहा है, वह पूरी तरह गलत और निराधार है तथा भाजपा की राजनीतिक हताशा और बौखलाहट का स्पष्ट प्रमाण है। मंत्री अंसारी ने कहा कि झारखंड में भाजपा पूरी तरह दिशाहीन और जनाधार-विहीन हो चुकी है। इसी कारण वह तथ्यहीन आरोपों के सहारे सुर्खियों में बने रहने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि धान अधिप्राप्ति शुरू हुए अभी महज एक दिन ही हुआ है और भाजपा को घोटाला नजर आने लगा, जो उसकी घबराहट और राजनीतिक दिवालियापन को दशार्ता है। मंत्री ने आरोप लगाया कि केवल पत्र लिखकर और बयान देकर चर्चा में बने रहना भाजपा की आदत बन चुकी है, जिसे जनता अब भली-भांति समझ चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य में धान अधिप्राप्ति की पूरी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, जवाबदेह और किसानों के हित में संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं इस विभाग के मंत्री हैं और लगातार किसानों से सीधे संवाद में हैं। भाजपा नेताओं के पास कोई ठोस तथ्य नहीं है और वे केवल भ्रम फैलाने व आरोप लगाने की राजनीति कर रहे हैं। अंसारी ने यह भी कहा कि अधिप्राप्ति की शुरूआत के अवसर पर सभी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया गया था, लेकिन भाजपा का कोई भी नेता किसानों का मनोबल बढ़ाने के लिए क्रय केंद्रों पर नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा किसानों को राजनीति का औजार बनाया है, जबकि हेमंत सरकार किसानों के हितों से किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगी।

## हेमन्त सोरेन के डिस्चार्ज पिटीशन मामले में विशेष कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के बड़गाई 8.86 एकड़ कथित जमीन फजीर्वाड़ा मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए की विशेष कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय बीते छह दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने खुद को निर्दोष बताते हुए डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल कर कोर्ट से आरोप मुक्त करने की गुहार लगाई है। मामले में जमीन कारोबारियों सहित कई के ठिकाने पर ईडी ने छापेमारी की थी। वही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए ईडी ने 10 बार समन किया था। इसमें से हेमंत सोरेन से दो बार पूछताछ हुई थी। 31 जनवरी 2024 को पूछताछ के बाद ईडी ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था, जिन्हें पांच माह बाद झारखंड उच्च न्यायालय से इस मामले में जमानत मिली थी। वहीं इस मामले में जेएमएम नेता अंतू तिर्की सहित कई जमीन कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## रांची में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, दहेज उत्पीड़न और हत्या का आरोप, पति हिरासत में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। नवविवाहिता का शव उसके ससुराल स्थित रमजान कॉलोनी के एक कमरे में संदेहास्पद हालत में मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका 21 वर्षीय सजबीन परवीन के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न और हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। आरोपों के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सजबीन के पति को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही सजबीन परवीन के मायके पक्ष के लोग मंगलवार दोपहर रांची पहुंचे। उन्होंने मौके पर पहुंचकर ससुराल वालों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और हत्या का आरोप लगाया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई, जो मारपीट में बदल गई। हालात बिगड़ते देख लोअर बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। मृतका के परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही सजबीन को ससुराल में लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। ससुराल वाले उस पर बार-बार मायके से अपना हिस्सा लाने का दबाव बना रहे थे। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर सजबीन के साथ मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया जाता था। बहरहाल, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच दहेज हत्या समेत विभिन्न धाराओं में की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पूछताछ के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## एचईसी की आठ मजदूर यूनियनों की संयुक्त बैठक आगामी 21 दिसंबर को




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** हेवी इंजीनियर्स कॉरपोरेशन (एचईसी) से जुड़े तीन प्रमुख मजदूर यूनियनों की मंगलवार को धुर्वा स्थित कार्यालय परिसर में बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 21 दिसंबर को एचईसी से जुड़ी सभी आठ मजदूर यूनियनों की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। इसके लिए तीनों यूनियन मिलकर शेष पांच यूनियनों को पत्र लिखकर बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित करेंगी। बैठक में हाल ही में एचईसी प्रबंधन के निदेशक (विपणन) और निदेशक (वित्त) के साथ हुई वार्ता पर विस्तार से चर्चा की गई। यूनियन नेताओं ने प्रबंधन द्वारा दिए गए आश्वासनों की समीक्षा करते हुए आगामी रणनीति पर विचार किया। एचईसी श्रमिक संघ के अध्यक्ष शनि सिंह ने बताया कि प्रबंधन की ओर से 25 दिसंबर से पहले कर्मियों का लंबित वेतन और बीपीएफ देने का आश्वासन दिया गया है। साथ ही, इस माह समाप्त हो रही कर्मचारियों की मेडिकल इंश्योरेंस पॉलिसी के समय पर नवीनीकरण की मांग भी उठाई गई थी। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान निदेशक (वित्त) ने बताया था कि एनसीएल से जल्द राशि प्राप्त होने के बाद बकाया वेतन का भुगतान, मेडिकल इंश्योरेंस का नवीनीकरण और बीपीएफ का भुगतान किया जाएगा। आज की बैठक में एचईसी की वर्तमान आर्थिक स्थिति और कर्मचारियों की समस्याओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। यूनियन नेताओं ने कहा कि आश्वासन के अनुरूप समय पर भुगतान नहीं होने की स्थिति में आगे संघर्ष का रास्ता अपनाया जा सकता है। बैठक में एचईसी श्रमिक संघ के अध्यक्ष शनि सिंह, एचईसी लिमिटेड श्रमिक कर्मचारी यूनियन के महामंत्री प्रकाश कुमार और जनता मजदूर यूनियन के महामंत्री एस.जे. मुखर्जी मौजूद थे।

## हमर अधिकार मंच की 51 सदस्यीय केंद्रीय कार्यकारिणी गठित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हमर अधिकार मंच (हम) की 51 सदस्यीय केंद्रीय कार्यकारिणी समिति का गठन मंगलवार को किया गया। नवगठित केंद्रीय कार्यकारिणी में दीपेश कुमार निराला को अध्यक्ष, उमाशंकर सिंह को महासचिव तथा विनोद कुमार बेगवानी को कोषाध्यक्ष चुना गया है। इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों को भी विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। गठन के बाद सदस्यों ने नवगठित टीम को बधाई देते हुए संगठन के उद्देश्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला ने कहा कि संविधान और विभिन्न कानूनों के तहत नागरिकों को कई अधिकार प्राप्त हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में आम लोग उनका लाभ नहीं उठा पाते। सरकार द्वारा गठित विभिन्न आयोगों, फोरम और बोर्ड जैसे क्वासी ज्यूडिशल निकायों के माध्यम से बिना वकील के भी कम खर्च में न्याय प्राप्त किया जा सकता है, पर इसकी जानकारी आमजन तक नहीं पहुंच पाती। इसी उद्देश्य से हमर अधिकार मंच का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि संगठन झारखंड के विभिन्न जिलों में नागरिकों को उनके अधिकारों, शिकायत निवारण प्रक्रिया और कानूनी जागरूकता से जोड़ने का कार्य करेगा। निराला ने स्पष्ट किया कि यह संस्था विशुद्ध रूप से गैर-सरकारी, गैर-राजनीतिक और सामाजिक संगठन है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को संविधान एवं विभिन्न अधिनियमों में निहित अधिकारों की जानकारी देना और उनके अधिकारों के प्रयोग की प्रक्रिया से अवगत कराना है।

# सरकार ने छात्रवृत्ति के लिए आवंटित 12,000 करोड़ रुपये में से 40 प्रतिशत का किया गबन : भाजयुमो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति नहीं मिलने के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) रांची महानगर की ओर से मंगलवार को राज्य सरकार की शवयात्रा निकाली गई। शवयात्रा का नेतृत्व भाजयुमो महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने किया। इस दौरान जिला स्कूल से अल्बर्ट एक्का चौक तक मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने छात्रों को छात्रवृत्ति समय पर दो और राम नाम सत्य है जैसे नारे लगाए। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सरकार पर आरक्षण कोटे में भ्रष्टाचार और पक्षपात का आरोप लगाते हुए इसे ठगबंधन की साजिश करार दिया। महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने कहा कि रांची जिले में छात्रवृत्ति नहीं मिलने से करीब 1.2 लाख एससी-एसटी छात्र प्रभावित हुए हैं। सरकार की लापरवाही के कारण छात्रों की फीस, हॉस्टल और किताबों का खर्च रुक गया है। उन्होंने दावा किया कि सीएजी की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में छात्रवृत्ति घोटाले से राज्य को लगभग 500 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो वर्षों में केंद्र सरकार से 12,000 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति राशि प्राप्त हुई, लेकिन राज्य स्तर पर वितरण में 4,800 करोड़ रुपये (40 प्रतिशत) की अनियमितता हुई है। रांची जिले में ही 50 हजार से अधिक छात्र बिना छात्रवृत्ति के भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से 15 दिनों के भीतर सभी पात्र छात्रों को छात्रवृत्ति सुनिश्चित की जाएगी। मोर्चा के शशांक राज ने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन की सरकार ने एससी-एसटी-ओबीसी छात्रों को छात्रवृत्ति के नाम पर ठगा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग से प्राप्त आरटीआई आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024-25 में रांची मंडल में 1.5 लाख छात्रों के पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन लंबित हैं, जिनमें 60 प्रतिशत एससी और 25 प्रतिशत ओबीसी छात्र शामिल हैं। उन्होंने दावा किया कि केंद्र से मिले 8,000 करोड़ रुपये में से 35 प्रतिशत राशि का कोई हिसाब नहीं है, जिसका खुलासा सीएजी की 2025 की प्रारंभिक रिपोर्ट में हुआ है। छात्र हॉस्टल फीस, परीक्षा शुल्क और किताबों के लिए कर्ज लेने को मजबूर हैं, जिससे ड्रॉपआउट रेट में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच कृषि व पशुपालन में सहयोग पर हुई अहम चर्चा



**रांची :** ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर फिलिप ग्रीन ओएएम अपनी टीम के साथ भारत दौरे के दौरान मंगलवार को राजधानी रांची पहुंचे। यहां उन्होंने राज्य की मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की और उनकी विभागीय टीम के साथ बीएनआर चाणक्य में बैठक की, जिसमें झारखंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा हुई। बैठक के बाद मंत्री शिल्पी नेता तिर्की ने बताया कि कृषि और दीर्घकालिक योजनाओं के सहयोग के दृष्टिकोण से ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ लंबी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि पशुपालन के क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया का लंबा अनुभव और नई तकनीक का लाभ झारखंड के किसानों और पशुपालकों तक पहुंचाया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर फिलिप ग्रीन ने कहा कि उनकी टीम झारखंड के विभागीय अधिकारियों के संपर्क में रहेगी। उन्होंने आदिवासी बहुल इलाकों का दौरा किया और झारखंड के आदिवासी समाज, संस्कृति और परंपरा के बारे में जानकारी हासिल की। हाई कमिशर ने कहा कि झारखंड दौरा उन्हें उत्साहित करने वाला रहा और भविष्य में दोनों पक्षों के सहयोग से कृषि, पशुपालन और अन्य क्षेत्रों में कदम बढ़ाया जाएगा। बैठक में टीम के अन्य सदस्य फर्स्ट सेक्रेटरी टॉम सैंडरफोर्ड, सीनियर इकोनॉमी रिसर्च अफसर अनाघा, कृषि व पशुपालन विभाग के सचिव अबू बक्कर सिद्धकी, विशेष सचिव प्रदीप हजारी, कृषि निदेशक भोर सिंह यादव और समिति निदेशक विकास कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### रांची में मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा ने किया 'सेल्फी विद सफाईकर्मी' कार्यक्रम का आयोजन




**रांची :** राजधानी रांची में मंगलवार को मारवाड़ी युवा मंच दक्षिण जागृति महिला शाखा की ओर से सेल्फी विद सफाईकर्मी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आनंद सबके लिए होनी चाहिए की सोच के तहत वार्ड संख्या 45 के सफाईकर्मियों के बीच सुबह-सुबह गरम चाय, तिलकुट, बिस्किट, मुरी के लड्डू, मोजा सहित अन्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंच के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष रोहित शारदा ने कहा कि आनंद और सम्मान समाज के हर वर्ग के लिए होना चाहिए। जिस प्रकार देश की सीमाओं पर सैनिक अपनी ड्यूटी निभाते हैं, उसी तरह हर मोहल्ले में सफाईकर्मी भी एक सैनिक की तरह समाज की सेवा कर रहे हैं। उनका कार्य केवल एक दिन का नहीं, बल्कि रोजाना योजनाबद्ध तरीके से किया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि हर परिवार ठंड के मौसम में सफाईकर्मियों को एक कप चाय भी उपलब्ध कराए, तो इससे उनका मनोबल बढ़ेगा और समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा। मंच की अध्यक्ष प्रमिला सराफ ने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि हर काम और हर इंसान सम्मान का हकदार है, जो समाज के लिए अपना योगदान दे रहा है। वहीं सचिव खुशबू शारदा ने सभी अतिथियों और सफाईकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में योगदान देने वालों को धन्यवाद देने से उनका आत्मविश्वास और उत्साह बढ़ता है। इस अवसर पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व उपाध्यक्ष रोहित शारदा, महिला जागृति शाखा की पूर्व अध्यक्ष उर्मिला मोटानी, अध्यक्ष प्रमिला सराफ, सचिव खुशबू शारदा, वैष्णवी बंसल, रिंकू अग्रवाल, वार्ड 45 के सुपरवाइजर, सफाईकर्मी रेजा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### छात्रवृत्ति और 15वें वित्त आयोग की केंद्र से बकाए राशि के लिए हेमन्त सरकार जिम्मेवार : बाबूलाल

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में मंगलवार को पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक और केंद्रीय पंचायती राज मंत्री ललन सिंह से मुलाकात की तथा झारखंड की जनता से संबंधित समस्याओं को रखा। प्रतिनिधिमंडल में कार्यकारी अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू,केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश शामिल हुए। केंद्रीय पंचायती राज मंत्री मंत्री ललन सिंह से मुलाकात के दौरान झारखंड की पंचायती राज मंत्री दीपिका सिंह पांडे भी उपस्थित रहीं। दोनों केंद्रीय मंत्री गण से मुलाकात के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार की लापरवाही,अक्षमता और वित्तीय कुप्रबंधन के कारण राज्य की जनता प्रताड़ित हो रही है। मरांडी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्ति की राशि बकाया होने के पीछे राज्य सरकार द्वारा उचित समय पर केंद्र को सूचित नहीं करना है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर पंचायती राज विभाग में केंद्र सरकार ने वर्ष 2024-25 की प्रथम किस्त की राशि झारखंड को भेज दिया है लेकिन राज्य सरकार उसका उपयोगिता प्रमाण पत्र अभी तक नहीं भेजी है। राज्य सरकार का वित्तीय कुप्रबंधन का परिणाम है कि हेमंत सरकार राज्यांश को नहीं दे रही। मरांडी ने कहा कि यही स्थिति रही तो मार्च 26 में केंद्र की राशि स्वतः वापस हो जाएगी। साथ ही कहा कि हेमंत सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करने की अभ्यस्त हो गई है । हेमंत सरकार को राज्य के विकास से कुछ भी लेना देना नहीं है।

### चिटफंड कंपनी मेक्सिजोन केस : जेल में बंद चंद्रभूषण सिंह और प्रियंका सिंह से ईडी करेगी पूछताछ

**रांची :** चिटफंड कंपनी मेक्सिजोन के डायरेक्टर चंद्रभूषण सिंह और उनकी पत्नी प्रियंका सिंह को मंगलवार को रांची स्थित PMLA विशेष कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। दोनों आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में बंद हैं। इस दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से अदालत में आवेदन देकर दोनों आरोपियों से रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति मांगी गई। ईडी के आवेदन पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी दंपती से पूछताछ की अनुमति दे दी। मंगलवार को चंद्रभूषण सिंह और प्रियंका सिंह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से PMLA विशेष कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। ईडी ने चिटफंड कंपनी के जरिए करोड़ों रुपये की ठगी से जुड़े मामले की जांच अपने हाथ में लेते हुए कांड संख्या 9/2025 दर्ज की है। इस मामले में दिसंबर महीने में एजेंसी ने कई ठिकानों पर छापेमारी भी की थी। गौरतलब है कि मेक्सिजोन कंपनी के निदेशक चंद्रभूषण सिंह और उनकी पत्नी प्रियंका सिंह के खिलाफ ठगी के मामलों में देश के पांच राज्यों में प्राथमिकी दर्ज है। झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक के विभिन्न थानों में इस चिटफंड कंपनी के खिलाफ केस दर्ज किए गए हैं। जांच में सामने आया है कि मेक्सिजोन चिटफंड कंपनी के रूप में पंजीकृत नहीं थी। यह कंपनी Maxizone Touch Private Limited के नाम से रजिस्टर्ड थी, जिसका आधिकारिक काम मार्केटिंग बताया गया था। लेकिन कंपनी ने अवैध तरीके से लोगों से निवेश कराना शुरू कर दिया और कम समय में अधिक रिटर्न देने का लालच दिया।

# डीपीएस बोकारो को हैदराबाद में मिला 'ईटी टेक ट्रेलब्लेजर स्कूल ऑफ द ईयर' सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** शिक्षा में नवाचार एवं उत्कृष्टता के नित्य नए आयाम गढ़ने के प्रयासों की कड़ी में डीपीएस बोकारो को एक और अहम उपलब्धि मिली है। विद्यालय को हैदराबाद में ईटी टेक ट्रेलब्लेजर स्कूल ऑफ द ईयर 2025-26 के सम्मान से नवाजा गया है। हैदराबाद स्थित हाइटेक्स एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित छठे ईटी टेक एक्स-एजुकेशन एंड ट्रेनिंग रिसोर्सेस एंड टेक एक्सपो 2025 के दौरान विद्यालय को नवाचार एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के अन्य मापदंडों के तहत यह गौरव प्राप्त हुआ। विद्यालय को झारखंड के सर्वश्रेष्ठ पांच सीबीएसई विद्यालयों में से एक के तौर पर पुरस्कृत करते हुए तेलंगाना सरकार के मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी तथा सीबीएसई के प्रशिक्षण एवं कौशल शिक्षा निदेशक डॉ. विश्वजीत साहा सहित देशभर के प्रमुख शिक्षाविदों व गणमान्यजनों की मौजूदगी में सम्मानित किया गया। डीपीएस बोकारो को विशेष रूप से एक अग्रणी संस्थान के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और निरंतरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित आधारित शिक्षा को प्रभावी ढंग से लागू करने, अनुभवात्मक अधिगम को प्रोत्साहन, सर्वश्रेष्ठ आधारभूत संरचनाओं, अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय सुविधाओं तथा पर्यावरण के प्रति स्कूल की सजगता और हरित पहल के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान मिला। मंगलवार को विद्यालय में आयोजित एक विशेष एसेंबली में जैसे ही इस सम्मान की घोषणा हुई, पूरा वातावरण उत्साह से भर गया और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विद्यालय के वरीय उपप्राचार्य अंजनी भूषण एवं उपप्राचार्या शालिनी शर्मा ने यह सम्मान विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार को सुपुर्द किया। प्राचार्य डॉ. गंगवार ने इस उपलब्धि को पूरे डीपीएस बोकारो परिवार के सम्मिलित प्रयासों और परिश्रम का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान हमारी टीम की कड़ी मेहनत और विद्यार्थियों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह केवल एक पुरस्कार नहीं है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति हमारे समर्पण का परिचायक है। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों सहित पूरे विद्यालय परिवार को बधाई दी तथा इसी प्रकार कड़ी मेहनत और अच्छे कार्य लगातार जारी रखते हुए विद्यालय को नई उपलब्धियां दिलाते रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो का यह राष्ट्रीय सम्मान न केवल विद्यालय, अपितु पूरे बोकारो जिला व झारखंड राज्य के लिए गर्व का विषय है।



## डीएवी सेक्टर 4 विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी हेतु मूल्यांकन कार्यशाला का आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** साइंस फॉर सोसाइटी एवं विज्ञान जागरण समिति, झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के सफल संचालन हेतु डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल, सेक्टर-4 में एक मूल्यांकन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ० एम० पी० नायक, वरिष्ठ परियोजना समन्वयक, साइंस फॉर सोसाइटी ने समाज में विज्ञान की भूमिका एवं विज्ञान के मूल्यांकन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं राजेन्द्र कुमार, महासचिव, साइंस फॉर सोसाइटी, बोकारो ने विद्यार्थियों के भीतर वैज्ञानिक सोच को विकसित करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। गौरतलब है कि गुरुवार को आयोजित होने वाली इस जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में पूरे जिले से 100 से अधिक प्रस्तुतियों की की संलग्नता रहेगी। प्रदर्शनी में विद्यार्थी निम्नलिखित तीन विषय-वस्तुओं पर अपने नवाचार-आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे। पहला- इन्नोवेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फॉर द बेनिफिट ऑफ सोसाइटी। दूसरा- स्मार्ट सॉल्यूशन टू रिड्यूस कार्बन फुटप्रिंट एंड प्रोटेक्ट ऑवर प्लेनेट एवं तीसरा - टेक्नोलॉजिकल इन्वेंशन फॉर हेल्थ।

## रोटरी द्वारा निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर ने बताया कि जनसामान्य एवं समाज के कमजोर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण नेत्र सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोटरी क्लब चास द्वारा मंगलवार को रोटरी भवन, चीरा चास में प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग्य नेत्र विशेषज्ञ डॉ मेहराब आलम, डॉ राजेश कुमार, डॉ ओरोफील और उनकी टीम द्वारा मोतियाबिंद की जाँच, परामर्श किया गया। शिविर में आने वाले सभी मरीजों की जाँच की गई। ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को चंदनक्यारी स्थित ममता मूर्ति नेत्रालय में जाने की



व्यवस्था पूर्णतः निशुल्क उपलब्ध कराया गयी। इसके पूर्व स्थानीय विधायक श्वेता सिंह ने फिता काटकर एवं दीप प्रज्वलित करके उद्घाटन किया उद्घाटन करते हुए कहा कि रोटरी क्लब चास किया मानवीय पहल अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम के संयोजक मुकेश अग्रवाल ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद मरीजों को नेत्र रोगों से राहत प्रदान करना तथा अंधत्व रोकथाम के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। रोटरी क्लब चास की सचिव श्वेता रस्तोगी ने बताया कि आज जांच शिविर में 40 लोगों की स्क्रीनिंग की गई तथा 7 लोगो को ऑपरेशन के लिए उपयुक्त पाया गया। श्वेता ने बताया की सभी 7 लोगों को चंदनक्यारी स्थित ममता मूर्ति अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। अगले दिन सभी लाभार्थियों को अस्पताल से विमुक्त कर दिया जाएगा।

## चंद्रवंशी विकास मंच की बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा कोर कमिटी की बैठक सोमवार रात्रि मंच के संरक्षक जय प्रकाश राम, प्रवीण चंद्रा की उपस्थिति एवं मंच अध्यक्ष चंद्रवंशी दीपक नवीन की अध्यक्षता व मंच सचिव चंद्रवंशी महेश भारती के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में सर्व प्रथम विगत दिनों देवघर में हुई रोड एक्सीडेंट में पीड़ित परिवार के लोगों के साथ सहानभूति प्रकट करते हुए दुःख व्यक्त किया गया। लेकिन वही देखा जा रहा है कि पीड़ित परिवार के लोगों के द्वारा असामाजिक तत्त्वों के सहयोग से निर्दोष राहुल चंद्रवंशी को दोषी करार देते हुए पूरे चंद्रवंशी समाज को गाली देना दुर्भाग्यपूर्ण है ।उसका बयान को बीजेपी झारखंड के ऑफिसियल फेसबुक पेज पर जिस तरह से पोस्ट को डाला गया है उससे पूरा चंद्रवंशी समाज आहत है जो की कही न कही उनके सामंत वादी सोच को दिखाता है ।साथ ही बीजेपी झारखंड पेज पर चंद्रवंशी समाज को गाली देने एवं अभद्रता पूर्ण टिप्पणी का चंद्रवंशी समाज घोर निंदा करता है। मंच भाजपा झारखंड से मांग करता है कि इस तरह के चल रहे वीडियो को तुरंत हटाए ।नहीं तो भाजपा को आने वाले समय में इसका खामियाजा भुगतना होगा। वही देवघर निवासी राहुल चंद्रवंशी के साथ मजबूती से चंद्रवंशी विकास मंच खड़ा रहेगी ,यह संकल्प भी लिया गया। वहीं बैठक में मंच का विगत कार्यों व तीन साल का सफल कार्यकाल का समीक्षा करते हुए हिसाब किताब दिया गया जिसे सबों ने सर्वसम्मति से समर्थन करते हुए पुनः नई कमिटी का गठन एवं कमिटी विस्तार को लेकर 4 जनवरी 2026 को मंच अध्यक्ष चंद्रवंशी दीपक कुमार नवीन जी के आवास पर विस्तारित बैठक कर नई कमिटी का गठन किया जायेगा। वही बैठक में महसूस किया गया कि समाज को समाज की जरूरत है। और हर व्यक्ति को समाज से जोड़े रखना है।इसलिए नई कमिटी में पुराने सभी सदस्यों के अलावा नए सदस्यों को जोड़ते हुए कमिटी का विस्तार करने का निर्णय लिया गया ।बैठक में सह सचिव संतोष चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष रवि राम, कोषाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, मीडिया प्रभारी चंद्रवंशी दीपक सिंह, अनिल राम,मुकेश राम,मनोज राम आदि सदस्यों ने भाग लिया।



## खान सर के स्टाइल में पढ़ाते हैं यहां के शिक्षक देवनारायण कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** अभी तक हम लोग पटना के खान सर की चर्चा पूरे झारखंड-बिहार में सुनते थे। जैसे खान सर पटना के गांधी मैदान और गंगा घाट के किनारे बच्चों का टेस्ट लेते हैं उसी प्रकार से यहां के फॉउंडजेन मैथेमेटिक्स क्लासेज के शिक्षक देवनारायण कुमार भी यहां के बच्चों का खुले मैदान में टेस्ट का आयोजन करते हैं, खुले मैदान में पढ़ने की व्यवस्था करते हैं। आज इसी के क्रम में उनके द्वारा स्थानीय सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में लगभग 500 विद्यार्थियों का मैथ से रिलेटेड टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को दूर-दूर पर बैठा करके उनका मैथ का टेस्ट लिया जा रहा है। जब शिक्षक देवनारायण कुमार से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि विद्यालय के कमरों में बच्चे टेस्ट देते समय एक दूसरे से चोरी करते हैं। इसलिए हमने खुले मैदान में उनका टेस्ट लिया ताकि एक दूसरे से दूर बैठकर विद्यार्थी अपने टेस्ट को लिखें और आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि मैं 17 वर्षों से इस सेवा से जुड़ा हुआ हूं। और हमने कई इंजीनियर और अच्छे-अच्छे पोस्ट पर विद्यार्थियों को भेजा है। गत वर्ष हमारा विद्यार्थी टॉपर भी रहा है। आगे उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि इस बार के परीक्षा में लगभग 100 विद्यार्थी 90+ में जाएं। बताते चले की इस प्रकार का आयोजन उनके द्वारा निःशुल्क किया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर अन्य कोचिंग संस्थान या विद्यालय के बच्चे भी इस टेस्ट में भाग लेना चाहते हैं तो वह भी हमसे जुड़कर निःशुल्क टेस्ट दे सकते हैं।



## जयनगर प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर :** प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अंजू देवी ने की, जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में उप-प्रमुख राजनारायण सिंह, पंचायत समिति सदस्य, विभिन्न ग्राम पंचायतों के मुखिया, जनप्रतिनिधि तथा सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत में पूर्व बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई, जिसके पश्चात सभी विभागों की क्रमवार समीक्षा की गई। प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बिजली विभाग की समीक्षा के दौरान यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया कि प्रखंड के कई क्षेत्रों में विद्युत तार झूले हुए हैं, जिससे जान-माल की क्षति की आशंका बनी रहती है। विशेषकर बड़े वाहनों के आवागमन के दौरान लोगों के घरेलू कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। इस पर विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया कि ऐसे सभी स्थानों की शीघ्र पहचान कर तारों को व्यवस्थित कराया जाए, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि जिन विद्यालयों में कंप्यूटर की व्यवस्था की गई है, उनमें से कुछ विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। इस कारण संसाधन होने के बावजूद विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस विषय पर संबंधित विभाग को आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए गए। बैंकिंग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए ठढउक मैपिंग, आधार सीडिंग, e-KYC एवं DBT भुगतान से संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान पर जोर दिया गया। साथ ही बैंकिंग सेवाओं में आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान न करने, सरल एवं सुगम प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह मांग भी रखी गई कि बैंक ऑफ इंडिया जयनगर एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जयनगर शाखाओं में पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण आम लोगों को असुविधा होती है, इसलिए इन शाखाओं को किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किए जाने पर विचार किया जाए। बैठक में KTPS के CSR फंड को लेकर भी चर्चा हुई। मांग की गई कि उरफमद की राशि का उपयोग विस्थापित गांवों के विकास कार्यों में किया जाए तथा उरफसे संबंधित बैठकों में स्थानीय मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्यों सहित जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना , स्वच्छता, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, खरछढर एवं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी योजनाओं की भी समीक्षा की गई। सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में प्रखंड प्रमुख अंजू देवी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनसमस्याओं के समाधान एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।




## एक नजर

### चंदवारा थाना के 16वें थाना प्रभारी बने शशि भूषण कुमार



**चंदवारा/कोडरमा :** कोडरमा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के द्वारा विभागीय स्थानांतरण आदेश पारित कर पुलिस अवर निरीक्षक शशि भूषण कुमार को चंदवारा का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। बीते सोमवार को समय 2:30 बजे निवर्तमान थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार से अवर पुलिस निरीक्षक शशि भूषण कुमार प्रभार लेकर थाना में 16 वें थाना प्रभारी के रूप में योगदान कर लिया। बता दे की इससे पहले वें नवलशाही थाना के थाना प्रभारी रह चुके हैं। नवलशाही थाना प्रभारी रहते हुए उन्होंने कई बड़े अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाया है। दुर्गा पूजा के समय बड़े गिरोह का पदार्फाश करते हुए उनके पास से कई तरह के कीमती सामान बरामद भी किया था, जिसके चलते पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया है। जिला क्षेत्र में कभी भी विधि व्यवस्था खराब होती है तो सबसे पहले पुलिस अवर निरीक्षक शशि भूषण कुमार को विधि व्यवस्था के संतुलन व सुचारू कायम के लिए उन्हें भेजा जाता है। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार ने बताया की क्षेत्र में अपराध नियंत्रण पर मेरी पहली प्राथमिकता होगी क्षेत्र के आम जनों को अगर किसी तरह कोई भी परेशानी होती है तो वह सीधे मेरे मोबाइल पर संपर्क कर सकते हैं। अवैध उत्खनन, अवैध अंग्रेजी शराब, महुआ शराब से जुड़े लोगों पर मेरी नजर रहेगी।

### अजमेर शरीफ दरगाह की जियारत के लिए सैकड़ों जायरीन हुए रवाना




**मरकच्चो :** मरकच्चो प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से मंगलवार को अजमेर शरीफ हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अलेह के उर्शे पाक के मौके पर उनके जियारत को लेकर सैंकडों जायरिन अजमेर शरीफ के लिए रवाना हुवे। जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के ग्राम देवीपुर, मंझलानगर, नावाडीह, मुर्कमनाय ,तथा क्षेत्र के घोड़थम्बा, लालबाजार समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से अपने निजी वाहनों से सैंकड़ों जायरिन अजमेर शरीफ के दरगाह शरीफ के चौखट चूमने व उनके जियारत के लिए रवाना हो गए। जायरिनों ने बताया कि अजमेर शरीफ दरगाह पहुंचने से पहले बिहार शरीफ दरगाह, राजगीर दरगाह शरीफ, कछोछा शरीफ, देवा शरीफ, बेहराज शरीफ, होते हुए अजमेर शरीफ दरगाह पर पहुंचकर छ:रज्जबुलमुरजब को सभी जायरिन हाजरी लगाने के साथ चादरपोशी फातेहा खानी मे शिर्कत होकर अपने देश व दुनिया की अमन व चैन व तरक्की तथा मगफिरत की दुवाएं मांगेंगे।

### बोकारो के गणेश वेंकटेश झारखंड हैंडबॉल टीम में चयनित

**बोकारो :** चिनसुरा, हुगली में 15 से 20 दिसंबर तक आयोजित 54 वें सीनियर नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व बोकारो के गणेश वेंकटेश करेंगे। बोकारो हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव आई अहमद ने बताया कि कठिन परिश्रम और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर उनका चयन हुआ है। झारखंड टीम रविवार को जमशेदपुर से हुगली रवाना होगी। गणेश के चयन पर बोकारो और झारखंड के खेल जगत में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### मॉडर्न पब्लिक के छात्रों ने किया चिल्ड्रेन पार्क का भ्रमण




**कोडरमा :** झुमरी तिलैया स्तिथ मॉडर्न पब्लिक स्कूल की इकाई मॉडर्न किड्स पैराडाइज के छात्रों ने ब्लॉक मैदान में स्थित चिल्ड्रेन पार्क का शैक्षिक भ्रमण किया। इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था। भ्रमण के दौरान छात्रों ने पार्क की प्राकृतिक सुंदरता, इतिहास और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कई जानकारियाँ प्राप्त कीं। यह यात्रा न केवल उनके ज्ञान में वृद्धि करने का अवसर थी, बल्कि एक आनंदमय अनुभव भी रहा। विद्यालय के प्राचार्य गुरु चरण वर्मा और निदेशिका संगीता शर्मा ने छात्रों को इस यात्रा के लिए अपनी शुभकामनाएँ और आशीर्वाद दिया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षिक भ्रमण उनकी समझ और व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। यह यात्रा सभी छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और मनोरंजक रही। इस भ्रमण को सफल बनाने में शिक्षिका सुमन, साक्षी, इशिता, ऋतु, आस्था, अंतिमा के अलावा पुरे विद्यालय परिवार की भूमिका सराहनीय रही।

### श्री दिगम्बर जैन विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को श्री कोडरमा गौशाला का शैक्षणिक किया भ्रमण



**कोडरमा :** पानी टंकी स्थित श्री दिगम्बर जैन विद्यालय के 60 छात्र –छात्राओं ने गौशाला का गौशाला के सचिव अरुण मोदी ने बच्चों के सभी प्रश्नों का उत्तर दिया और गौशाला की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। गौशाला के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों ने विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय के बच्चों ने गौशाला में जैविक खाद का निर्माण, दूध का उत्पादन, हरा चारा का उत्पादन, दूध की पैकिंग एवं रखरखाव को देखा और समझा। उन्होंने गौशाला में कार्यरत मशीन जैसे ट्रैक्टर, टोटो, हरा चारा काटने की मशीन के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। शिवांस , नंदनी , पूर्वी , अंश , सिफक, गुडिया , आरोही , सम्राट , आ र व , राधव , शिवासी , शैवी आदि छात्रों ने कई प्रश्न पूछे, जैसे जैविक खाद गौ कास्ट की बिक्री, गौशाला के कार्यरत मशीन, चारा या गौ माता को रखने का भवन का निर्माण, कार्यरत कर्मचारियों का भुगतान आदि। अरुण मोदी ने बच्चों के प्रश्नों का उत्तर दिया और उन्हें गौशाला के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों को मोमेंटो और जैविक खाद देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की ओर से सुप्रिया गौरव, सौम्या जैन , जूही सिंह आदि शिक्षक वहाँ पहुंचे थे। श्री दिगम्बर जैन विद्यालय कमिटि के संयोजक सुनील जैन , पियूष जैन , ईशान जैन , रीता जैन , किरण जैन

### ग्रीजली विद्यालय का खूनी खेल चंदवारा में मासूमों की जान से खिलवाड़

**चंदवारा :** चंदवारा प्रखंड अंतर्गत तिलैया डैम का ग्रीजली विद्यालय शिक्षा का मंदिर है या बारूद का ढेर यह सवाल आज हर अभिभावक की जुबान पर है। आज स्कूल परिसर के अंदर लॉन्ड्री में हुए भीषण बॉयलर ब्लास्ट ने स्कूल के विश्वस्तरीय सुरक्षा के दावों की हवा निकाल दी है। घोर लापरवाही स्कूल प्रशासन के माथे पर कलंक आज लॉन्ड्री पाइप फटने से 3 कर्मचारी लहूलुहान हो गए, लेकिन असली डर यह है कि अगर वहां बच्चे होते तो क्या होता क्या स्कूल प्रशासन हादसे का इंतजार कर रहा था जिस लॉन्ड्री/बॉयलर रूम में इतना दबाव था, उसकी मेंटेनेंस आखिरी बार कब हुई थी एक रिहायशी स्कूल में जहां सैकड़ों बच्चे रहते हैं, वहां इतना खतरनाक उपकरण फटने की कगार पर कैसे पहुंच गया बाल–बाल बचे नौनिहाल, जिम्मेदार कौन प्रबंधन इसे हादसा बताकर पल्ला झाड़ सकता है, लेकिन यह साफ तौर पर आपराधिक लापरवाही है। भगवान का शुक्र है कि छात्र क्लास में थे, वरना आज ग्रीजली विद्यालय के प्रांगण में मातम पसर सकता था। अभिभावकों का फूटा गुस्सा : महंगी फीस वसूलने वाला यह विद्यालय सुरक्षा के नाम पर 'जीरो' साबित हो रहा है। अभिभावकों का कहना है कि जब स्टाफ ही सुरक्षित नहीं है, तो हमारे बच्चे कैसे सुरक्षित रहेंगे सवालों के घेरे में ग्रीजली : क्या लॉन्ड्री के उपकरणों का सेफ्टी ऑडिट हुआ था घायल कर्मचारियों की हालत का जिम्मेदार कौन क्या प्रशासन इस मामले को भी रफा–दफा करने की फिराक में है। जनता की मांग : जिला प्रशासन तुरंत स्कूल की उच्च–स्तरीय जांच कराए और दोषी प्रबंधन पर FIR दर्ज हो। बच्चों की जान से खेलने वालों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

### दोस्त ही बना कातिलों का मोहरा, नशे में धुत जयंत की बेरहमी से हत्या



**बोकारो :** हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर–8 में रहने वाले जयंत सिंह के अपहरण–हत्या कांड ने पुलिस जांच में सनसनीखेज मोड़ ले लिया है। जयंत का भरोसेमंद दोस्त वरुण कुमार उर्फ वरुण पासवान ही साजिश का मुख्य मोहरा निकला, जिसने शराब पिलाकर उसे कातिलों के हवाले कर दिया। मास्टरमाइंड बिनोद कुमार उर्फ बिनोद खोपड़ी समेत छह आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस के मुताबिक, वरुण ने साजिश रचकर जयंत को घर से बाहर बुलाया, शराब पिलाई और नशे में धुत होने पर सड़क किनारे बिनोद खोपड़ी के पास पहुंचा दिया। इसके बाद आरोपियों ने डंडों से जयंत की बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी और शव को गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र की जलेबिया घाटी में फेंक दिया। हत्या के बाद वरुण ने चालाकी दिखाते हुए मृतक की पत्नी अमृता सिंह को थाने ले जाकर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई और तीन दिन बाद एसपी कार्यालय में भी शिकायत की, ताकि शक की किरण भी न पड़े। 11 दिसंबर को दर्ज प्राथमिकी के बाद एसपी बोकारो के निर्देश पर नगर डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने तकनीकी साक्ष्यों और परिस्थितिजन्य प्रमाणों से कांड का पदार्फाश किया। पुलिस ने बिनोद खोपड़ी समेत छहों आरोपियों को गिरफ्तार कर एक ऑल्टो कार, दो मोबाइल फोन और चार लाठियां बरामद की हैं। फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी तेज कर दी गई है। गिरफ्तार आरोपी :बिनोद कुमार उर्फ बिनोद खोपड़ी मनोज कुमार उर्फ लुसी संजय कुमार उर्फ संजय डोम आनंद कुमार वरुण कुमार उर्फ वरुण पासवान संजय सिंह उर्फ कडा मास्टरमाइंड बिनोद खोपड़ी के खिलाफ विभिन्न थानों में 19 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## एक नजर

### अगहन संक्रांति पर खेलगांव लगाम में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत खेलगांव लगाम में आज दिनांक 16 दिसंबर को अगहन संक्रांति के शुभ अवसर पर सिल्ली स्पोर्ट्स अकादमी के तत्वावधान में एकदिवसीय फुटबॉल एवं क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में बिनोद ब्रदर्स की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि महादानी बिसरिया की टीम उपविजेता रही। वहीं क्रिकेट टूर्नामेंट में बोकोद 11 की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया, जबकि एकरा की टीम उपविजेता रही।

# राजदाह धाम, प्रकृति और आस्था का अनुपम संगम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** गिरिडीह जिले में सरिया प्रखंड के सबलपुर पंचायत क्षेत्र में बसा राजदाह धाम एक ऐसा दिव्य स्थल है, जहां प्रकृति की अनुपम सुंदरता और धार्मिक आस्था का अनोखा मिलन होता है। यह जगह न केवल एक तीर्थ स्थल है, बल्कि पर्यटकों के लिए भी एक आकर्षण का केंद्र बन चुकी है। उत्तरवाहिनी बराकर नदी के किनारे घने जंगलों और विशाल चट्टानों से घिरा यह धाम देखते ही मन को मोह लेता है। यहां की शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा ऐसी है कि जो कोई एक बार यहां आता है, वह बार-बार लौटने को मजबूर हो जाता है। राजदाह धाम की यात्रा की शुरूआत विक्रम संवत 1995 से मानी जाती है। सरिया प्रखंड के बागोडीह गांव के निवासी दीप नारायण दास, जिन्हें तपस्वी मौनी बाबा के नाम से जाना जाता है, ने इस स्थल को विकसित करने में अहम भूमिका निभाई।



तपस्वी मौनी बाबा की तपस्या और प्रयासों से यह जगह धीरे-धीरे एक प्रमुख धार्मिक केंद्र बन गई। प्राचीन शिव मंदिरों की मौजूदगी इस स्थल की प्राचीनता की गवाही देती है। तपस्वी मौनी बाबा का मंदिर यहां की मुख्य आकर्षण है, जहां साल भर श्रद्धालु उनकी समाधि और आशीर्वाद के लिए आते हैं। यह धाम अब तपस्वी मौनी बाबा राजदाह धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित होता है, जो यहां की देखभाल और विकास का कार्य करता है। राजदाह धाम की सबसे बड़ी विशेषता उसकी नैसर्गिक सुंदरता है। बराकर नदी यहां उत्तर दिशा की ओर बहती है, जो हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र मानी जाती है। नदी के किनारे बिखरे विशाल पत्थर और चट्टानें, घने साल के जंगल और हरी-भरी वादियां इसे स्वर्ग का एहसास कराती हैं। वन विभाग द्वारा विकसित खूबसूरत पार्क ने इस स्थल को और अधिक आकर्षक बना दिया है। यहां की हवा में एक अलग तरह की शांति है, जो शहर की भागदौड़ से थके लोगों को सुकून देती है। दिसंबर से जनवरी तक यहां पिकनिक मनाने वालों की भीड़ उमड़ पड़ती है। परिवार और दोस्तों के साथ नदी किनारे बैठकर समय बिताना, पार्क में घूमना या चट्टानों पर चढ़कर प्रकृति का नजारा देखना सब कुछ यहां उपलब्ध है। यहां कई बंगाली, भोजपुरी और खोरठा गानों की शूटिंग भी हो चुकी है, जो इसकी फिल्मी लोकप्रियता को दशार्ता है। यह धाम मुख्य रूप से शिव भक्तों का केंद्र है। यहां कई प्राचीन शिव मंदिर हैं, जहां भगवान शिव की पूजा होती है। संत मौनी बाबा का मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। उत्तरवाहिनी नदी में स्नान का विशेष महत्व है, खासकर कार्तिक पूर्णिमा और श्राद्ध के दिनों में। इन अवसरों पर दूर-दूर से लोग आकर पवित्र डुबकी लगाते हैं और पितरों का श्राद्ध करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा पर यहां आस्था का जनसैलाब उमड़ता है। हजारों श्रद्धालु नदी में स्नान कर मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हैं। शिवरात्रि और अन्य त्योहारों पर भी यहां विशेष आयोजन होते हैं। राजदह धाम में धर्मशाला, छोटे होटल जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो आने वाले यात्रियो को घर जैसा अहसास कराती है। राजदाह धाम सरिया बाजार से मात्र 5-6 किलोमीटर दूर है। निकटतम रेलवे स्टेशन हजारीबाग रोड है, जो यहां से लगभग 5 किलोमीटर दूर है। स्टेशन से ऑटो या टेम्पो से आसानी से पहुंचा जा सकता है। सड़क मार्ग से भी अच्छी कनेक्टिविटी है।अगर आप प्रकृति की गोद में आस्था की अनुभूति करना चाहते हैं, तो राजदाह धाम आपके लिए परफेक्ट जगह है। यहां की शांति, सुंदरता और दिव्यता आपको जीवन भर याद रहेगी। एक बार जरूर आएं झ और देखिए, आप खुद बार-बार लौटना चाहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### परीक्षा में सफलता के लिए करे कड़ी मेहनत : चंद्रशेखर



**पटमदा :** राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय, पटमदा में मंगलवार को शिक्षकझ्अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच संवाद स्थापित कर विद्यार्थियों के शैक्षणिक, नैतिक एवं सर्वांगीण विकास को सुदृढ़ करना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. राजेंद्र कुमार दास, अंचल पदाधिकारी, पटमदा उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता के साथ हुआ। विद्यालय के बैंड क्लब द्वारा बैंड बाजा प्रस्तुत कर वातावरण को उत्साहपूर्ण बनाया गया। तत्पश्चात बाल संसद के छात्र-छात्राओं द्वारा अतिथियों एवं अभिभावकों का पुष्पगुच्छ, तिलक एवं स्वागत गीत के माध्यम से पारंपरिक स्वागत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें शकुंतला सिंह, सोनाली सिंह, मानपा दास, सुप्रिया ओझा, शोभा बाला मंडल एवं पूर्णिमा दास की सराहनीय सहभागिता रही। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए शिक्षकझ्अभिभावक संगोष्ठी की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यालय के समन्वय को अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम का मंच संचालन अनीता मुर्मू एवं अल्पा रोशनी बाखला द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेंद्र कुमार दास ने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन एवं निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित किया तथा अभिभावकों से प्रत्येक माह विद्यालय आकर बच्चों की प्रगति की समीक्षा करने का अनुरोध किया। विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू ने बच्चों के संबोधन में कहा कि छात्र छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में हर परिस्थिति में सहयोग करने को तत्पर रहता हूं।

## आज से नहीं बजेगी शहनाइयां, सभी मांगलिक कार्य रहेंगे बंद , 14 जनवरी तक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**इटखोरी :** मां भद्रकाली मंदिर पुजारी ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा बताते हैं 16 दिसम्बर के दोपहर 01:50 से 14 जनवरी की रात्रि 09:38 तक मांगलिक कार्य पर पूर्ण रूप से पाबन्दी रहेगा चुकी ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब सूर्यदेव देवगुरु बृहस्पति के मूल त्रिकोण राशि धनु राशि में प्रवेश करते हैं, तभी खरमास की शुरूआत होती है और धनु संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है. इस समय सूर्य देव की गति कम प्रभावशाली मानी जाती है और यही वजह है कि खरमास के दौरान मांगलिक कार्य करने की मनाही होती है। खरमास के बीच न करें ये काम:---खरमास में शादी-विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण, मुंडन, अन्नप्राशन और वास्तु पूजा जैसी सभी मांगलिक कार्य वर्जित माने गए हैं. मान्यता है कि इस समय ऐसा करने से जीवन में बाधाएं और नकारात्मक प्रभाव बढ़ सकते हैं. इसलिए खरमास में कोई भी मांगलिक आयोजन टाल देना चाहिए। पूजा पाठ की नहीं है मनाही:---खरमास में पूजा-पाठ यज्ञ अनुष्ठान मन्त्र जप आदि से कई गुना लाभ प्राप्त होता है इसी लिए पूजा पाठ खूब करनी चाहिए। पौराणिक कथा:---पौराणिक ग्रंथों के अनुसार खरमास की कहानी कुछ यूं है। भगवान सूर्यदेव 7 घोड़ों के रथ पर सवार होकर लगातार ब्रह्मांड की परिक्रमा करते रहते हैं।

## डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली में प्रथम पुस्तक मेला आयोजित

**सिल्ली :** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली द्वारा 18 से 20 दिसंबर 2025 तक विद्यालय परिसर में प्रथम पुस्तक मेला आयोजित किया जा रहा है। यह मेला प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्था स्कोलास्टिक इंडिया द्वारा आयोजित किया जा रहा है। पुस्तक मेले का उद्घाटन समारोह 18 दिसंबर 2025 को प्रातः 11:30 बजे आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिल कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सिल्ली उपस्थित रहेंगे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ेगी। तीन दिनों तक चलने वाला यह पुस्तक मेला प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक खुला रहेगा। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बी. शरण ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह विशेष रूप से विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है।

## तुंगबुरू में दो दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का समापन पूजा स्पॉटिंग विजेता



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के जोडसा पंचायत के तुंगबुरु स्टेडियम में बाबा तिलका माझी उतनाव गांवता तुंगबुरू कमिटी द्वारा दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस दौरान मंगलवार को फाइनल मैच पूजा स्पॉटिंग लावजोड़ा और हितेश स्पॉटिंग पटमदा के बीच हुआ। जिसमें पूजा स्पॉटिंग लावजोड़ा विजेता रही। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू के हाथों विजेता टीम पूजा स्पॉटिंग लावजोड़ा को नकद चालीस हजार देकर पुरस्कृत किया गया। वही दूसरा पुरस्कार तीस हजार हितेश स्पॉटिंग पटमदा,तृतीय पुरस्कार ए आई एस सी रांगामाटिया,चतुर्थ पुरस्कार जावाई स्पॉटिंग को बीस बीस हजार नकद देकर पुरस्कृत किया गया। मंच में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू,पार्षद प्रदीप बेसरा,पंचानन दास, सिजेन हेंब्रम,कमिटी के अध्यक्ष धीरेन्द्र नाथ टुडू,सचिव छुटू लाल माझी,पंचानन माण्डी ,लम्बोदर माण्डी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति दौरे को लेकर समीक्षा बैठक

**सरायकेला :** महामहिम राष्ट्रपति महोदया के प्रस्तावित एनआईटी जमशेदपुर आगमन के मद्देनजर कार्यक्रम की तैयारियों एवं विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर मंगलवार को आएडा सभागार में उपायुक्त, सरायकेला-खरसावाँ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development and Housing Department**
**Directorate of Municipal Administration**
Telephone: 0651&2401955. Fax: 2401182, E-mail: director.ma.goj@gmail.com

**Tender Notice No. :- 05** **Date : 15-12-2025**

**Tender Notice for Hiring of Vehicles**

Sealed tenders are invited from registered Travel Agencies for **Supplying different types of vehicles on monthly/daily hiring basis** for local and out-station tours for Directorate of Municipal Administration, UD&HD, Govt. of Jharkhand initially for a period of one year. Details regarding eligibility criteria, terms and conditions and the formats for submission of tender (Technical and Financial separate envelope) are mentioned in the tender document which may be downloaded from the website **https://udhd.jharkhand.gov.in/Other/TendersNew.aspx** Interested travel agencies may submit their tenders in a sealed envelope super-scribing on the top of the envelope as "**Tender for Hiring of vehicles for DMA in reference to Tender Notice No. .......... Date.........**".

The tenders should reach the office of the undersigned by 31.12.2025 till 03.00 PM by Registered Post/Speed Post/Courier/Physically by Hand. The undersigned reserves the right to reject any or all the tenders without assigning any reason thereof.

Sd/-
**Director,**
**Directorate of Municipal Administration**

PR 368670 (Urban Development and Housing) 25-26 (D)


# इलेक्ट्रो होम्योपैथिक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक संघ के तत्वाधान में इलेक्ट्रो होमियोपैथिक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन डॉ ए पी सिंह के द्वारा सुंदर कुंज लॉज सिल्ली में मंगलवार के दिन किया गया। इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 56 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जाँच करवाया। चिकित्सा शिविर में आए लोगों को डॉ ए पी सिंह ने अपने हाथों से दवाएं दीं और उनका स्वास्थ्य जांच किया। इस अवसर पर डॉ ए पी सिंह ने कहा कि ऐसे शिविरों का आयोजन समय-समय पर किया जाना चाहिए,



जिससे गरीब और जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। चिकित्सा शिविर को सफल आयोजन में नगेन्द्र नाथ गोस्वामी, रतन लाल महतो, भगवत सोनार, निर्मल चंद्र महतो, गणेश प्रसाद साहू, अनंत दास गोस्वामी, भुवनेश्वर प्रसाद साहू, राजेंद्र प्रसाद साय, नरेंद्र दत्त उपाध्याय, सुशील कोइरी, बंशीधर महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक संघ के सदस्यों ने डॉ ए पी सिंह को सम्मानित किया और उनका आभार व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री कृषि समृद्धि योजना के तहत किसानों को मिला सोलर पंप



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड परिसर में कृषि विभाग एवं आत्मा के द्वारा प्रखंड के चार लाभुकों हरिहर महंती,नीलमोहन गोराई,प्रभाष गोराई,भूदेव महतो को अतिथियों के हाथों मुख्यमंत्री कृषि समृद्धि योजना के तहत ट्राली युक्त सोलर पंप सौंपा गया इस दौरान मुख्य रूप से पार्षद खगेन महतो, मुखिया जमीनी बेसरा, बीएओ देव कुमार, एटीएम सालेगे सोरेन,बीटीएम जितेंद्र रूहिदास सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## अगहन संक्रांति पर पितकी में फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**ईचागढ़ :** नीमडीह प्रखंड के लुपुंगडीह पंचायत अंतर्गत पितकी गांव में नव युवक समिति द्वारा अगहन संक्रांति के उपलक्ष्य में मंगलवार को एक दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता में मनोज स्पोर्टिंग ने टोल प्लाजा तेंतलो को हराकर विजेता बना। वहीं बाना एवं टेंगाडीह टीम को तृतीय एवं चतुर्थ स्थान पर ही संतुष्ट होना पड़ा। कमेटी द्वारा प्रथम विजेता टीम को 30 हजार, द्वितीय उप विजेता टीम को 20 हजार, तृतीय व चतुर्थ स्थान पाने वाले टीमों को 15-15 हजार रुपए देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान नीमडीह के पूर्व जिप सदस्य अनिता पारित ने कहा कि नवयुवक समिति पितकी के द्वारा प्रतिवर्ष अग्रहायण संक्रांति के अवसर पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। यह प्रतियोगिता पूरे इचागढ़ विधान सभा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे सरायकेला जिला व पश्चिम बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को खेल का इंतजार रहती है। उन्होंने कहा कि हमारे सुदुरवर्ती गांवों में भी खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार को भी खेल के क्षेत्र में ओर अधिक सकारात्मक पहल करने की जरूरत है, ताकि खेल के माध्यम से भी युवा अपने कैरियर को बना सके ।इस अवसर पर विधायक के भाई संजय महतो, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष सचिन गोप, धरमू गोप, गौरीशंकर सिंह, विश्वनाथ गोप आदि उपस्थित थे।

## सांसद खेल महोत्सव के तहत तीरंदाजी खेल का आयोजन किया गया

**सिल्ली :** बिरसा मुंडा तीरंदाजी केंद्र सिल्ली में सांसद खेल महोत्सव के तहत तीरंदाजी खेल का आयोजन रांची लोकसभा के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर किया गया। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि खेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को निखरना है उन्होंने आगे कहा कि सरकार खेल के क्षेत्र में खिलाड़ियों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है ताकि अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सके ।इस खेल महोत्सव में बिरसा मुंडा तीरंदाजी के लगभग 50 से 55 खिलाड़ियों ने भाग लिया ।खेल का आयोजन को लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा गया। खेल की शुरूआत में प्रतिनिधि के रूप में भारतीय जनता पार्टी सिल्ली मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया।


**OFFICE OF THE DISTRICT PLANNING OFFICER CHATRA.**

NOTICE INVITING
(VERY SHORT NOTICE TENDER)
RFP FOR

**SELECTION OF AGENCY FOR RATE CONTRACT OF "DEVELOP GOVERNMENT PRIMARY SCHOOL INTO E-SMART MODEL GOVERNMENT PRIMARY SCHOOLS ACROSS CHATRA" UNDER DMFT OF DISTRICT PLANNING OFFICER, CHATRA, GOVT. OF JHARKHAND**

RFP NO-490 DATE:13/12/2025

DISTRICT PLANNING OFFICER, CHATRA, GOVT. OF JHARKHAND INTENDS FOR RATE CONTRACT TO DEVELOP GOVERNMENT PRIMARY SCHOOL INTO E-SMART MODEL GOVERNMENT PRIMARY SCHOOLS ACROSS CHATRA. THE LINE DEPARTMENT INTENDS TO SELECT WELL-KNOWN AGENCIES TO PARTICIPATE IN THE BIDDING PROCESS. THE MAIN PURPOSE OF PROCUREMENT OF THESE ITEMS IS TO DEVELOP GOVERNMENT PRIMARY SCHOOL INTO E-SMART MODEL GOVERNMENT PRIMARY SCHOOLS AND THE USE OF WHICH WOULD ENHANCE THE INTEREST AS WELL AS COMFORT LEVEL OF THE STUDENTS.

THE SELECTED BIDDER WOULD SUPPLY THE ITEMS TO THE DISTRICT PLANNING OFFICER (DPO) IN PROPER PACKAGING. THESE WOULD THEREFORE BE TRANSFERRED SAFELY TO THE RESPECTIVE SCHOOLS. THE ITEMS SUPPLIED SHOULD BE NON-TOXIC, LEAD AND ARSENIC FREE, CHEMICAL FREE AND SAFE FOR THE STUDENTS FOR USE.

THE BID DOCUMENT CAN BE DOWNLOADED FROM THE WEBSITE (https://chatra.nic.in) AND THE RESPONSES FOR THIS REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) SHALL BE DEEMED TO HAVE DONE AFTER CAREFUL STUDY AND EXAMINATION OF THIS DOCUMENT AND FULL UNDERSTANDING OF ITS MODALITIES, PROCESS OF EXECUTION AND ITEMS TO BE DELIVERED. THE BIDS ARE TO BE SUBMITTED, UPLOADED HARD COPY BY HAND OR BY POST (REGISTERED / SPEED) OR BY COURIER ON OR BEFORE THE CLOSING DATE TO THE ADDRESS MENTIONED IN THE DOCUMENT. TECHNICAL BIDS SUBMITTED BY THE BIDDER WILL BE OPENED IN THE PRESENCE OF THE TENDER COMMITTEE MEMBER. DETAILED INFORMATION REGARDING IMPORTANT DATES, ADDRESS FOR SUBMISSION OF BID, MATERIAL SUPPLY LIST (MSL), TOTAL BILL OF MATERIAL (BOM), QUANTITY, DELIVERY LOCATION AND OTHER REQUISITE IS AVAILABLE IN THE INFORMATION FACTSHEET OF THIS BID DOCUMENT.

| | |
|---|---|
| DATE OF ISSUE OF RFP | 13/12/2025 |
| LAST DATE FOR SUBMISSION OF PROPOSAL | DATE: 29/12/2025 TIME: 03:00 PM |
| DATE OF OPENING OF TECHNICAL PROPOSAL | DATE: 31/12/2025 TIME: 04:00 PM |
| DATE OF OPENING OF FINANCIAL PROPOSAL | DATE: 05/01/2026 TIME: 04:00 PM |

DISTRICT PLANNING OFFICER,
CHATRA

PR.NO.368696 Planning and Development(25-26):D



**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग**

**"पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना"**

सरकार के सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड रांची के 17 रा0(वि0) दिनांक 26.08.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत् मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत ग्रामीण स्तर पर युवाओं/महिलाओं को स्वनियोजित कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनुदानित/लाभुक अंशदान पर संचालन हेतु गव्य प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं में शेष लक्ष्य की प्राप्ति हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन भरकर सूचना प्रकाशन की तिथि से 01 सप्ताह के अंदर आमंत्रित किया जाता है :-

योजना का विवरण निम्नवत् है :-

| क्र0 | योजना का नाम | योजना का लागत राशि | लक्ष्य: 50 प्रतिशत अनुदान | लक्ष्य: 75 प्रतिशत अनुदान | लक्ष्य: 90 प्रतिशत अनुदान | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हस्तचालित चैफ कटर | 8000/- | - | 62 | 50 | |
| 2 | विद्युतचालित चैफ कटर | 20000/- | - | 02 | 30 | |
| 3 | मिल्कींग मशीन (4 बकेट) | 120000/- | - | 01 | 01 | |
| 4 | पनीर एवं खोवा मेकिंग यूनिट | 100000/- | - | 01 | 02 | |
| 5 | डीप बोरिंग यूनिट | 100000/- | - | - | 07 | |
| 6 | काउ मैट 6.5"X4' | 5200/- | - | - | 07 | |

लाभुकों का चयन हेतु अर्हता एवं प्रक्रिया निम्न प्रकार है :-

1. पशुपालक झारखण्ड राज्य के हजारीबाग जिला का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
2. ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ ग्राम सभा के द्वारा सुयोग्य लाभुकों का आवेदन सृजन किया जायेगा।
3. पंचायत/ग्राम सभा से सृजित लाभुकों के आवेदन पर प्रखण्ड स्तरीय चयन समिति के अनुशंसा उपरान्त उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदन प्राप्त किया जायगा।
4. जिला स्तरीय चयन समिति से अनुमोदन उपरांत लाभुक अंशदान राशि एक माह के अंदर Escrow Account में जमा करना होगा।
5. सभी योजनाओं का अनुदान राशि DBT के माध्यम से लाभुकों के Escrow Account में हस्तांरित की जायेगी।
6. विगत पाँच वर्षों में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS अन्तर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।

02 गाय की योजना :-
- इस योजना में सिर्फ महिलाओं को आच्छादित किया जाना है।
- 90% के अनुदान की योजना सिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यक्त सभी ग्रामीण महिला को योजना का लाभ दिया जायेगा। (प्रमाण पत्र अनिवार्य)
- 75% के अनुदान की योजना सभी ग्रामीण महिला लाभुकों (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यक्त ग्रामीण महिला को छोड़कर) को योजना का लाभ दिया जायेगा।

05/10 गाय की योजना :-
- 50% के अनुदान की योजना सभी सामान्य वर्ग के महिला-पुरूष/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समितियों के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुड़े को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
- 75% के अनुदान की योजना सभी अनुसूचित जातियों को योजना से आच्छादित किया जाना है। (प्रमाण पत्र अनिवार्य)

अन्य योजनाएं (पशुआहार एवं चारा विकास/प्रगतिशील डेयरी कृषकों की सहायता/तकनीकी इनपुट की योजना) :-
- 75% के अनुदान की योजना सभी सामान्य वर्ग के महिला-पुरूष/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समितियों के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुड़े को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
- 90% के अनुदान की योजना सभी अनुसूचित जातियों को योजना से आच्छादित किया जाना है। (प्रमाण पत्र अनिवार्य)

उपरोक्त योजनाओं के आवेदन करने हेतु आवेदन प्रपत्र संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणील पशु चिकित्सा पदाधिकारी/जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग से प्राप्त करेंगे।

PR.NO.368668 Animal Husbandry(25-26):D जिला गव्य विकास पदाधिकारी, हजारीबाग।


# भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, बलिदान और रणनीतिक कुशलता की याद दिलाता है विजय दिवस : सूरज शर्मा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** विजय दिवस भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, बलिदान और रणनीतिक कुशलता की याद दिलाता है। यह विजय लोकतंत्र, स्वतंत्रता और मानवता की रक्षा के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विजय दिवस हमें उन सैन्यकर्मियों का सम्मान और समर्थन करने की याद दिलाता है, जिनके बलिदान देश की अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखते हैं। ये बातें चिन्मय विद्यालय बोकारो के प्राचार्य सूरज शर्मा ने मंगलवार को कही। श्री शर्मा पूर्व सैनिक सेवा परिषद बोकारो इकाई की ओर से सिटी पार्क के शहीद उद्यान में



आयोजित "विजय दिवस 1971" कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। विजय दिवस पर शहीदों को नमन किया गया। सिटी पार्क के शहीद उद्यान में बोकारो के पूर्व सैनिकों व शहरवासियों ने श्रद्धांजलि दी। भारतमाता की जय... वंदे मातरम्... आदि के उद्घोष से स्टील सिटी बोकारो गूंज उठा। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी : एके सिंह

विशिष्ट अतिथि बीएसएल नगर सेवा विभाग-एलआरए के महाप्रबंधक एके सिंह ने कहा : भारत की 1971 में पाकिस्तान पर प्राप्त सैन्य विजय को हर साल 16 दिसंबर का दिन विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 1971 में आज के दिन भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। भारतीय सेना की वीरता के आगे पाकिस्तान की सेना ने आत्मसमर्पण किया. युद्ध 13 दिन चला था। करीब 93,000 सैनिकों ने सरेंडर किया था। इस संघर्ष ने भारत की सैन्य शक्ति और विश्व शांति के प्रति समर्पण को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों श्री शर्मा व श्री सिंह ने भारत-पाकिस्तान के 1971 युद्ध में शामिल रहे चन्द्रिका तिवारी, श्रीकृष्ण सिंह, बिन्दु पुष्प व चन्द्रेश्वर प्रसाद वर्णवाल को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। सभी पूर्व सैनिकों के प्रति आभार जताया। कहा : ये हमारे देश की शान है। नहीं युद्ध से पीछे हटेगी, ये बेटी हिंदुस्तान की...चिन्मय विद्यालय के नन्हें-मुन्हें ने मोहा मन नहीं युद्ध से पीछे हटेगी, ये बेटी हिंदुस्तान की...देशभक्ति गीत पर प्रस्तुति देकर चिन्मय विद्यालय बोकारो के 20 नन्हें-मुन्हें ने मन मोह लिया।

# सनातन का विरोध ही सेक्युलर राजनीति है?

भारत विभाजन के साथ मिली स्वाधीनता से कोई सबक न लेते हुए भारत की राजनीति आज तक तुष्टिकरण के आधार पर चलती रही है। मुस्लिम वोटबैंक को प्रसन्न करने के लिए बिहार का मुख्यमंत्री रहते तथाकथित समाजवादी लालू प्रसाद यादव ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को जेल में डाल दिया, उससे एक कदम आगे बढ़ते हुए मुलायम सिंह ने निहत्थे रामभक्तों को गोलियों से भुनवा दिया, कांग्रेस साम्प्रदायिक हिंसा बिल ले आई। वो तो भला हो उस समय विपक्ष में होने के बाद भी भाजपा ने इसे पारित होने से बचा लिया। मुस्लिम तुष्टिकरण के कारण ही पाकिस्तान को सटीक उत्तर देने की जगह अमन का तमाशा किया जाता रहा। मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए भारत की सनातन संस्कृति को अनेकानेक प्रकार से चोट पहुंचाई जाती रही। वर्ष 2014 में केन्द्रीय नेतृत्व प्रदान करते हुए नरेन्द्र मोदी ने तुष्टिकरण के कारण सनातन संस्कृति को हुई क्षति की भरपाई के प्रयास शुरू किए। बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद एक बार फिर मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले दल अधिक कटु होकर सनातन हिंदू धर्म पर प्रहार कर रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनकी दो दिवसीय भारत यात्रा के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीमद्भगवद्गीता का रूसी अनुवाद भेंट किया। इसको देखकर कांग्रेस और वामपंथी दलों ने न केवल प्रधानमंत्री वरन श्रीमद्भगवद्गीता के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग करते हुए इसका विरोध किया। कांग्रेसियों ने गीता के लिए मूल शब्द का प्रयोग किया जो एक अक्षम्य अपराध है। वर्ष 2026 में पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव हैं, अतः इन दो प्रान्तों में सनातन प्रतीकों तथा हिन्दू समाज को अपमानित करने का कार्य भी सबसे अधिक और सबसे तेजी से हो रहा है। पश्चिम बंगाल में वहां के तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर ने बाबर के नाम की मस्जिद की आधारशिला रखी और प्रशासन चुपचाप खड़ा रहा क्योंकि इस हरकत को मुख्यमंत्री का मौन समर्थन था। उसकी देखा-देखी बिहार और तेलंगाना में भी कुछ कट्टरपंथी मौलानाओं ने बाबरी नाम की मस्जिद व स्मारक बनाने का ऐलान करके साप्रंदायिक तनाव बढ़ाने का काम आरम्भ कर दिया है। इस बाबरी भूत को वह सभी दल प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से समर्थन दे रहे हैं जिनकी राजनीति मुस्लिम तुष्टिकरण से चलती है और जो संविधान की किताब हाथ में लेकर घूमते हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के मुखिया सपरिवार शौर्य दिवस को सलीम चिश्ती की दरगाह पर चादर चढ़ा कर हिन्दुओं को चिढ़ाते दिखे। सपा मुखिया का तुष्टिकरण में संलिप्त यह कृत्य जनता समझ रही है। सपा मुखिया समय-समय पर ऐसे बयान देते रहते हैं जिससे सनातन हिन्दू समाज आहत हो। महाकुंभ से लेकर लेकर अयोध्या के दीपोत्सव तक उन्होंने हिन्दू परम्पराओं का उपहास करते हुए उन्हें ढोंग बताया। वहीं, कांग्रेस ने तो हिंदू सनातन आस्था के सभी केन्द्रों का अपमान करने की सुपारी ही ले रखी है। कर्नाटक में तो मुस्लिम तुष्टिकरण का खुला खेल चल ही रहा है। हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह "सुक्खू" की कांग्रेस की अगुवाई वाली सरकार को हिंदू बच्चों के राधे-राधे बोलने पर आपत्ति है। तेलंगाना के कांग्रेसी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी लगातार सनातन और हिंदुओं के विरुद्ध आग उगल रहे हैं। रेवंत रेड्डी ने हिंदुओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए कहा कि हर व्यक्ति और हर काम के लिए एक अलग भगवान होता है। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा हिंदू कितने भगवानों को मानते हैं? तीन करोड़ हैं, इतने सारे क्यों हैं? जो लोग अविवाहित हैं उनके लिए एक भगवान है -हनुमान, जो लोग दो शादी करते हैं उनके लिए अलग भगवान हैं और जो लोग शराब पीते हैं- मुर्गा खाते हैं, उनके लिए अलग भगवान हैं। हर ग्रुप का अलग भगवान है। रेड्डी के बयान से हिंदुओं की भावनाओं का आहत होना स्वाभाविक था। हिंदू संगठनों ने मुख्यमंत्री से माफी मांगने को कहा किंतु मुस्लिम परस्त रेवंत रेड्डी अपने बयान पर कायम हैं। उधर, तमिलनाडु में भगवान मुरुगन के मंदिर में दीप जलाने को लेकर द्रमुक सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए न्यायालय की भी अवहेलना कर रही है। तमिलनाडु से ही हिन्दू और सनातन समाज को डेंगू-मलेरिया जैसे रोगों की संज्ञा दी जाती रही है।

## सूडोकु नवताल- 7646

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7645 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# इच्छा मृत्यु : संवेदना एवं संविधान के बीच फंसा मानवीय प्रश्न

**ललित गर्ग**



इच्छा मृत्यु यानी व्यक्ति की अपनी इच्छा के अनुसार जीवन का अंत, भारत में लंबे समय से सामाजिक, नैतिक और कानूनी विमर्श का विषय रही है। यह प्रश्न केवल मृत्यु से जुड़ा नहीं है, बल्कि असहनीय पीड़ा, मानवीय गरिमा, करुणा और आत्मनिर्णय के अधिकार से गहराई से संबंधित है। इनदिनों एक 32 वर्षीय युवक, जो पिछले 13 वर्षों से कोमा जैसी स्थिति में है, इस त्रासदी का जीवंत उदाहरण है। न चेतना, न संवाद, न सुधार की कोई संभावना, फिर भी परिवार भावनात्मक, मानसिक और आर्थिक यातना झेलने को विवश है। इस मामले ने एक बार फिर इच्छा मृत्यु के प्रश्न पर विमर्श का वातावरण बना दिया है। ऐसे हजारों मामले देशभर में चुपचाप पीड़ा सह रहे हैं, जिनका न तो कोई समाधान है और न ही कोई स्पष्ट कानूनी रास्ता। यह स्थिति केवल चिकित्सा संकट नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना और सामाजिक न्याय की गंभीर परीक्षा है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने जीवन को कृत्रिम रूप से लंबे समय तक बनाए रखने की क्षमता तो विकसित कर ली है, लेकिन यह तय नहीं कर पाया है कि जब जीवन केवल पीड़ा, चेतनाहीनता और निरर्थक जैविक क्रिया बन जाए, तब उसे ढोते रहना ही मानवता है या उसे सम्मानपूर्वक विदा देना अधिक करुणामय विकल्प है। विडंबना यह है कि जो लोग असाध्य बीमारी, लंबे कोमा या पूर्णतः चेतनाशून्य अवस्था में नारकीय जीवन जीने को विवश हैं, उनके लिए भारतीय कानून आज भी स्पष्ट और मानवीय मार्ग तय नहीं कर पाया है। ऐसे लोग यह मानते हैं कि जब जीवन से गरिमा, चेतना और आशा समाप्त हो जाए, तब जीवन की तुलना में गरिमापूर्ण मृत्यु अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

प्रश्न यह उठता है कि हमारा कानून ऐसी मृत्यु को आज भी संदेह, भय और अपराध की दृष्टि से क्यों देखता है? भारतीय दंड संहिता की धारा 309 और 306 लंबे समय तक इच्छा मृत्यु के मार्ग में कानूनी बाधा बनी रहीं। भले ही 2017 के मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम में आत्महत्या के प्रयास को मानसिक पीड़ा का परिणाम मानते हुए अपराध की श्रेणी से आंशिक रूप से बाहर किया गया हो, लेकिन इच्छा मृत्यु के प्रश्न पर आज भी कोई समग्र और स्पष्ट कानून मौजूद नहीं है। संविधान का अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की बात करता है, परंतु यह बहस आज भी जारी है कि क्या इसमें गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार अंतर्निहित है या नहीं? इच्छा मृत्यु को लेकर भारतीय न्यायपालिका का सबसे महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक मोड़ वर्ष 2011 में अरुणा शानबाग मामले में देखने को मिला। अरुणा शानबाग, जो मुंबई के केईएम अस्पताल में नर्स थीं, 1973 में हुए एक अमानवीय हमले के बाद मस्तिष्क क्षति का शिकार हो गईं और 42 वर्षों तक परसिस्टेंट वेजिटेटिव स्टेट-यानी सतत विकृतशील दशा में रहीं। उनकी ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सक्रिय इच्छा मृत्यु को अस्वीकार करते हुए यह स्वीकार किया कि निष्क्रिय इच्छा मृत्यु को सशर्त अनुमति दी जा सकती है। न्यायालय ने माना कि यदि रोगी की स्थिति असाध्य है, चेतना लौटने की कोई संभावना नहीं है और उपचार केवल जीवन को यांत्रिक रूप से खींच रहा है, तो विशेषज्ञों की राय और न्यायिक निगरानी में जीवन रक्षक उपचार हटाया जा सकता है। यह निर्णय भारतीय न्यायिक इतिहास में एक बड़ा कदम था, लेकिन यह भी स्पष्ट हो गया कि यह समाधान अपवाद था, स्थायी कानून नहीं।

इसके बाद 2018 में कॉमन कॉज बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह ऐतिहासिक टिप्पणी की कि जीवन का अधिकार केवल जीवित रहने का अधिकार नहीं, बल्कि गरिमापूर्ण जीवन और गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार भी है। इसी फैसले में ह्यलिविंग विलह्न या ह्यएडवांस मेडिकल डायरेक्टिवह्न को वैध माना गया, जिसके माध्यम से कोई व्यक्ति पहले से यह दर्ज कर सकता है कि असाध्य अवस्था में उसे जीवन रक्षक उपचार न दिया जाए। किंतु इस प्रक्रिया को इतनी जटिल औपचारिकताओं से बाँध दिया गया कि व्यवहार में यह अधिकार आम नागरिक के लिए लगभग अप्राप्य बनकर रह गया। हाल के वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आए हैं जो इस समस्या की भयावहता को उजागर करते हैं। इच्छा मृत्यु की आवश्यकता इसी यथार्थ से जन्म लेती है। असाध्य कैंसर, न्यूरोलॉजिकल रोगों और अंतिम अवस्था की बीमारियों में जीवन पीड़ा का पर्याय बन जाता है। चेतनाहीन शरीर को मशीनों के सहारे जीवित रखना जीवन कम और यातना अधिक प्रतीत होता है। व्यक्ति को अपने जीवन के अंतिम निर्णय का अधिकार मिलना चाहिए, क्योंकि आत्मनिर्णय लोकतांत्रिक समाज का मूल मूल्य है। लंबे समय तक चलने वाला उपचार परिवार को आर्थिक और मानसिक रूप से तोड़ देता है और सीमित चिकित्सा संसाधनों का प्रश्न भी खड़ा करता है। इच्छा मृत्यु के विरोध में यह तर्क दिया जाता है कि इसका दुरुपयोग हो सकता है, बुजुर्गों या गरीबों पर दबाव बनाया जा सकता है और डॉक्टर जीवन-मृत्यु का निर्णयकर्ता बन जाएंगे। ये आशंकाएँ गंभीर हैं, किंतु इनका समाधान इच्छा मृत्यु को नकारने में नहीं, बल्कि स्पष्ट, सख्त और पारदर्शी कानून बनाने में है। अंतरराष्ट्रीय अनुभव बताते हैं कि जहां स्पष्ट कानून और बहुस्तरीय निगरानी व्यवस्था है, वहां दुरुपयोग की संभावना कम होती है। नीदरलैंड्स, बेल्जियम, कनाडा और स्विट्जरलैंड जैसे देशों ने यह सिद्ध किया है कि करुणा और नियंत्रण साथ-साथ चल सकते हैं। वैसे भारत में भी जैन धर्म का संथारा (सल्लेखना) और आधुनिक संदर्भ में इच्छा मृत्यु दोनों पहली दृष्टि में समान प्रतीत होते हैं, किंतु दर्शन, उद्देश्य, प्रक्रिया और संवैधानिक व्याख्या के स्तर पर इनके बीच मौलिक अंतर भी हैं और कुछ गहरी समानताएँ भी। इसी कारण एक ही देश में संथारा निर्वाध चलता रहा है और इच्छा मृत्यु आज भी बहस का विषय बनी हुई है।

जैन धर्म में संथारा या सल्लेखना को मृत्यु नहीं, बल्कि जीवन की अंतिम साधना यानी मृत्यु का महोत्सव माना गया है। यह न तो पीड़ा से पलायन है और न ही जीवन से पलायन, बल्कि आसक्ति, क्रोध, भय और मोह के क्षय की आध्यात्मिक प्रक्रिया है। संथारा तब लिया जाता है जब व्यक्ति यह अनुभव करता है कि उसका शरीर साधना के योग्य नहीं रहा, बीमारी असाध्य हो चुकी है, या वृद्धावस्था में देह शिथिल हो गई है। इसमें भोजन और जल का त्याग क्रमशः, संयमपूर्वक और गुरु की आज्ञा से किया जाता है। इसका उद्देश्य शरीर को नष्ट करना नहीं, बल्कि आत्मा को निर्मल करना होता है। जैन दर्शन में यह माना जाता है कि मृत्यु तो अनिवार्य है, प्रश्न केवल इतना है कि वह आसक्ति और व्याकुलता में हो या समता और सजगता में। इसके विपरीत इच्छा मृत्यु आधुनिक विधिक अवधारणा है, जिसका मूल उद्देश्य असहनीय शारीरिक या मानसिक पीड़ा से मुक्ति है। इसमें व्यक्ति यह चाहता है कि जीवन की यातना समाप्त हो जाए, क्योंकि चेतना, संवाद और सुधार की कोई संभावना नहीं बची है। यह निर्णय भावनात्मक, चिकित्सकीय और परिस्थितिजन्य होता है, न कि आध्यात्मिक साधना का अंग। इच्छा मृत्यु में दवा, इंजेक्शन या जीवन रक्षक प्रणाली हटाने जैसे भौतिक साधन जुड़े होते हैं, जबकि संथारा में हिंसा का कोई सक्रिय साधन नहीं होता।

अब समय आ गया है कि भारत भी इच्छा मृत्यु विषय पर संकोच छोड़कर स्पष्ट और मानवीय कानून बनाए। ऐसा कानून जो असाध्य और अपरिवर्तनीय स्थितियों की वैज्ञानिक पहचान करे, रोगी की इच्छा और गरिमा को सर्वोपरि माने, परिजनों को अनावश्यक पीड़ा से बचाए और डॉक्टरों को नैतिक तथा कानूनी सुरक्षा प्रदान करे। इच्छा मृत्यु जीवन के विरुद्ध नहीं, बल्कि अर्थहीन पीड़ा के विरुद्ध एक करुणामय विकल्प है। जब जीवन केवल मशीनों पर टिका एक जैविक क्रम बन जाए और चेतना, सम्मान व आशा समाप्त हो जाए, तब मृत्यु को अपराध नहीं, बल्कि मानवीय अधिकार के रूप में देखना होगा। यदि हमारा संविधान जीवन को गरिमा देता है, तो उसी गरिमा के साथ मृत्यु चुनने का अधिकार भी देना होगा। इच्छा मृत्यु पर स्पष्ट कानून बनाना केवल कानूनी सुधार नहीं, बल्कि एक संवेदनशील, परिपक्व और करुणामय समाज की पहचान है। मानवीय करुणा की मांग है कि जीवन की पवित्रता और पीड़ा की क्रूरता के बीच संतुलन बनाया जाए। इच्छामृत्यु जब सहमति से होगी तो मानवता को कायम रखा जा सकता है। न्यायपालिका को ऐसा न्याय देना चाहिए, जो रोगी को पीड़ा से मुक्त करे और एक करुणामय भविष्य का मार्ग प्रशस्त करे।

# क्या समाप्त हो रहा है गांधी विचारधारा का युग

**संजय सक्सेना**

मोहनदास करमचंद गांधी, जिन्हें महात्मा गांधी के नाम से जाना जाता है, आजादी की लड़ाई के प्रमुख नायक रहे हैं। लेकिन आज के भारत में उनकी छवि पर सवाल उठ रहे हैं। कई लोग मानते हैं कि उनको नापसंद करने वालों की तादाद तेजी से बढ़ रही है। सोशल मीडिया पर बहसें भड़कती हैं, जहां गांधी को हिंदू विरोधी ठहराया जाता है। खासकर युवा पीढ़ी में यह भावना मजबूत हो रही है। पुरानी किताबें पढ़कर या वीडियो देखकर लोग उनके फैसलों पर सवाल खड़े करते हैं। क्या वाकई गांधी ने हिंदुओं को अनदेखा किया और मुसलमानों पर ज्यादा भरोसा जताया? देश के बंटवारे के समय क्या उन्होंने सिर्फ एक पक्ष के हित सोचे? बदलते भारत में उनके विचार क्यों पीछे छूटते नजर आ रहे हैं?

यह बदलाव हाल के वर्षों में नजर आया है। सोशल मीडिया पर गांधी के खिलाफ मीम्स और पोस्ट्स की बाढ़ आ गई है। कुछ लोग उन्हें श्मुस्लिम तुष्टिकरणश का प्रतीक बताते हैं। दावा किया जाता है कि गांधी ने हिंदू भावनाओं को ठुकराया। इसका एक कारण है खत्री हत्या का बदला न लेना। 1948 में नाथूराम गोडसे ने गांधी की हत्या की। गोडसे हिंदू राष्ट्रवाद के समर्थक थे। वे मानते थे कि गांधी ने बंटवारे के दौरान हिंदुओं का नुकसान किया। हत्या के बाद कुछ हिंदू संगठनों ने आक्रोश जताया। लेकिन गांधी ने पहले कलकत्ता में भूख हड़ताल की, जिससे सांप्रदायिक दंगे थमे। फिर दिल्ली में भी ऐसा ही किया। लोगों का कहना है कि इससे हिंदुओं को न्याय न मिला। वे पूछते हैं कि पाकिस्तान जाने वाले हिंदुओं की संपत्ति लूटी गई, तो गांधी ने क्यों चुप्पी साधी? क्या यह हिंदू विरोधी रुख नहीं था?

गांधी के फैसलों में कई ऐसे पल हैं, जिन्हें हिंदू विरोधी कहा जाता है। खिलाफत आंदोलन इसका बड़ा उदाहरण है। 1919-1924 के बीच गांधी ने तुर्की के खलीफा के पक्ष में मुसलमानों का साथ दिया। हिंदू-मुस्लिम एकता के नाम पर उन्होंने हिंदुओं से अपील की कि मुसलमानों का विश्वास जीतें। लेकिन जब खिलाफत विफल हुई, तो हिंदू नुकसान में रहे। मालाबार में विद्रोह हुआ, जिसमें हजारों हिंदुओं की हत्या हुई। गांधी ने इसे शिहंदू अत्याचारश कहा। लोगों का गुस्सा भड़का। वे कहते हैं कि गांधी ने मुसलमानों की हिंसा को नजरअंदाज किया। इसी तरह कोहाट दंगे में हिंदुओं को घर छोड़ने पड़े। गांधी ने मुसलमानों से संपत्ति न लूटने की अपील की, लेकिन हिंदुओं की चुप्पी पर सवाल न उठाया।

देश के बंटवारे के समय गांधी का रवैया सबसे ज्यादा विवादास्पद रहा। 1947 में भारत-पाकिस्तान का विभाजन हुआ। लाखों हिंदू और सिख पाकिस्तान से विस्थापित हुए। संपत्ति लूटी गई, महिलाओं पर अत्याचार हुए। लेकिन गांधी ने नेहरू सरकार से पाकिस्तान को 55 करोड़ रुपये देने को कहा। यह राशि बंटवारे के समय रोकी गई थी। उनका तर्क था कि भारत को पाकिस्तान का कर्ज चुकाना चाहिए। आलोचक कहते हैं कि यह फैसला हिंदू शरणार्थियों के दर्द को भूल गया। वे भूखे मर रहे थे, लेकिन पैसा दुश्मन देश को दिया गया। गांधी ने कहा कि बिना पैसे दिए पाकिस्तान दंगे थाम सकता है। लेकिन हिंदुओं ने इसे अन्याय माना। क्या गांधी ने मुसलमानों के हित ही सोचे? जिन्ना की मांग पर देश टूटा, फिर भी गांधी ने हिंदू संगठनों को दबाया। आरएसएस पर प्रतिबंध लगवाया। लोग पूछते हैं कि हिंदू पीड़ितों के लिए ऐसा क्यों न किया?

गांधी के विचारों में अहिंसा मुख्य था। लेकिन आज के भारत में यह विचार कमजोर पड़ रहा है। आतंकवाद, सीमा पर हमले, चीन-पाकिस्तान की धमकियां। युवा कहते हैं कि गांधी की अहिंसा से दुश्मन मजबूत होते हैं। कश्मीर में हिंदू कश्मीरी पंडितों का नरसंहार हुआ। गांधी जीवित होते तो क्या कहते? उनके अनुयायी कहते हैं कि गांधी ने एकता सिखाई। लेकिन आलोचक चेताते हैं कि यह एकतरफा एकता थी। गांधी ने हिंदू त्योहारों पर कमजोर दिया। रामराज्य की बात की, लेकिन मूर्ति पूजा पर सवाल उठाए। वे कहते थे कि भगवान सर्वव्यापी हैं। हिंदू परंपराओं को कमजोर करने का आरोप लगता है। मुसलमानों को गाय काटने की छूट दी। हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंची।

बदलते भारत में गांधी अप्रासंगिक क्यों हो रहे हैं? आज का भारत आर्थिक शक्ति बन रहा है। चंद्रयान, मंगलयान, तेज विकास। युवा राष्ट्रवाद से प्रेरित हैं। मोदी सरकार की नीतियां हिंदू अस्मिता पर जोर देती हैं। राम मंदिर निर्माण, नागरिकता कानून। ये गांधी के विचारों से अलग हैं। सोशल मीडिया ने इतिहास को नया रूप दिया। पुरानी किताबें झूठी बताई जाती हैं। गांधी को नेहरू का साथी ठहराया जाता है। नेहरू की धर्मनिरपेक्षता को गांधी का वारिस कहा जाता है। लेकिन हिंदू कहते हैं कि यह छलावा था। बाबरी मस्जिद विवाद में गांधी चुप रहे। आज के भारत में सांस्कृतिक जागरण हो रहा है। योग, आयुर्वेद, वेदांत की वापसी। गांधी का पश्चिमी प्रभाव वाला अहिंसा अब पुराना लगता है।

एक सर्वे बताता है कि 18-35 साल के 40 प्रतिशत युवा गांधी को नायक नहीं मानते। वे भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस को पसंद करते हैं। वे हिंसा से आजादी दिलाने वाले मानते हैं। गांधी की भूख हड़ताल को कमजोरी कहा जाता है। ब्रिटिश चले गए क्योंकि जापान ने दबाव डाला, ऐसा दावा है। गांधी का योगदान कम बताते हैं। राजनीति में भी बदलाव आया। भाजपा की लहर में हिंदू राष्ट्रवाद हावी है। विपक्ष गांधी को ढाल बनाता है, लेकिन जनता अस्वीकार कर रही।

फिर भी गांधी के समर्थक हैं। वे कहते हैं कि बिना गांधी के आजादी न मिलती। विश्व पटल पर भारत की छवि बनी। लेकिन बहस जारी है। क्या गांधी हिंदू विरोधी थे? उनके फैसले संदर्भ में देखें तो मुश्किल समय में एकता बनाए रखने की कोशिश थी। लेकिन आज हिंदू जागरूक हैं। वे पुरानी भूले नहीं दोहराना चाहते। बंटवारे का दर्द आज भी ताजा है। पाकिस्तान आतंक फैला रहा है। गांधी की नीतियां तब कारगर थीं, अब नहीं। भारत मजबूत हो रहा है। गांधी को याद रखेंगे, लेकिन उनके हर फैसले को चुनौती देंगे। यह बहस भारत के भविष्य को आकार देगी। क्या गांधी प्रासंगिक रहेंगे? या नई पीढ़ी नया इतिहास लिखेगी? समय बताएगा। लेकिन एक बात साफ है कि नापसंदगी बढ़ रही है। सोशल मीडिया ने आवाज दी। हिंदू अपनी पीड़ा बयान कर रहे हैं। गांधी का युग बीत रहा है। नया भारत उभर रहा है।

# मानसिकता और कार्यक्षमता को प्रभावित करती वर्चुअल मीटिंग्स

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

डिजिटल क्रांति ने कार्य दिवस के परंपरागत समय सीमा को बदल कर रख दिया है। कहने को तो छह या सात घंटे का कार्य दिवस होता है पर वर्चुअल युग में कर्मचारी 24 गुणा 7 के दौर में आ गया है। इससे कार्मिकों की मानसिकता और सामाजिक-इकोनॉमिक ताने-बाने को भी प्रभावित किया है। एक समय था जब शीर्ष या पहली दूसरी कतार के अधिकारियों की जिम्मेदारी अधिक होती थी और उनके लिए समय सीमा नहीं होती थी पर अब तो वर्चुअल सुविधाओं के चलते दिन हो या रात, रविवार हो या शनिवार कभी भी कहीं भी एक मैसेज मात्र से आपको एक्टिव होकर कैमरे के सामने आना पड़ता है।

दरअसल, कोरोना काल ने यह परिवर्तन दिया है। भारत सहित दुनिया के देशों में अभी भी कार्मिकों के लिए कार्य दिवस पांच या छह दिवस के हैं तो कार्यसमय भी मानने को तो सुबह 9.30 से सायं बजे 6 या दूसरे शब्दों में औसतन लगभग सात घंटे का है पर डिजिटल क्रान्ति ने सबकुछ बदल कर रख दिया है। देखा जाए तो अब असीमित कार्य दिवस का दौर आ गया है। वास्तविकता तो यह है कि डिजिटल डिवाइसों के उपयोग के बाद से कमोबेश कार्यदिवस 24 गुणा 7 हो गये हैं तो कार्य समय भी तय समय सीमा के बंधन से मुक्त हो गया है। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा कराये गये वर्क ट्रेंड इंडेक्स स्पेशल रिपोर्ट 2025 में यह खुलासा हो गया है कि अब कार्मिक चाहे वह किसी भी स्तर का हो, उसके लिए चाहे निजी क्षेत्र में हो या सरकारी क्षेत्र में तय समय सीमा बीते जमाने की बात हो गई है। ई-मेल, चैट, वर्चुअल या हाईब्रिड मीटिंग्स, सोशल मीडिया संदेश आदि को समग्र रुप से देखने से अब कार्मिक 24 घंटे का कार्मिक हो गया है।

वर्क ट्रेंड इंडेक्स स्पेशल रिपोर्ट के अनुसार सुबह छह बजे से ही व्यक्ति अपनी ई-मेल टटोलने लगता है तो सर्वाधिक प्रोडक्टिविटि का समय 11 बजे के लगभग में काम के स्थान पर ई-मेल का प्रेशर 54 प्रतिशत तक बढ़ जाता है सायं तीन बजे बाद ई-मेल, चैट या अन्य संदेशों की आवक कम होने लगती है। वैश्विक औसत की बात की जाये तो 100 से अधिक ई-मेल से दो-चार होना पड़ता है कार्मिक को। हर दो मिनट में मेल, चैट या अन्य संदेश कार्मिक के कार्य में बाधा उत्पन्न करता है। इसका कारण यह होता है कि उसे कॉल, ई-मेल या संदेश चेक करने या उससे दो-चार होना ही पड़ता है। हालात यह है कि रात को भी ई-मेल या संदेश का सिलसिला जारी रहने से अब कार्यालयीय वातावरण से दूर परिवार के व्यैयक्तिक क्षण तो कल्पना की बात होती जा रही है। डिजिटल क्रांति के चलते मीटिंग्स खासतौर से वर्चुअल या हाईब्रिड मीटिंग्स सुविधाजनक होने के साथ ही कार्मिकों के तनाव का कारण भी बनती जा रही है। हालांकि वैश्विक ट्रेंड के अनुसार मंगलवार को सर्वाधिक मीटिंग्स होती है इनमें खासतौर से एडहॉक मीटिंग्स अधिक होती है तो शुक्रवार को अपेक्षाकृत मीटिंग्स का दबाव कम होता है। सबसे खास बात यह कि औसतन 10 में से एक मिटिंग तो बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक तय होती है। एक और खास यह कि वर्चुअल मीटिंग्स सुविधाजनक होने और अपना संदेश संबंधित सभी तक पहुंचाने का बेहतरीन माध्यम होने के बावजूद यह तनाव का कारण तो बनता ही है इसके साथ ही गुणवत्ता पर भी प्रश्न लगाये जाने लगे हैं। इसको इस तरह से समझा जा सकता है कि दस में से एक मीटिंग लास्ट टाइम बुक की जाती है तो मीटिंग्स में प्रस्तुत होने वाले पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन में मीटिंग के दस मिनट पहले तक आंशिक बदलाव या अपडेशन होता है। यह कोई किसी एक पक्ष यानी सरकारी या गैर सरकारी प्रतिष्ठान की बात या किसी देश विशेष की बात ना होकर वैश्विक वास्तविकता है।

विशेषज्ञों की मानें तो अंतिम समय तक प्रजेंटेशन में बदलाव का मतलब ही यह है कि गुणवत्ता कहीं ना कही प्रभावित हो रही है। वैश्विक आंकड़े तो यही कहते हैं कि अंतिम समय में पीपीटी में अपडेशन या संशोधन में 122 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है। वर्चुअल मीटिंग का सिलसिला दरअसल कोरोना महामारी के दौर से अधिक सामने आया है और इसे समय और धन बचाने में सहायक माना जाता है पर मीटिंग्स के दौर जिस तरह से बढ़ने लगे हैं उससे कार्मिक सूचनाएं संग्रहित करने और उसमें अपने बचाव के उपाय खोजने में ही अपनी अधिकांश कार्यक्षमता व्यय कर देता है और परिणाम स्वरुप कार्य में गुणवत्ता और उत्पादकता में कमी आना स्वाभाविक माना जाने लगा है।

माइक्रोसॉफ्ट की हालिया रिपोर्ट से यह साफ हो गया है कि डिजिटल युग को देखते हुए अब कार्मिकों के कार्यदिवस को नए सिरे से री-डिजाइन करने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। इसका प्रमुख कारण कार्मिकों शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ना और सामाजिकता और वैयक्तितता पर विपरीत प्रभाव पड़ना प्रमुख हो जाता है। समय-बेसमय मोबाइल या इसी तरह की डिवाइस पर अंगुलियां चलाने से प्रभावित हो रहे हैं। काम का दबाव, सूचनाओं के संग्रहण में ही समय जाया होने, वर्चुअल मीटिंग्स में सार्वजनिक रुप से जलालत की संभावना, आंखों में सूखापन और सामाजिक व व्यक्तिगत संबंध बाधित होना आम होता जा रहा है। इसका साइड इफेक्ट संत्रास, कुंठा, तनाव, डिप्रेशन आदि के रुप में सामने आने लगा है। इसके समाधान के लिए हालांकि विशेषज्ञों ने फ्रंटियर फर्म की आवश्यकता प्रतिपादित की है। इसमें आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस के माध्यम से विश्लेषण की बात की जाने लगी है। पर समय की मांग और आवश्यकता यह महसूस की जाने लगी है कि वर्क कल्चर को रिडिजाइन किया जाएं। अन्यथा देर-सबेर इसके नकारात्मक प्रभावों से बचना मुश्किल हो जाएगा।

## दैनिक पंचांग

**17 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | धनु | 06.30 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मकर | 08.39 बजे से |
| मंगल | धनु में | कुंभ | 10.25 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 11.58 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मेष | 13.29 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 15.09 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 17.07 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 19.20 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 21.36 बजे से |
| | | कन्या | 23.48 बजे से |
| | | तुला | 01.59 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.14 ब.से |

**राहुकाल** 12.00 से 1.30 बजे तक

**बुधवार** 2025 वर्ष का 351 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 02.33 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** विशाखा 17.12 बजे को समाप्त। **योग** सुकर्मा 14.17 बजे को समाप्त। **करण** गर 13.16 बजे तदनन्तर वणिज 02.33 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 21' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872561 **जूलियन दिन** 2461026.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 25 **विशेष** प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

एक नजर

## भाजपा नेताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को दी बधाई





**रामगढ़ :** गोला प्रखंड में भाजपा नेताओं ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को बधाई दी और क्षेत्र के विकास के लिए काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर गोला मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र साहु, रजरप्पा मंडल अध्यक्ष संतोष कुशवाहा और अन्य कार्यकर्ताओं ने गोला प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और गोला थाना प्रभारी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान, भाजपा नेताओं ने क्षेत्र के विकास के लिए काम करने और सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और पार्टी को मजबूत बनाएंगे।

## सिमडेगा में सड़क सुरक्षा अभियान, 29 वाहनों पर 98,650 का ऑनलाइन चालान

**सिमडेगा :** मंगलवार को उपायुक्त कंचन सिंह, सिमडेगा एवं पुलिस अधीक्षक मोहम्मद अर्शी, सिमडेगा के निदेशानुसार अकेले बीर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोलेबिरा चेक पोस्ट एवं छगरी बांदा के पास सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन को लेकर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान कुल 29 वाहनों की जांच की गई। आवश्यक कागजातों के अभाव एवं सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर 29 वाहनों पर 98,650/- (अट्ठानवे हजार छह सौ पचास रुपये) का ऑनलाइन चालान किया गया। इसके अतिरिक्त परमिट उल्लंघन से संबंधित बसों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की गई। जांच के दौरान वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी गई कि वे बिना परमिट वाहन संचालन, ओवरलोडिंग, बिना हेलमेट वाहन चलाने तथा अन्य सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन न करें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों का पालन नहीं करने पर आगे कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जीवन ज्योति बीमा योजनाः लाभुक को दो लाख रुपये का बीमा चेक सौंपा गया

**जलडेगा:** बैंक ऑफ इंडिया शाखा द्वारा जीवन ज्योति बीमा योजना के एक लाभुक को दो लाख रुपए का बीमा राशि का चेक मंगलवार को सौंपा गया, मालुम रहे कि लोमबोई बाड़ी सेमर निवासी मोहरमुनी देवी पति लक्ष्मण गोड़ उम्र 28 वर्ष की मौत लंबी बिमारी के बाद 30 सितंबर 25 हो गया था, जिसके बाद जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतिका के पति लक्ष्मण गोड़ को शाखा प्रबंधक विकाश कुमार, पुनीत प्रफुल्ल टोप्पो, पंकज मिंज, अजीत तोपनो, मिनी स्टेफी लुगून, धाधु बड़ाईक, संतोष मांझी, बैंक सखी किरण देवी बैंक कर्मियों के द्वारा 2 लाख रुपए का बीमा राशि का चेक सौंपा गया,मालुम रहे कि बैंक द्वारा दो माह के अंदर अबतक कुल 4 मृतक के नोमिनी को जीवन ज्योति बीमा योजना की बिमित राशि क्रमश दो दो लाख रुपए प्रदान किया गया है,शाखा प्रबंधक विकाश कुमार ने जलडेगा क्षेत्र के ग्रामीणों से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 436 रुपए सलाना प्रिमियम पर बीमा कराने एवं लाभ उठाने का अपील किया गया,इस दौरान उन्होंने विभिन्न बीमा एवं बैंक से संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

# रामगढ़ में अवैध कोयला कारोबार का बोलबाला ईंट भट्ठों में खुलेआम हो रही खरीद-फरोख्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में अवैध कोयला कारोबार का एक नया अध्याय जुड़ गया है। जिले के सैकड़ों ईंट भट्ठों में बड़े पैमाने पर अवैध कोयले की खरीदारी शुरू हो गई है। यह अवैध कारोबार सरकारी मशीनरी के सहयोग से चल रहा है, जिससे सरकार को राजस्व का बड़ा नुकसान हो रहा है। जानकारी के अनुसार, रामगढ़ जिले में लगभग 140 ईंट भट्ठे हैं, जिनमें से अधिकांश अवैध कोयले से चल रहे हैं। इन ईंट भट्ठों में रोजाना दो ट्रैक्टर यानी 6 टन अवैध कोयला का प्रयोग किया जा रहा है। ईंट भट्ठा संचालक प्रत्येक ट्रैक्टर अवैध कोयले की खरीदारी के लिए 6000 देते हैं। अवैध कोयले की खरीदारी के लिए ईंट भट्ठा संचालकों को 1 लाख से अधिक रुपये देने पड़ते हैं। यह राशि विभागीय अधिकारियों को दी जाती है, जो अवैध कोयला कारोबार को संरक्षण देते हैं। रामगढ़ जिले में अवैध कोयला कारोबार का इतिहास पुराना है। कई दशकों से अवैध कोयले से ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। हर वर्ष संचालन से पहले यह तय किया जाता है कि एक ईंट भट्ठे को प्रतिमाह कितनी राशि देनी होगी। इस वर्ष भी अवैध कोयले की खपत को लेकर बैठक हो चुकी है तथा प्रतिमाह कितनी राशि ईंट भट्ठा संचालकों को देनी होगी, यह तय हो चुका है। बाजार के हालात को देखते हुए इस वर्ष पिछले वर्ष की राशि में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इस वर्ष भी जिले के उस मजबूत विभाग, जो मामला दर्ज कर सकता है, को प्रति ईंट भट्ठा संचालक द्वारा प्रतिमाह 1 लाख 15 हजार रुपये दिए जाएंगे। विभाग तक पैसा वसूल कर पहुंचाने वाला भी प्रति ईंट भट्ठा 1 हजार रुपये लेगा। इस प्रकार प्रति ईंट भट्ठा कुल 1 लाख 16 हजार रुपये की वसूली की जाएगी।

## कुरडेग ब्लॉक टीम ने ठेठईटांगर में जेंडर रिसोर्स सेंटर का किया सफल दौरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के तहत कुरडेग ब्लॉक की टीम ने ठेठईटांगर के जेंडर रिसोर्स सेंटर का सफल एक्सपोजर विजिट किया। इस दौरे का उद्देश्य प्रतिभागियों को जेंडर रिसोर्स सेंटर व जेंडर जस्टिस सेंटर के कार्यप्रणाली की गहन समझ प्रदान करना था। टीम ने मॉडल जेंडर रिसोर्स सेंटर व जेंडर जस्टिस सेंटर के संचालन को निकट से देखा तथा समिति सदस्यों से ज्ञान विनिमय किया। ठेठईटांगर जेंडर सीआरपी ललिता देवी, दिव्या, जसमनी, अंजना, सुनीता, सुषमा, मंजू के द्वारा जेंडर केस वर्क से जुड़े अनुभवों, सर्वोत्तम प्रथाओं केस मैनेजमेंट, दस्तावेजीकरण, काउंसलिंग एवं रेफरल तंत्र की प्रक्रियाओं के बारे में बताया गया। कुरडेग ब्लॉक से कुल 32 प्रतिभागी में संकुल अध्यक्ष से सरिता तिर्की, कमला देवी, जेंडर सीआरपी में ज्योति मिंज जेएसएलपीएस स्टाफ में आलोक, धर्मेश, ट्राई एसोसिएट प्रैक्टिशनर से नीतू कुमारी तथा ठेठईटांगर से प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक संदीप कुमार एवं जेएसएलपीएस कर्मी कृष्णा भोय, रोशनी एक्का, लालमुनि देवी व क्लस्टर की दीदियों में अनीता, उषा, पुनीत भी उपस्थित रहे। इस दौरे से कुरडेग टीम को जेंडर संबंधी मुद्दों पर कार्य करने में नई दिशा मिलेगी तथा महिलाओं का सशक्तिकरण मजबूत होगा। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, श्रीमती नूतन मिंज ने भी जेंडर रिसोर्स सेंटर विजिट में भाग लिया तथा कुरडेग टीम को जेंडर रिसोर्स सेंटर के संदर्भ में प्रखंड के माध्यम से सहयोग एवं सलाहकार समिति की भूमिका के संदर्भ में जानकारी दी गई।

## धान अधिप्राप्ति : किसानों को जागरूक करने के लिए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर डीसी ने किया रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** 15 दिसंबर 2025 से शुरू हुए धान अधिप्राप्ति के तहत मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने समाहरणालय परिसर से चार जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो से जागरूकता वाहनों के रोस्टर आदि की जानकारी लेते हुए वाहन के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा किसानों को बिचौलियों से सावधान रहकर धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही अपने धान की बिक्री करने हेतु जागरूक करने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि धान अधिप्राप्ति के तहत जिले के 22 पैक्स केन्द्रों पर किसान अपने धान की बिक्री कर सकते हैं। इस बार पैक्स अध्यक्ष, किसान के साथ-साथ जनसेवकों का भी ई-पॉस मशीन में बायोमेट्रिक लिया जा रहा है। साथ ही धान उठाव करने वाले मिलर जब पैक्स में जाएंगे तब उनका भी सत्यापन मशीन में कराया जाएगा ताकि जितना धान पैक्स से उठाव कर मिल ले जाया गया उसकी मात्रा में गड़बड़ी न हो। धान अधिप्राप्ति केंद्र पर धान की बिक्री के पूर्व किसानों को ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। धान बिक्री के 7 दिनों के अंदर किसानों को बोनस सहित 2450 रुपए प्रति क्विंटल की दर से राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। इस दौरान उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजली, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविन्द्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## कुरडेग बैंक ऑफ इंडिया में कैश संकट जनप्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कुरडेग :** प्रखंड स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा में पिछले चार दिनों से नकदी नहीं होने के कारण आम जनता, खासकर बुजुर्ग, वृद्धा और विकलांग पेंशनधारी भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। दूर-दराज गांवों से आने वाले लोग घंटों बैंक के बाहर बैठकर पैसा आने का इंतजार कर रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष जीसान फिरदौस और खींडा पंचायत समिति सदस्य नीलिमा खाखा स्वयं बैंक पहुंचे और वहां की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बैंक परिसर में मौजूद लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि कुरडेग और केरसई दोनों प्रखंडों के लिए केवल यही एक बैंक शाखा है, और उसमें भी लगातार नकदी की कमी बनी हुई है। जनप्रतिनिधियों ने इसे आम जनता के साथ अन्याय बताते हुए बैंक प्रबंधन और उच्च अधिकारियों से जल्द से जल्द कैश उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब सरकार अबुवा आवास योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को समय पर पूरा करने की बात कर रही है, तब बैंक में पैसा नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है। पेंशनधारी, मजदूर और गरीब परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। जनता की मांग है कि बैंक ऑफ इंडिया, कुरडेग में तुरंत पर्याप्त नकदी भेजी जाए। बुजुर्ग, विकलांग और महिलाओं को प्राथमिकता देकर भुगतान किया जाए। भविष्य में इस तरह की समस्या न हो, इसके लिए स्थायी व्यवस्था की जाए। अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो जन आक्रोश और बढ़ सकता है।

## मेहनत, समर्पण और आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं बीना देवी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** बीना देवी एक समर्पित गृहिणी और खेतीबाड़ी करने वाली महिला हैं, जिन्होंने अपने काम से परिवार और समाज में एक बड़ा प्रभाव डाला है। उन्होंने अपने घर की जिम्मेदारियों को संभालने के साथ-साथ खेतीबाड़ी में भी अपना योगदान दिया है। बीना देवी का जन्म छोटकी लारी माइल स्टेशन कोरियाटांड़, रामगढ़ में हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद शादी की और अपने घर की जिम्मेदारियों को संभालना शुरू किया। उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर खेतीबाड़ी में भी काम करना शुरू किया और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में मदद की। बीना देवी की खेतीबाड़ी में विशेषता है कि वे जैविक खेती का उपयोग करती हैं। वे अपने खेत में सब्जियों और फलों की खेती करती हैं और उन्हें स्थानीय बाजार में बेचती हैं। इससे उन्हें अच्छा मुनाफा होता है और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती है। बीना देवी की कहानी एक उदाहरण है कि कैसे एक महिला अपने काम से परिवार और समाज में एक बड़ा प्रभाव डाल सकती है। उनकी कहानी उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा है जो अपने घर की जिम्मेदारियों को संभालने के साथ-साथ अपने सपनों को भी पूरा करना चाहती हैं।

## सिमडेगा में सेना विजय दिवस समारोह का भव्य आयोजन 1971 युद्ध के वीर योद्धाओं व वीर नारियों का हुआ सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** वेटरन्स ऑर्गनाइजेशन ऑफ झारखंड, सिमडेगा के तत्वावधान में नगर भवन, सिमडेगा में सन 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत की ऐतिहासिक विजय की स्मृति में सेना विजय दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर 1971 भारत-पाक युद्ध में भाग लेने वाले वीर योद्धाओं, वीर नारियों एवं बुजुर्ग वेटरन्स का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिससे पूरा नगर भवन देशभक्ति और गर्व के भाव से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम में उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह मुख्य अतिथि, राजीव कुमार सिन्हा प्रधान जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश प्रेमादास पूर्व एम.एल.सी. राउरकेला, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावे हिल व्यू विद्यालय के डायरेक्टर समुद्रगुप्त, पूर्व प्रिंसिपल सिमडेगा अशोक मिश्रा, डीएसपी रनवीर सिंह, वेटरन प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार साहित्य अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हिल व्यू विद्यालय के नन्हे बच्चियों के द्वारा स्वागत नृत्य की प्रस्तुति की गई। उनके साथ सेना के वरिष्ठ अधिकारी, वेटरन्स ऑर्गनाइजेशन के पदाधिकारी, शहीद परिवारों के सदस्य, बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं आम नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ किया गया। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को औपचारिक रूप से प्रारंभ किया गया। सेना के अधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि सहित सभी विशिष्ट अतिथियों का मोमेंटो एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर 1971 भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए जवानों की स्मृति में एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूरे सभागार में उपस्थित लोगों ने भावविभोर होकर शहीदों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। मुख्य अतिथि उपायुक्त कंचन सिंह ने उपस्थित सेना के जवानों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कहना बहुत छोटी बात होगी कि आपके कारण हम हैं। आपने जिस वीरता, शौर्य और प्रतिबद्धता के साथ भारत माता की रक्षा की है, उसी के कारण आज देशवासी चैन की नींद सो पाते हैं। जब हमारे जवान बर्फीली पहाड़ियों की ऊँची चोटियों पर कठिन परिस्थितियों में रातें गुजारते हैं, तब हम अपने घरों में सुकून से रहते हैं। उन्होंने कहा कि सेनाएं जब देश की सीमाओं की रक्षा करती हैं, तभी देश में शांति बनी रहती है और सरकार विकास के कार्यों को आगे बढ़ा पाती है। युद्ध की स्थिति में सबसे अधिक आम जनता प्रभावित होती है, व्यापार, शिक्षा और विकास की सारी गतिविधियां ठप हो जाती हैं। ऐसे में सीमाओं पर तैनात जवानों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। आप सीमाओं पर डटे रहते हैं, तभी देश शांति से आगे बढ़ता है। उपायुक्त ने भावुक स्वर में कहा कि सैनिकों के त्याग और बलिदान की प्रशंसा के लिए हमारे पास शब्द कम पड़ जाते हैं।

संक्षिप्त खबरें

## कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे से मिले राजू रंजन तिवारी, क्षेत्र के विकास पर की चर्चा



**रांची :** भाजपा नेता राजू रंजन तिवारी ने आज दिल्ली में राज्यसभा सदस्य और कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे से उनके सरकारी बंगले 12 नॉर्थ एवन्यू में मुलाकात की। इस दौरान, उन्होंने सीसीएल अरगड्डा और बरका सयाल प्रक्षेत्र में कोयला खदानों की स्थिति और क्षेत्र में कोयला मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा की। राजू रंजन तिवारी ने सतीश चंद्र दुबे को क्षेत्र की परियोजनाओं और समस्याओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कोयला खदानों में सुरक्षा और उत्पादन बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की। सतीश चंद्र दुबे ने क्षेत्र के विकास और कोयला मजदूरों के कल्याण के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस मुलाकात के दौरान, राजू रंजन तिवारी ने सतीश चंद्र दुबे को क्षेत्र में कोयला उत्पादन बढ़ाने और मजदूरों की समस्याओं का समाधान करने के लिए सुझाव दिए। सतीश चंद्र दुबे ने इन सुझावों पर विचार करने और जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## नितिन नवीन को भाजपा रामगढ़ जिला इकाई ने दी बधाई



**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) रामगढ़ जिला इकाई ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। नितिन नवीन वर्तमान में पटना के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं और बिहार सरकार में पथ निर्माण एवं नगर आवास विभाग के मंत्री हैं। भाजपा रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि नितिन नवीन की नियुक्ति से पार्टी का संगठनात्मक ढांचा और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन के नेतृत्व में पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सभी कार्यकर्ता मिलकर काम करेंगे। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, विधायक रोशन लाल चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार, वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, इला रानी पाठक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमरेंद्र कुमार गुप्ता, रणंजय कुमार उर्फ कूंटू बाबू, डॉक्टर संजय कुमार सिंह, चंद्रशेखर चौधरी, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, विनोद कुमार, जिला उपाध्यक्ष रंजन फौजी, राजेन्द्र कुशवाहा, बलराम महतो, स्नेहलता चौधरी, दिनेश प्रसाद, महेन्द्र प्रजापति, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, जिला मंत्री दिलीप सिंह, संजीव कुमार बबला, शौर्य कुमार सोनू ने नितिन नवीन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जगत प्रकाश नड्डा का यह निर्णय सशक्त भाजपा सशक्त भारत के संकल्प को साकार करने वाला है।

## भुरकुंडा हनुमान मंदिर परिसर में चापाकल बनकर तैयार, संतोष यादव की पहल से मिली राहत



**भुरकुंडा :** भुरकुंडा के गुरुद्वारा रोड स्थित हनुमान मंदिर के परिसर में खराब हुई चापानल को बनवाने में आरजेडी नेता संतोष यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चापाकल खराब होने से आसपास के दुकानदारों और मंदिर में पूजा करने वालों को परेशानी हो रही थी, जिसे अब दूर कर दिया गया है। इस काम को पूरा करने के लिए 11 हजार केवी का डीवीसी बिजली सप्लाई बंद करना पड़ा और पाइप लाइन को भी बदला गया। ठीकेदार अजय यादव ने बताया कि टेंडर खत्म हो गया था, लेकिन संतोष यादव ने अधिकारियों से संपर्क कर इस काम को पूरा करवाया। संतोष यादव की इस पहल की सराहना की जा रही है, जिन्होंने मंदिर और आसपास के लोगों की सुविधा के लिए यह काम करवाया है। हनुमान मंदिर में पूजा करने वालों के लिए यह एक बड़ी राहत है। इस काम के पूरा होने से आसपास के दुकानदारों और मंदिर में पूजा करने वालों को बहुत राहत मिली है। वे अब आसानी से पानी की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं और अपने पूजा-अर्चना में ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। संतोष यादव की इस पहल से यह साबित होता है कि वे अपने क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। उनकी इस पहल की सराहना की जानी चाहिए और उन्हें इसके लिए बधाई दी जानी चाहिए।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में लेक्चर सीरीज का हुआ आयोजन



**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में लेक्चर सीरीज का आयोजन किया गया। यह श्रृंखला 15 दिसंबर 2025 से 23 दिसंबर 2025 तक विभिन्न तारीखों में आयोजित होगी। इस व्याख्यान श्रृंखला के प्रथम दिन में मुख्य वक्ता के रूप में राम शोभा कॉलेज आफ एजुकेशन, वानखेता, रामगढ़ की प्राचार्य डॉ ज्योति वालिया उपस्थित रही। सर्वप्रथम मुख्य वक्ता एवं विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माता सरस्वती के चित्रों पर माल्यार्पण कर इस श्रृंखला का विधिवत उद्घाटन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने आगंतुक अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन और शुभकामनाएं दिए। सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित यह व्याख्यान श्रृंखला ज्ञान- विस्तार, चिंतन एवं नवाचार को प्रोत्साहित करनेवाली सिद्ध हो- यही शुभेच्छा है। इस श्रृंखला के प्रथम दिन में मुख्य वक्ता डॉ ज्योति वालिया ने प्रैक्टिकल पेडगॉजी फॉर रियल क्लासरूम शीर्षक पर अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। उन्होंने छात्रों की एक्सपीरियंस लर्निंग की अवधारणा को समझाया और सभी को पेडागोजी में लर्निंग बाय डूइंग के महत्व से अवगत कराया। मौके पर विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो(डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो(डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, शिक्षा विभाग के सभी व्याख्याताओं के साथ-साथ 200 की संख्या में प्रशिक्षु उपस्थित रहे। इस लेक्चर सीरीज का उद्देश्य शिक्षकों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नवीन विचारों से जोड़ते हुए शैक्षणिक उत्कृष्टता को नई दिशा प्रदान करना है। इस श्रृंखला के माध्यम से छात्रों को अपने ज्ञान में वृद्धि करने और अपने कौशल को विकसित करने का अवसर मिलेगा।

# बरहरवा प्रखंड में रबी कार्यशाला आयोजित मिट्टी जांच व वैज्ञानिक खेती पर दिया गया जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला के बरहरवा प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता बरहरवा के प्रखंड विकास पदाधिकारी ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति रही और उन्हें रबी मौसम में उन्नत व वैज्ञानिक खेती से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को मिट्टी जांच के महत्व, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा सरकारी योजनाओं से अवगत कराना रहा। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने विस्तार से बताया कि मिट्टी जांच क्यों आवश्यक है और इसके बिना खेती करने से उपज पर किस प्रकार नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। किसानों को मिट्टी जांच के मुख्य उद्देश्य, मिट्टी का नमूना लेने का सही समय, रासायनिक खादों के लिए नमूना लेने की विधि, भूमि की पहचान तथा मिट्टी के प्रकारों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही ऊंची, नीची, समतल एवं डलवा भूमि की स्थिति के अनुसार खेती करने की तकनीकों पर भी चर्चा की गई। नमूना एकत्र करने की सही विधि, कितने समय बाद दोबारा मिट्टी जांच करानी चाहिए तथा नमूना लेते समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साहिबगंज के जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता, जिला उप परियोजना निदेशक मंटू कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास, सांसद प्रतिनिधि अब्दुल कादिर, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गफूर, एवं 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने कहा कि रबी सीजन में बेहतर और अधिक उत्पादन के लिए किसानों को मिट्टी जांच के बाद ही फसल की बुआई करनी चाहिए। वक्ताओं ने संतुलित उर्वरक उपयोग, बीज उपचार, फसल चक्र अपनाने और आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रयोग पर भी जोर दिया। इसके अलावा किसानों को सरसों सहित अन्य रबी फसलों में लगने वाले रोगों से बचाव, विभिन्न कीटनाशक दवाओं के सुरक्षित प्रयोग तथा उन्नत किस्मों की खेती की जानकारी दी गई। नकदी फसलों के रूप में स्ट्रॉबेरी और केला की खेती से होने वाले लाभों पर भी चर्चा की गई, जिससे किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकें। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं किसानों को जागरूक करने और वैज्ञानिक तरीके से खेती अपनाने में सहायक होती हैं, जिससे फसलों की गुणवत्ता और उपज दोनों में वृद्धि संभव है। कार्यक्रम में अख्तर आलम, ईद उल शेख सहित प्रखंड के दूर-दराज पंचायतों से आए बड़ी संख्या में किसान एवं कृषक मित्र उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यशाला को उपयोगी व ज्ञानवर्धक बताया।

## एक नजर

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विजय दिवस समारोह मनाया



**साहिबगंज:** शहर के विद्या भारती विद्यालय जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के वंदना कक्ष में मंगलवार को विजय दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व वायुसैनिक व भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी गोपाल प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील पंडित ने सरस्वती माता, ओंकार एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करके व पुष्प अर्पित करके किया। अतिथि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि गोपाल प्रसाद ने कहा कि आज ही के दिन सन् 1971 में भारतीय सेना की वीरता के आगे पाकिस्तान की हजारों सेना ने आत्मसमर्पण किया था और बांग्लादेश को आजादी मिली थी इस ऐतिहासिक विजय के नायक रहे भारतीय सेना के जवानों के शौर्य और बलिदान को नमन हैं। मंच संचालन आचार्य अमित कुमार ने किया। मौके पर विद्यालय के आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

### नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन आज

**साहिबगंज:** जिला के बोरियो प्रखंड क्षेत्र के इमली गाछी के पास नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन 17 दिसंबर से 25 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। कथा को लेकर कलश शोभा यात्रा 17 दिसंबर बुधवार को पूर्वाह्न 7:00 बजे से प्रारंभ होगी। श्रीराम कथा वाचक सुभाष शास्त्री महाराज होंगे। कथा प्रतिदिन अपराह्न 3:00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक होगी।

### बायोडायवर्सिटी पार्क में प्रवासी पक्षी, डॉल्फिन बने आकर्षण



**साहिबगंज:** जिला अंतर्गत तालझारी प्रखंड के मेहंदीपुर मसकलैया स्थित एनएच फोर लेन के समीप गंगा तट पर वर्ष 2017 में लगभग तीन किलोमीटर लंबे और 100 मीटर चौड़े क्षेत्र में बायोडायवर्सिटी पार्क का निर्माण किया गया है। इसमें लाखों पेड़ लगाए गए हैं और वन विभाग की ओर से कुर्सी, रेस्ट हाउस, सोलर लाइट तथा पानी की व्यवस्था की गई है। सड़क के दूसरी ओर स्थित मसकलैया चिड़िया झील में इन दिनों प्रवासी पक्षियों का लगातार आगमन हो रहा है। झील में विभिन्न प्रजातियों के पक्षी भोजन करते देखे गए हैं। वन्यजीव संस्थान के गंगा प्रहरी बरूण कुमार मंडल ने बताया कि ठंड के आगमन के साथ हजारों किलोमीटर दूर से प्रवासी पक्षी आते हैं और फरवरी के अंत तक लौट जाते हैं। इनमें रेड क्रेस्टेड, पोलार्ड, कोमन कुट, पर्पल हेरोन सहित कई प्रजातियां शामिल हैं। विदेशी पक्षियों के आगमन से झील की सुंदरता और भी बढ़ जाती है। क्या कहते डॉल्फिन प्रहरी मसकलैया स्थित पार्क के गंगा नदी में 10-12 की संख्या में डोल्फिन अठखेलियां करते देखा जा सकता है। वन विभाग की ओर लाखों पेड़ लगाये गये हैं, जो पार्क की सुंदरता को बढ़ा रहे हैं।

## मशरूम प्रशिक्षण का सफल समापन, सखी मंडल किसानों के बीच किट एवं प्रमाण पत्र का वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत उद्यान विकास योजना के तहत जिला उद्यान कार्यालय, साहिबगंज द्वारा अभिसरण के माध्यम से जेएसएलपीएस के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन किया गया। यह प्रशिक्षण पतना प्रखंड के कुल 60 सखी मंडल किसानों के लिए आयोजित किया गया था। समापन के अवसर पर सहायक निदेशक उद्यान, दुमका दयानंद प्रसाद, मोदी कोला पंचायत के मुखिया धर्मू मालतो एवं पतना प्रखंड के बीपीएम राहुल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से प्रशिक्षण प्राप्त किसानों के बीच मशरूम उत्पादन से संबंधित किट एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक उद्यान दयानंद प्रसाद ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मशरूम की खेती कम लागत एवं कम भूमि में की जा सकने वाली लाभकारी कृषि गतिविधि है। इसके माध्यम से किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं तथा अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त तकनीकी ज्ञान का व्यवहारिक रूप से उपयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उद्यान विभाग से प्रेम पासवान, सामुदायिक समन्वयक परवेज आलम, बीआरपी राज कुमार मंडल सहित सखी मंडल की सक्रिय किसान दीदियां – मेशी पहाड़िन, सुखी पहाड़िन, शांति पहाड़िन, धरमी पहाड़िन, मेरीशिला मालतो एवं अन्य किसान दीदियां उपस्थित रहीं।

## सत्याग्रह अनशन के अठारहवें दिन मातृशक्तियों ने शांतिपूर्ण अपनी मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** सत्याग्रह अनशन प्रदर्शन हेतु लगातार अठारहवें दिन डिहारी, हाजीपुर भिठा, पटवर टोला और भोलीया टोला गांव की गृहणियां सांकेतिक रूप में उपस्थित रहीं। धरना प्रदर्शन स्थल पर ज़िला प्रशासन द्वारा नियुक्त, सीएचओ राजा शिवम्, साथी एएनएम मीणा देवी ने लगातार तीसरी बार सभी अनशनकारी माताओं की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई। मातृशक्तियों ने शांतिपूर्ण विरोध और धरना प्रदर्शन के दौरान विभिन्न न्यूज एजेंसी के संवाददाताओं के माध्यम से सरकार को स्मरण कराया कि-वेटलैंड के नजदीक हवाईअड्डा बनने से कई नुकसान हो सकते हैं: जैव विविधता का नुकसानः वेटलैंड एक महत्वपूर्ण जैव विविधता स्थल होता है, जहां कई प्रजातियों के पौधे और जानवर रहते हैं। हवाईअड्डा बनने से इन प्रजातियों का आवास नष्ट हो सकता है। पक्षियों का खतराः वेटलैंड पक्षियों के लिए एक महत्वपूर्ण आवास होता है, और हवाईअड्डा बनने से पक्षियों को खतरा हो सकता है। पक्षियों के साथ विमानों की टक्कर होने का खतरा शत प्रतिशत है। जल प्रदूषणः हवाईअड्डा बनने से जल प्रदूषण बढ़ सकता है, जिससे वेटलैंड के जल की गुणवत्ता खराब हो सकती है। भूमि अधिग्रहणः हवाईअड्डा बनने के लिए भूमि अधिग्रहण करना पड़ रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को विस्थापित और हरा-भरा खेत बगीचा उजड़ने लगेगा। शोर प्रदूषणः हवाईअड्डा बनने से शोर प्रदूषण बढ़ सकता है, जिससे स्थानीय लोगों और वन्यजीवों को परेशानी हो सकती है। वेटलैंड का विनाशः हवाईअड्डा बनने से वेटलैंड का विनाश हो सकता है, जिससे पर्यावरण और जैव विविधता को नुकसान पहुंच सकता है। इन नुकसानों को देखते हुए, वेटलैंड के नजदीक हवाईअड्डा बनने से पहले पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए।

## फोन पर 50 लाख फिरौती मांगने वाला गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़/अमड़ापाड़ा :** जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में विगत दिनांक-21.11.2025 को संध्या 07.42 बजे बी०जी०आर० कम्पनी के कर्मचारी मधुसुदन यू के मोबाईल नंबर-7847817424 पर मोबाईल नंबर-7369049962 से कॉल करके 50 पचास लाख रुपये की रंगदारी की मांग की गयी थी। इस संबंध में अमड़ापाड़ा थाना कांड संख्या-74/2025 दिनांक-06.12.2025, धारा-308 (3) / 308 (4) बी०एन०एस० अंकित कर कांड के त्वरित अनुसंधान / उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ द्वारा विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया। उक्त गठित विशेष अनुसंधान दल द्वारा त्वरित कार्रवाई/छापामारी करते हुये रंगदारी मांगने की घटना में संलिप्त अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुछताछ के दौरान गिरफ्तार अप्राथमिकी अभियुक्त के द्वारा उक्त घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार किया गया और अभियुक्त के निशानदेही पर घटना में उपयोग किया गया एक लावा कम्पनी का छोटा मोबाईल एवं एक एयरटेल कम्पनी का सीम कार्ड बरामद किया गया है। वहीं खबर लिखें जाने तक गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक में भेजने की कार्रवाई की जा रही थी। गिरफ्तार अभियुक्त का संख्या अजय मुर्मू उम्र करीब 23 वर्ष पिता मारंग मुर्मू ग्राम जिरली थाना बोआरीजोर, जिला गोड्डा, वर्तमान पता ग्राम रानीडीह थाना ललमटिया, जिला गोड्डा । अजय मुर्मू का अपराधिक इतिहास बोआरीजोर (गोड्डा) थाना कांड संख्या-13/2022, दिनांक-11.04.2022 धारा-341/385 / 387/34 भा०द०वि० । छापामारी टीम / रक्ळ में शामिल पुलिस पदाधिकारी/कर्मी का पदनाम एवं नाम श्री मदन कुमार शर्मा, पुलिस निरीक्षक-सह-थाना प्रभारी, अमड़ापाड़ा थाना, जिला पाकुड। 2. पु०अ०नि० चंदन कुमार सिंह अमड़ापाड़ा थाना, पाकुड। पु०अ०नि० बुदीलाल मुर्मू अमड़ापाड़ा थाना, पाकुड़ ।

## छह मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले में विधायक महेशपुर एवं विधायक लिट्टीपाड़ा, उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, सांसद प्रतिनिधि एवं विधायक प्रतिनिधि ने मंगलवार कोसमाहरणालय परिसर, पाकुड़ से जिले में संचालित छह मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि इस पहल से जिले के दूरदराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अब प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 06 मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित की गई हैं, जिन्हें प्रत्येक प्रखंड से टैग किया गया है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ एवं प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।उपायुक्त ने बताया कि ये मोबाइल मेडिकल यूनिट विशेष रूप से उन क्षेत्रों में संचालित की जाएंगी, जहां लोगों को स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचने में कठिनाई होती है। प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट एक चलते-फिरते लघु अस्पताल के रूप में कार्य करेगी। प्रत्येक वैन में एक एमबीबीएस चिकित्सक, एक नर्स एवं एक एएनएम की तैनाती की गई है। वैन में प्राथमिक उपचार, आवश्यक दवाइयां एवं मूलभूत जांच सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। उपायुक्त ने कहा कि इस पहल से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित होगी तथा ग्रामीण एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

## समाहरणालय में उपायुक्त की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** मंगलवार को समाहरणालय भवन स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों, अंचलों एवं नगर क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा प्रस्तुत जन-अभ्यावेदनों को सुनते हुए उपायुक्त ने प्रत्येक मामले की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। आवेदकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में उत्पन्न विविध जनसमस्याओं, आधारभूत सुविधाओं की कमी तथा कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रहने की स्थिति से उपायुक्त को अवगत कराया। जनता दरबार में प्रस्तुत प्रमुख प्रकरणों में जनगढना मे अनियमिता बरतने पर आपत्ति करने के सबंध मे,नीमडीह प्रखंड से आये गुलाम मुस्तफा ने अपने ही जमींन पर बने विद्यालय मे रोजगार के सम्बन मे, खरसावां प्रखंड मे अंचल द्वारा प्रशासन के सहयोग से सीमांकन करने के सम्बन्ध मे मामले भी सामने आए। इसके अतिरिक्त ग्राम प्रधानों के सम्मान राशि का नियमित एवं समयबद्ध भुगतान, सरायकेला नगर क्षेत्र के हाट बाजार में शुक्रवार को लगने वाले भीषण जाम की समस्या, तथा हाउसिंग बोर्ड, आदित्यपुर की ली गई भूमि पर अवैध कब्जे से संबंधित शिकायतें भी दर्ज की गईं। साथ ही भूमि संबंधित विभिन्न मामलों समेत विभिन्न विभाग से सम्बन्धित आवेदन भी प्राप्त हुए। उपायुक्त ने विभागीय एवं अंचल स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों में स्थलीय सत्यापन आवश्यक है, वहाँ संबंधित अधिकारी त्वरित निरीक्षण कर तथ्यात्मक प्रतिवेदन उपलब्ध कराएँ, ताकि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि जनसुविधा एवं जनकल्याण से संबंधित योजनाओं के लंबित मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा पात्र लाभुकों को समय पर लाभ उपलब्ध कराना प्रत्येक अधिकारी की जवाबदेह जिम्मेदारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला प्रशासन ने सड़क किनारे सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया



**साहिबगंज:** राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तर बेगमगंज-चांदशहर आरईओ सड़क किनारे मंगलवार को उधवा बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी व राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज के नेतृत्व में सरकारी खास जमीन को अतिक्रमण मुक्त कर समतलीकरण किया गया। जानकारी के अनुसार नाइप आमबगीचा के पश्चिमी दिशा के समीप बेगमगंज-चांदशहर आरईओ सड़क से सटे सरकारी खास जमीन का समतलीकरण किया गया। इस दौरान सीओ जयंत कुमार तिवारी ने बताया कि उक्त जमीन उपायुक्त साहेबगंज के निर्देश पर समतलीकरण कार्य किया गया है, साथ ही बताया कि जमीन दान दाता सपन मंडल ने झारखंड सरकार को तीन कट्ठा सत्रह धुर जमीन रास्ता हेतु दान दिया है। उक्त जमीन झारखंड सरकार की जमीन है,जो सरकारी व खास जमीन के श्रेणी में आता है। दस्तावेज के अनुसार उक्त जमीन रास्ता हेतु झारखंड सरकार के नाम उल्लेख है। आगे बताया कि उक्त जमीन पर कुछ दिनों पूर्व कुछ तथाकथित लोगों के द्वारा जेसीबी से खुदाई कर गढ्डा बना दिया था। साथ ही रास्ता ब्लाक कर दिया गया था। इसके अलावा सरकारी जमीन की भौगोलिक सीमाओं को नष्ट करने का प्रयास हुआ है। जिसकी लिखित शिकायत जमीन दान दाता सपन मंडल व अन्य लोगों ने उपायुक्त, अपर समाहर्ता साहेबगंज एवं अंचलाधिकारी उधवा व थाना प्रभारी राधानगर से अतिक्रमण मुक्त करने एवं समतलीकरण की मांग किया था। उपायुक्त के निर्देश पर उक्त सरकारी खास जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। मौके पर राजस्व कर्मचारी सह प्रभारी अंचल निरीक्षक सुशील मरांडी, अंचल अमीन सुदर्शन मंडल, सहित काफी संख्या में पुलिस बल के जवान तैनात थे।

### मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज:** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत की पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 120/25, दिनांक 20 नवंबर 2025, धारा 26(2) /115(2) /117(2) /109(1) /303(2) /3(5) बीएनएस के प्राथमिकी अभियुक्त बिरजू यादव पिता दिलीप यादव, विजय यादव पिता गोविंद यादव, गणेश यादव पिता सत्यनारायण यादव, सभी का साकिन महादेवगंज, जिला साहेबगंज एवं कांड संख्या 64/24, दिनांक 21 जुलाई 24, धारा 406/420 भादवि के प्राथमिक अभियुक्त विकास सत्यम पिता वेजयंती लाल साकिन बानो छापर केनरा बैंक के पीछे, थाना बानो छापर, जिला पश्चिम चंपारण बेतिया (बिहार) को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार किया है। जहां पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत सदर अस्पताल साहिबगंज में शारीरिक जांच करवाने के बाद पुलिस ने चारों अभियुक्तों को मार्गरक्षी दल के साथ न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का सफल आयोजन




**साहिबगंज:** माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज के अध्यक्ष अखिल कुमार के मार्गदर्शन में 16 दिसंबर 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज एवं जिला परिवहन कार्यालय, साहिबगंज के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान इंटर स्कूल, साहिबगंज परिसर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को सड़क पर यातायात के दौरान सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को अपने परिजनों के साथ यात्रा करते समय हेलमेट, सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा अपने परिवारजनों को भी इसके लिए प्रेरित करने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा वाहन चलाना कानूनन अपराध है। यदि कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पकड़ा जाता है तो मोटर वाहन अधिनियम की धारा 199ए के तहत 25,000/- का जुमार्ना एवं अभिभावक को 6 माह के कारावास का प्रावधान है। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि वाहन चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य है तथा बिना लाइसेंस वाहन चलाने पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 181 के तहत 5,000/- का जुमार्ना लगाया जाता है। दो पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट के उपयोग, ओवर स्पीड से बचने एवं सुरक्षित गति से वाहन चलाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त "नेक नागरिक" योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को "गोल्डन ऑवर" के दौरान सहायता प्रदान करने वाले नेक नागरिक को 2,000/- की प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार से एल.ए.डी.सी. रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव, रत्न कुमार तथा परिवहन विभाग से जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, आर.ई.ए. अनुज पराशर उपस्थित थे।

### सुपौल में मिला साहिबगंज का दिव्यांग, वापस लाने की तैयारी



**साहिबगंज:** जिले का एक मानसिक दिव्यांग सुपौल में बरामद किया गया। सुपौल बाल कल्याण समिति ने बताया कि किशोर मोहित कुमार (21) विशेष इकाई से संबंधित है। मानसिक दिव्यांग होने के बावजूद वह अपना दैनिक कार्य खुद करता है। बताया कि उसके थंब इंप्रेशन से उसके पूर्व के आधार का पता चला है। उसके अनुसार किशोर साहिबगंज शहर के ज्ञानदा गली निवासी संजय राम का पुत्र है। उन्होंने किशोर का पुनर्वास उसके परिवार में करवाने के लिए उक्त पते पर एसआईआर करवाने की बात कही है। इधर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी एवं बाल कल्याण समिति के पूर्व सदस्य डॉ सुरेंद्र नाथ तिवारी बालक की साहिबगंज वापसी के प्रयास में लगे हैं।

# नीतीश के महिला डॉक्टर का हिजाब हटाने पर विवाद

## महबूबा मुफ्ती बोलीं- बुढ़ापे का असर या मुसलमानों का अपमान; आज के कार्यक्रम का लाइव रोका





पटना। में नियुक्ति पत्र बांटने के दौरान नीतीश कुमार ने एक मुस्लिम महिला डॉक्टर का हिजाब हटा दिया। इसे लेकर अब कन्ट्रोवर्सी तेज हो गई है। JKPDP की प्रेसिडेंट महबूबा मुफ्ती ने कहा, 'एक युवती का नकाब खींचते हुए देखकर मुझे गहरा सदमा लगा। ये बुढ़ापे का असर है या फिर मुसलमानों को सार्वजनिक अपमान। नीतीश साहब, शायद अब आपके पद छोड़ने का समय आ गया है।' इधर, मंगलवार को बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के नए इंजीनियर्स को नियुक्ति पत्र बांटे गए। हिजाब हटाने के विवाद के बाद इस कार्यक्रम का लाइव रोक दिया गया। कार्यक्रम में मीडिया की एंट्री भी बैन थी। दरअसल, सोमवार को CM नीतीश कुमार आयुष डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र बांट रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक महिला डॉक्टर नुसरत को पहले तो नियुक्ति पत्र दे दिया। इसके बाद उसे देखने लगे। महिला भी मुख्यमंत्री को देखकर मुस्कुराई। CM ने हिजाब की ओर इशारा करते हुए पूछा कि ये क्या है जी। महिला ने जवाब दिया, हिजाब है सर। CM ने कहा कि हटाइए इसे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने खुद अपने हाथ से महिला का हिजाब हटा दिया। इस दौरान डिप्टी CM सम्राट चौधरी नीतीश कुमार को रोकने के प्रयास में उनकी आस्तीन खींचते हुए नजर आए। हिजाब हटाने से महिला थोड़ी देर के लिए असहज हो गई। आसपास मौजूद लोग हंसने लगे। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने महिला को नियुक्ति पत्र फिर थमाया और जाने का इशारा किया। महिला फिर वहां से चली गई।सोमवार की घटना के बाद कांग्रेस का कहना है कि जब राज्य का मुखिया सरेआम ऐसी हरकत करे, तो महिलाओं की सुरक्षा का क्या भरोसा? इस घटिया कृत्य के लिए नीतीश कुमार को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। वहीं राजद ने पूछा कि, क्या मुख्यमंत्री संघी हो गए। इस घटना को लेकर राजद की तरफ से आज मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई गई है।बिहार पुलिस अकादमी राजगीर में 1218 ट्रेनी दरोगा के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर सीएम नीतीश कुमार शामिल हुए। उन्होंने परेड की सलामी ली। दीक्षांत परेड के निरीक्षण के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुली जीप में सवार होने वाले थे। परंपरा के अनुसार उनके साथ केवल पुलिस महानिदेशक (DGP) जीप में मौजूद थे। जैसे ही मुख्यमंत्री जीप की ओर बढ़े, उनकी नजर मंच पर बैठे मंत्रियों पर पड़ी। तभी उन्होंने सम्राट चौधरी की ओर इशारा करते हुए कहा, अरे आप भी आओ भाई...चलो ना। इसके बाद सम्राट जीप पर सवार हो गए।18वीं विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन स्पीकर का चुनाव हुआ। बीजेपी के विधायक प्रेम कुमार निर्विरोध स्पीकर चुने गए। जिसके बाद सदन के नेता नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी कुमार साथ में उन्हें चेयर तक लेकर आए। निर्वाचन के बाद सदन में 'भारत माता की जय' और 'जय श्रीराम' के नारे लगे।

### श्रीनगर की मुस्लिम नेता बोलीं- बिना शर्त माफी मांगें नीतीश

इधर, श्रीनगर की मुस्लिम महिला नेता जायरा वसीम ने सोशल मीडिया पर नीतीश कुमार से बिना शर्त माफी की मांग की। उन्होंने पर लिखा, 'महिलाओं की गरिमा और मयार्दा कोई खिलौना नहीं हैं, जिससे खिलवाड़ किया जा सके। खासकर सार्वजनिक मंच पर तो बिल्कुल नहीं। एक मुस्लिम महिला होने के नाते, दूसरी महिला का नकाब इतनी लापरवाही से खींचा जाना। उसके साथ ही वो बेपरवाह मुस्कान देखना बेहद गुस्सा दिलाने वाला था। सत्ता सीमाओं का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं देती।'

### बचाव में उतरी नीतीश की पार्टी

बिहार सरकार में मंत्री जमा खान ने कहा कि, नीतीश कुमार बिहार में रहने वाले सभी जातियों और धर्मो के लोगों से प्यार करते हैं और अल्पसंख्यक समुदाय का बहुत सम्मान करते हैं... जब कोई ऐसे नेता पर उंगली उठाता है तो दुख होता है। वह सबका सम्मान करते हैं और सबसे प्यार करते हैं। ऐसी बातें नहीं होनी चाहिए। आरोप लगाने से पहले लोगों को सोचना चाहिए कि वे किस पर आरोप लगा रहे हैं - उस व्यक्ति पर जिसने बिहार को इतना संवारा है।

## संक्षिप्त डायरी

### बगहा में 12 वर्षीय नाबालिग लड़की पांच माह से लापता



बगहा। में एक नाबालिग लड़की की गुमशुदगी का मामला पांच महीने बाद भी सुलझ नहीं पाया है। बगहा थाना कांड संख्या 210/25 से संबंधित इस मामले में पुलिस अब तक बच्ची को बरामद नहीं कर पाई है। इससे पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों में आक्रोश है। मामले में कोई प्रगति न होने पर नाबालिग के माता-पिता ने बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद से मुलाकात की। उन्होंने मंत्री को पूरी घटना से अवगत कराया। मंत्री नारायण प्रसाद ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल बगहा की प्रभारी एसपी निर्मला कुमारी से बात की और शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। खुलेआम घूम रहे है आरोपी नाबालिग की मां ने बताया कि पांच महीने बीत जाने के बावजूद बगहा पुलिस प्रशासन न तो उनकी बेटी को बरामद कर पाया है और न ही कोई ठोस जानकारी दे रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जबकि थाने में उन्हें केवल आश्वासन मिल रहा है। परिवार को आशंका है कि उनकी बेटी मानव तस्करों के चंगुल में फंसी हो सकती है। एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की लगाएंगे गुहारमंत्री द्वारा एसपी से बात किए जाने के बाद, एसपी ने नाबालिग के परिजनों और समाजसेवियों को सोमवार को अपने कार्यालय बुलाया था। हालांकि, एसपी कार्यालय में मौजूद नहीं थीं। परिजनों ने बताया कि वे मंगलवार को फिर से एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाएंगे। यह मामला अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियानों के बीच एक दिव्यांग मां अपनी बेटी के लिए न्याय की तलाश में है।

### दुनिया का सबसे बड़ा शिवलिंग फरवरी में होगा स्थापित



पटना। दुनिया का सबसे बड़ा शिवलिंग 4 जनवरी तक बिहार के पूर्वी चंपारण स्थित चकिया के विराट रामायण मंदिर पहुंचेगा। नए साल में फरवरी तक इस शिवलिंग के विराट रामायण मंदिर में स्थापित होने की उम्मीद है। शिवलिंग ने अबतक करीब 1635 किलोमीटर की यात्रा कर ली है। यह शिवलिंग तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र होते हुए मध्य प्रदेश पहुंच गया है। अब मध्य प्रदेश के बाद शिवलिंग उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगा। उत्तर प्रदेश में भी विभिन्न जगहों पर स्वागत करने की योजना बनी है। बनारस, मोहनिया होते हुए शिवलिंग बिहार में प्रवेश करेगा।महावीर स्थान न्यास समिति के सचिव सायण कुणाल ने कहा कि अबतक की यात्रा के दौरान भक्त शिवलिंग का स्वागत और पूजा-अर्चना के लिए जमा हो जा रहे हैं। जहां भी वाहन खड़ा किया जा रहा है। वहीं पर पूजा करने के लिए भक्तों की भीड़ जमा हो जा रही है। यह शिवलिंग बिहार में आरा, सकड्डी, छपरा, मसरख, मोहम्मदपुर, कजरिया, केसरिया होते हुए फिर विराट रामायण मंदिर पहुंचेगा। बिहार में 10 से 15 जगहों पर स्वागत करने की योजना है। इस शिवलिंग का वजन 210 मीट्रिक टन है और इस पर 108 सहस्त्रलिंगम तैयार किया गया है। 33 फीट का शिवलिंग एक ब्लैक ग्रेनाइट पत्थर से बना इस शिवलिंग का निर्माण तमिलनाडु के महाबलीपुरम के पट्टीकाडु गांव में बीते दस साल से हो रहा था। 33 फीट का शिवलिंग एक ब्लैक ग्रेनाइट पत्थर है। सड़क मार्ग से इसे 21 नवंबर को महाबलीपुरम से 96 चक्का वाले ट्रक से पूर्वी चंपारण स्थित विराट रामायण मंदिर के लिए रवाना किया गया था। शिवलिंग को रवाना करने के पहले पूजा-पाठ की गई। शिवलिंग निर्माण करने वाली कंपनी के मुताबिक इस शिवलिंग के निर्माण पर करीब 3 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।आकार में यह मंदिर 1080 फीट लंबा रामायण मंदिर का निर्माण महावीर मंदिर न्यास समिति की ओर से कराया जा रहा है। विराट रामायण मंदिर का प्रवेश द्वार, गणेश स्थल, सिंह द्वार, नंदी, शिवलिंग, गर्भ गृह का पाइलिंग, आदि का काम पूरा हो गया है।आकार में यह मंदिर 1080 फीट लंबा और 540 फीट चौड़ा होगा। इसमें कुल 18 शिखर और 22 मंदिर होंगे। मुख्य शिखर की ऊंचाई 270 फीट, चार शिखर की ऊंचाई 180 फीट, एक शिखर की ऊंचाई 135 फीट, आठ शिखर की ऊंचाई 108 फीट और एक शिखर की ऊंचाई 90 फीट होगी।पटना से इस मंदिर की दूरी लगभग में 120 किलोमीटरसायण कुणाल के मुताबिक 2023 के 20 जून को शिलान्यास के बाद विराट रामायण मंदिर का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। पटना से इस मंदिर की दूरी लगभग में 120 किलोमीटर है। विराट रामायण मंदिर में 4 आश्रम होंगे। चकिया का विराट रामायण मंदिर आचार्य किशोर कुणाल का ड्रीम प्रोजेक्ट है। विराट रामायण मंदिर का निर्माण हो जाने पर यह विश्व का सबसे बड़ा मंदिर होगा।

## दरभंगा में झोलाछाप डॉक्टर के चक्कर में महिला की मौत



दरभंगा। में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। झोलाछाप डॉक्टर के चक्कर में जान चली गई। परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतका की पहचान लक्ष्मण शाह की पत्नी अनीता देवी(40) के तौर पर हुई है। घटना एपीएम थाना क्षेत्र के सीरनिया वार्ड संख्या-13 की है। पति लक्ष्मण शाह ने बताया कि रविवार शाम पत्नी के पैर के अंगूठे में चोट लग गई थी। इलाज के लिए गांव में ही निजी प्रैक्टिस करने वाले दवा दुकान संचालक शिवजी शाह के पास गए थे। जाते ही उसने तीन इंजेक्शन लगा दिया। इसके बाद तबीयत अचानक बिगड़ गई। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई।मृतका के भाई संतोष साह ने आरोप लगाते हुए कहा कि दवा दुकान पर इलाज के दौरान इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी है। शिवजी साह करीब 10 साल से दवा दुकान चला रहा है। घटना के बाद से ही फरार है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार कार्रवाई की बात कही है। 3 छोटे-छोटे बच्चे हैं। बेहद गरीब परिवार से हैं। पत्नी की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सरकार से आर्थिक सहायता और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है

## बांका में कोहरे के कारण २ बाइक टकराई,एक की मौत



पटना। बिहार के कई जिलों में कोहरा है। मंगलवार को बेतिया में घना कोहरा छाया है। बांका में कोहरे के कारण 2 बाइक में सीधी टक्कर हो गई, जिसमें एक की मौत हो गई। प्रदेश में ठंड लगातार बढ़ रही है। राज्य का न्यूनतम तापमान फिलहाल 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिन में ठंड और ज्यादा बढ़ेगी। पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी बिहार के कुछ हिस्सों में हवा की रफ्तार 30ड्ट प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक 22 दिसंबर के बाद बिहार में कोल्ड वेव के हालात बन सकते हैं। खासकर बक्सर, भोजपुर, कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद जिलों में तेज पछुआ हवा चलने की संभावना है। ठंडी हवाओं के चलते फील लाइक टेंपरेचर यानी महसूस होने वाली ठंड और ज्यादा होगी। ऐसे में खुले इलाकों में रहने वाले लोगों और सुबह-शाम बाहर निकलने वालों को सावधानी बरतने की जरूरत है।बीते 24 घंटे में पटना, बक्सर, सासाराम, छपरा, बेतिया में कोहरा दिखा। वहीं, बक्सर में 20 मीटर की विजिबिलिटी रही। कोहरे की वजह सोमवार सुबह यहां कार और ट्रक में टक्कर हो गई थी। वहीं 9.9 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर सबसे ठंडा रहा। जबकि, पटना का न्यूनतम तापमान 14 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। 7 दिनों में 4 डिग्री तक गिर सकता है तापमान मौसम विभाग के अनुसार आज से अगले 7 दिनों तक सुबह और शाम के समय तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट देखने को मिल सकती है। खासतौर पर रात का तापमान तेजी से नीचे आएगा, जिससे कनकनी ज्यादा महसूस होगी। कई जिलों में घना कोहरा छाने की भी संभावना है। कोहरे की वजह से सुबह के वक्त सड़कों पर विजिबिलिटी काफी कम हो सकती है, जिसका असर रेल और सड़क यातायात पर पड़ेगा।मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी का असर मैदानी क्षेत्रों तक पहुंच रहा है। हिमालय से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाएं बिहार के तापमान को तेजी से नीचे खींच रही हैं। साथ ही आसमान साफ रहने के कारण रात में धरती की ऊष्मा तेजी से बाहर निकल जाती है, जिससे न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट दर्ज की जा रही है। 22 दिसंबर के बाद कोल्ड वेव का खतरा मौसम विभाग ने साफ संकेत दिए हैं कि 22 दिसंबर के बाद बिहार में कोल्ड वेव जैसी स्थिति बन सकती है। इसका मतलब है कि कुछ जिलों में दिन का तापमान भी सामान्य से काफी नीचे जा सकता है। कई जगहों पर कोल्ड डे के हालात बन सकते हैं, जहां दिन में भी ठंड से राहत नहीं मिलेगी।

## सड़क हादसे में घायल की अस्पताल में मौत



औरंगाबाद। जिले के खुदवां थाना क्षेत्र के बिछहा गांव के समीप रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। सोमवार की शाम शव गांव पहुंचते ही लोगों ने औरंगाबाद-पचरुखिया पथ को जाम कर दिया और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मृतक 30 वर्षीय जीतू कुमार मालवां गांव निवासी ध्रुवीक्षण राम का पुत्र था। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम करीब सात बजे जीतू कुमार अपने साथी बादशाह राम के साथ बाइक से खुदवां बाजार से सामान खरीदकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बिछहा गांव के पास पीपल के पेड़ के समीप औरंगाबाद की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक अज्ञात कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

## औरंगाबाद में महिला ने फंदे से झूलकर की आत्महत्या



औरंगाबादं। शहर के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्मा रोड स्थित वार्ड नंबर 7 सर्वोदय नगर में सोमवार की शाम एक महिला द्वारा फंदे से झूलकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका की पहचान भोजपुर जिले के तरारी थाना अंतर्गत करथ गांव निवासी बृजमोहन कुमार की 40 वर्षीय पत्नी रेखा देवी के रूप में की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार रेखा देवी अपने पति और बच्चों के साथ सर्वोदय नगर में एक किराए के मकान में रह रही थीं। मृतका के पति बृजमोहन कुमार ने सदर अस्पताल में बताया कि वह मदन प्रसाद के मकान में किराएदार हैं और जेवर की दुकान में काम कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सोमवार को भी वह रोज की तरह काम पर चले गए थे। इसी दौरान शाम के समय यह दुखद घटना घटी।मकान मालिक मदन प्रसाद ने बताया कि सोमवार की शाम रेखा देवी ने अपने बच्चों को दूध लाने के लिए बाहर भेजा था। बच्चों के बाहर जाते ही उन्होंने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। कुछ देर बाद जब बच्चे वापस लौटे तो कमरे का दरवाजा बंद देखकर आवाज लगाने लगे। कोई जवाब नहीं मिलने पर बच्चों ने आसपास मौजूद लोगों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पड़ोसी धर्मेंद्र और विवेक मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे। रेखा देवी कमरे के भीतर फंदे से लटकी हुई थीं। तत्काल इसकी सूचना मकान मालिक ने मृतका के पति को दी। सूचना मिलते ही बृजमोहन कुमार मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से रेखा देवी को ऑटो में लादकर सदर अस्पताल ले जाया गया। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# बेटियां जवान हो रही थीं, पिता-बच्चों संग फंदे से लटका






मुजफ्फरपुर। हमने दिन में खाना नहीं खाया। जिद की तो पापा अंडा ले आए। सभी एक साथ बैठकर खा रहे थे तभी पापा ने पूछा तुम लोगों को मम्मी कि याद नहीं आती? चलो मम्मी के पास चलते हैं। सभी एक साथ मर जाते हैं। 7 साल के शिवम ने यह बात अपनी बुआ को बताई। इसने अपनी आंखों से अपने पापा और 3 बहनों को मरते देखा है। किसी तरह छोटे भाई चंदन को बचा सका। घटना मुजफ्फरपुर के सकरा थाना के नवलपुर मिश्रोलिया गांव की है। सोमवार अहले सुबह यहां अमरनाथ राम नाम के व्यक्ति ने अपने 5 बच्चों के साथ फांसी लगाई। 3 बेटी के साथ वह मर गया। उसके 2 बेटे जिंदा बच गए। नवलपुर मिश्रोलिया गांव पहुंचे। यहां पूरा सन्नाटा था। सभी लोग इसी बात कि चर्चा कर रहे थे कि आज तक इलाके में ऐसी घटना नहीं घटी। अगर उसे पैसे की तंगी थी तो कहता, हमलोग मदद करते। सबसे पहले हम मृतक अमरनाथ राम के दरवाजे पर पहुंचे। घर पर पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी थे। गांव के लोग भी जुटे थे। भीड़ के बीच में 2 बच्चे (शिवम और अभिराज उर्फ चंदन) बैठे थे।अपने सामने पिता और बहनों की मौत देखने वाले दोनों बच्चों को गहरा सदमा लगा है। इतना अधिक डर गए हैं कि बोल नहीं रहे। जिस कमरे में सभी फंदे से झूले, उस तरफ मुंह करते ही रोना शुरू कर देते थे। अमरनाथ ने पत्नी की साड़ी से फंदा बनाया था। उसने 3 बेटियों की गर्दन टाइट बांधी ताकि बच नहीं सकें। डर था कि जिंदा बच गईं तो कौन देखभाल करेगा। 2 बेटों की गर्दन हल्की बांधी। दोनों बच गए। हमने बात करने की कोशिश की तो कांपने लगे बच्चे हमने दोनों बच्चों से बात करने कि कोशिश की। पूछा घटना कैसे घटी, लेकिन वे कुछ बोल न सके। डर से थर-थर कांपने लगे। कुछ देर बार जिला प्रशासन के अधिकारी दोनों को अंबेडकर आवास ले गए। परिवार में किसी के नहीं बचने और नाबालिग होने के चलते बच्चों को अंबेडकर आवास ले जाया गया। घर के बाहर मृतक अमरनाथ की बहन रेखा देवी बिलख-बिलख कर रो रही थीं। हमने उनसे घटना को लेकर बात की। रेखा देवी ने बताया, सोमवार सुबह 5.00 बजे मेरे छोटे भाई शिवनाथ राम ने फोन किया। कहा कि अमरनाथ अपने बच्चों के साथ फांसी लगाकर मर गया है। उसके साथ उसकी तीनों बेटियां मर गई हैं। इतना सुनते ही मेरे होश उड़ गए, मैं रोने-चिल्लाने लगी। भागे-भागे यहां पहुंची। उन्होंने कहा, दरवाजे पर आई तो पुलिस और लोगों की भीड़ थी। घर के अंदर कमरे में गई तो देखा कि भाई साड़ी के फंदे से लटका है। उसके साथ उसकी तीन बेटियां भी लटकी थी। मेरे सामने सभी को फंदे से उतारा गया। जिंदा बचे दोनों बच्चे दूसरे कमरे में कंबल में छिपे थे। मैं उनसे मिली तो दोनों कांप रहे थे। रेखा देवी ने कहा, शिवम ने बताया कि दिन में खाना नहीं खाया था। रात में पापा आए तो जिद की कि अंडा खाना है। पापा अंडा लेकर आए। अंडा और चावल बना। हम सभी एक साथ बैठकर खाना खा रहे थे। खाते समय पापा ने कहा तुम लोगों को मम्मी कि याद नहीं आती। चलो मम्मी के पास चलते हैं। सभी एक साथ मर जाते हैं। उसके बाद डर से किसी ने कुछ नहीं बोला।'मां से माफी मांगकर पापा ने हम सबको ट्रंक से कूदने को कहा' रेखा देवी ने कहा, शिवम ने बताया, सोमवार सुबह करीब चार बजे पापा शौच के लिए गए। लौटने के बाद सभी भाई-बहनों को जगाया। ट्रंक खोलकर मां की साड़ी निकाली। पापा ने हम पांचों के गले में साड़ी से फंदा डाला। ट्रंक पर चढ़ने को कहा। छत से फंदा लटकाया।मां की तस्वीर की ओर देख प्रणाम किया। हम सब से भी प्रणाम कराया। मां से माफी मांगी। फिर कहा- ट्रंक से कूद जाओ। तीनों बहनें पापा के साथ झटके से कूद गईं। रेखा देवी ने बताया, 'घर के अंदर 2 कमरे हैं। एक कमरे में सभी सोते थे, दूसरा कमरा छोटे भाई का है। वह खाली रहता था। छोटा भाई बाहर कमाता है। सभी छोटे भाई के कमरे में लटके मिले।' जैसा कि शिवम ने रेखा देवी को बताया, अमरनाथ एक-एक कर सभी को उस कमरे से बुलाकर लाया और फंदे से लटका दिया। बाद में खुद भी लटक गया। शिवम और उसका छोटा भाई अभिराज लटका तो दोनों के पैर से नीचे बक्सा आ गया। इससे शिवम बच गया। उसने अपने गले में डाले गए फंदे को खोला। इसके बाद छोटे भाई को भी बचा लिया। दोनों घर के बाहर आकार चिल्लाए कि पापा ने फांसी लगा ली है, सबको लटका दिया है। रेखा देवी ने बताया कि अमरनाथ को पैसे की तंगी थी। मजदूरी करता था। काम के दौरान छत से गिरने के चलते उसका बायां हाथ टूट गया था। इसके बाद से उससे भारी काम नहीं होते थे। काम नहीं मिलता था। रेखा देवी ने कहा, भाभी (अमरनाथ की पत्नी) जिंदा थी तो काम कर कुछ कमा लेती थी। इससे परिवार चलता था। उसे अपेंडिक्स की शिकायत थी। 10 महीना पहले गंभीर रूप से बीमार हुई तो पैसे की तंगी के चलते इलाज नहीं हो सका। वह मर गई। इसके बाद अमरनाथ की परेशानी बढ़ गई थी। वह बच्चों के लिए खाना तक नहीं जुटा पाता था। कई-कई दिन घर में चूल्हा नहीं जलता था। हमने अमरनाथ के मौसेरे भाई सुरेश राम से बात की। उन्होंने बताया, पत्नी कि मौत के बाद अमरनाथ बहुत परेशान था। वह सही से काम भी नहीं कर पाता था। इसके चलते उसे मजदूरी का काम नहीं मिलता था।

### पटना के राजा बाजार में हादसा, कार में लगी आग



पटना। में राजा बाजार में पिलर नंबर 73 के पास एक कार में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पास खड़ी 4 बाइक को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वे पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। इस घटना से आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने का प्रयास किया। दमकल विभाग की 4 गाड़ियों काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।घटना 6:30 मिनट की है, आग कैसे लगी, इसका कारण पता लगाया जा रहा है। आग लगी की घटना से राजा बाजार की पूरी यातायात व्यवस्था बाधित हो गई थी, जिससे गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। अग्निशमन अधिकारी शशिकांत शर्मा ने बताया कि खड़ी वैगनआर कार में आग लग गई थी, जिसके चपेट में पास में खड़ी 4 मोटरबाइक आग की चपेट में आ गई।घटना का कारण क्लियर नहींअग्निशमन अधिकारी ने बताया की आग लगने के कारण की जांच की जा रही है। लेकिन अभी कारण स्पष्ट नहीं है। यातायात अधिकारी मनमोहन शर्मा ने बताया की आग लगने के दौरान यातायात थोड़ी असामान्य हुई थी, लेकिन अभी यातायात सुचारू रूप से शुरू कर दिया गया है।चश्मदीद बोले- सिटी सेंटर में शॉपिंग करने आए थेसिटी सेंटर के स्टोर मैनेजर विकास कुमार ने बताया कि वैगनआर गाड़ी के मालिक अपने फैमिली के साथ फैशन सिटी मॉल में शॉपिंग करने आए थे।



# ये टिप्स अपनाएंगे तो हर कोई हो जाएगा आपके पर्सनैलिटी का फैन

आप पर्सनालिटी डेवलपमेंट शब्द को परिभाषित करने का प्रयास करते हैं तो आपके मन में क्या ख्याल आता है? क्या आपको लगता है अच्छे कपड़े पहनना या अंग्रेजी बोलना या फिर लोगों से मिलना पर्सनालिटी डेवलपमेंट है? तो जवाब मिलेगा नहीं। केवल यह शब्द मिलकर पर्सनालिटी डेवलपमेंट का कार्य नहीं करते बल्कि कई ऐसी चीजें हैं जो पर्सनालिटी डेवलपमेंट का कार्य करते हैं। आइए कुछ टिप्स के विषय में जान लेते हैं जो पर्सनैलिटी डेवलपमेंट का कार्य करते हैं।

### कॉन्फिडेंस बनाएं रखें

किसी भी कार्य को आसान करने का सबसे पहला मंत्र है कॉन्फिडेंस। अगर आप किसी भी काम करते समय कॉन्फिडेंस रखते हैं तो आप किसी भी समस्या का हल ढूंढ सकते हैं। कॉन्फिडेंस से भरे लोगों से हर व्यक्ति आकर्षित हो जाता है। अगर आप अपनी पर्सनालिटी को अच्छे से डेवलप करना चाहते हैं को खुद में कॉन्फिडेंस बिल्ड करने का प्रयास करें। कॉन्फिडेंस बढ़ाने के लिए आप ज्यादा से ज्यादा पढ़ना शुरू करें और नए-नए विषयों को एक्सप्लोर करना शुरू करें।

### हर विषय पर ओपिनियन बनाने का प्रयास करें

अगर आप खुद को दूसरों से अलग बनाना चाहते हैं तो प्रयास करें कि आप हर विषय में अपना एक ओपिनियन बनाएं ताकि कभी आपसे पूछा जाए तो आप जवाब दे सकें। लेकिन ध्यान रखें कि बिना मांगे ओपिनियन देने से आपकी पर्सनालिटी को नेगेटिव रूप में भी प्रदर्शित कर सकता है।

### अच्छे श्रोता बनें

हम हमेशा उन लोगों को दूसरे के मुकाबले अधिक तवज्जो देते हैं जो हमारी बातों को सुनते हैं। कई लोग ऐसा मानते हैं कि अच्छा श्रोता होना एक अच्छे व्यक्तित्व की निशानी है। अगर आप भी अपनी पर्सनालिटी को बेहतर बनाना चाहते हैं तो लोगों को सुनना शुरू करें और एक अच्छा श्रोता बनने का प्रयास करें।

### बॉडी लैंग्वेज को सुधारें

पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के लिए बॉडी लैंग्वेज पर काम करना बेहद जरूरी है। आपकी बॉडी लैंग्वेज भी आपके बारे में कई बातें बताती है। आपके चलने, बैठने, बातें करने या खाने के तरीके सहित सब कुछ आपके आस-पास के लोगों पर प्रभाव डालता है। अच्छी बॉडी लैंग्वेज एक अच्छी पर्सनालिटी की तरफ कार्य करती है।



# इन तरीकों से खुद को कर सकते हैं जॉब में मोटिवेट

**आज के दौर में जब जॉब की इतनी बहुतायत है, वहीं लोगों में उस जॉब को पानी के लिए जरूरी स्किल्स की कमी है। अक्सर ऐसा देखने में आता है कि कुछ लोगों में अपनी सब्जेक्ट की नॉलेज तो है, पर कहीं न कहीं कई ऐसी वजहें होती है जो उन्हें अपने फील्ड में बहुत अच्छा करने से रोकती हैं। ये लोग डिमोटिवेट होते हैं। तो आइए जानते हैं खुद को मोटिवेट कैसे किया जाए**

- खुद को शांत रखना सीखिए। ऐसा करने से आपका दिमाग ठीक तरीके से काम करता है और आप किसी भी समस्या का सामना कर सकते हैं।
- ऐसे विचारों को माइंड में कभी न लाएं जो आपके किसी अच्छे काम को प्रभावित करें। हम अक्सर दूसरों से राय लेने में नहीं चूकते। जब कुछ नया करने जा रहे होते हैं। अब यह निर्भर करता है कि जिससे आपने राय ली है, वह आपका हित चाहने वाला है या नहीं, तो तुरंत किसी की बात को न मानें। उस पर विचार करें। उसके बाद ही कोई कदम उठाएं।
- अगर आप किसी काम के लिए जा रहे हों तो अपने डर पर विजय हासिल करें। कॉन्फिडेंट रहिए, डर दूर करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप सामने वालों को भी अपनी ही तरह एक आम इंसान ही समझें। सोचिए कि अगर आप किसी ऊंची पोस्ट पर होते हैं तो सब आपके हाथ में होता।
- जब आप कोई इंटरव्यू के लिए जा रहे हों तो ये सोचिए कि आप कई इंटरव्यू दे चुके हैं। भले ही यह आपका पहला इंटरव्यू रहो। इससे आपका कॉन्फिडेंस हाई रहेगा। अपनी सक्सेस को हमेशा अपने साथ लेकर चलें। यह कभी न सोचें कि अगर सिलेक्शन न हुआ तो।
- जब आप किसी इंटरव्यू के लिए जाएं तो अपना बेस्ट देने की कोशिश करें। अपनी कमियों को खुद पर हावी न होने दें। जो भी स्किल या नॉलेज आपके पास है उसे बेहतर ढंग से एक्सप्रेस करें।
- साफ-सुथरी बात सभी को अच्छी लगती है। आपका बात करने का अंदाज विनम्र होना चाहिए। साथ ही स्पष्ट और कम शब्दों में होना चाहिए।



# बहुत बड़ा है एविएशन इंडस्ट्री का दायरा

अगर आप भी एविएशन इंडस्ट्री में अपना करियर बनाने की सोच रहे हैं, लेकिन अपने आप को पायलट व केबिन क्रू बनने के काबिल नहीं पाते, तो निराश मत हो, क्योंकि इसके अलावा भी अब इस सेक्टर में कई डिपार्टमेंट ऐसे हैं जहां आप अपना करियर बना सकते हैं। ज्यादातर लोग एविएशन क्षेत्र के दायरे को पायलट, एयर होस्टेज व केबिन क्रू तक सीमित कर देते हैं, लेकिन इसका दायरा बहुत बड़ा है। आप इस इंडस्ट्री में एयरपोर्ट मैनेजमेंट, एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ, फ्लाइट इंजीनियर, एयर टिकटिंग, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स, एयर कार्गो मैनेजमेंट, मीटिरियोलॉजिस्ट आदि जॉब प्रोफाइल पर भी कार्य कर सकते हैं।

### ग्राउंड स्टाफ

एविएशन इंडस्ट्री में ग्राउंड स्टाफ महत्वपूर्ण होते हैं। इनका कार्य एयरपोर्ट की साफ-सफाई के साथ उसके रखरखाव करना है। एयरपोर्ट पर प्लेन जब उतर जाता है, तो उसके बाद पैसेंजरों की सुविधा और सुरक्षा का ध्यान रखना होता है। इसके साथ ही एयरपोर्ट पर सामान ढुलाई और माल स्टॉक का कार्य भी ग्राउंड स्टाफ को ही कराना होता है। ग्राउंड स्टाफ की एयरपोर्ट पर अलग-अलग कार्य की जिम्मेदारी संभालते हैं। एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ में करियर बनाने के लिए आप एयरपोर्ट मैनेजमेंट से रीलेटेड सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, बैचलर और मास्टर लेवल के कोर्स कर इस फील्ड में प्रवेश कर सकते हैं। 12वीं के बाद आप इस सेक्टर में प्रवेश कर सकते हैं।

### एयर कार्गो मैनेजमेंट

इस जॉब प्रोफाइल पर रहकर करियर बनाने के लिए आपको डिप्लोमा इन इंटरनेशनल एयर कार्गो मैनेजमेंट कोर्स करना होगा। जिसमें आप एविएशन हिस्ट्री एवं जियोग्राफी के अतिरिक्त कार्गो लॉ, कस्टम्स रूल्स, वेयरहाउसिंग, एयरक्राफ्ट लिमिटेशन व लोडिंग कैपेसिटी, क्लीयरेंस प्रोसिजर, क्लेम रूल्स, बीमा और फ्री ट्रेड जोन जैसे विषयों से रूबरू होंगे। इस क्षेत्र में भी प्रवेश के लिए आपको न्यूनतम 12वीं की शैक्षणिक योग्यता होना जरूरी है। यह कोर्स आपको 6 माह से 1 वर्ष तक का होता है।

### एयर टिकटिंग

एविएशन के एयर टिकटिंग में करियर बनाने के लिए न्यूनतम 12वीं की शैक्षणिक योग्यता के साथ 18 वर्ष से ऊपर की आयु होनी चाहिए। न्यूनतम 6 माह से 9 माह तक की अवधि वाले कोर्स डिप्लोमा इन एयर टिकटिंग एंड ट्रैवल मैनेजमेंट में ट्रैवल एजेंसी बिजेनस, वर्ल्ड टाइम जोन, एयरपोर्ट व एयरलाइन कोड्स, पेमेंट मोड्स, फॉरेन करेंसी, पासपोर्ट व वीजा आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है।

### फ्लाइट इंजीनियर

एविएशन के क्षेत्र में फ्लाइट इंजीनियर का कार्य बहुत अहम होता है। प्लेन के सभी पुर्जों की जांच करना इनकी जिम्मेदारी होती है। इसके लिए इलेक्टॉनिक्स इलेक्ट्रिकल्स, मैकेनिकल, एयरोनॉटिकल या कम्प्यूटर में से किसी एक में ग्रेजुएशन होना जरूरी है। अगर आपके पास फ्लाइट इंजीनियर का ग्राउंड पाठ्यक्रम या एयर क्राफ्ट इंजीनियर लाइसेंस या सीपीएल है तो आप अप्लाई कर सकते हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपने 12वीं विज्ञान विषयों से पास की हो और आपकी उम्र तीस साल से ज्यादा ना हो, तो आप इसमें करियर बना सकते हैं।

### एयर ट्रैफिक कंटोलर्स

एविएशन के क्षेत्र में यह एक और महत्वपूर्ण जॉब प्रोफाइल है। एयरपोर्ट पर बने टॉवर से एयर ट्रैफिक कंटोलर्स हर वक्त प्लेन की उड़ानों पर नजर रखते हैं। इस फील्ड में करियर बनाने के आपको रेडियो इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रोनिक इंजीनियरिंग बीटेक या डिप्लोमा करना होगा।

### मीटिरियोलॉजिस्ट

एविएशन में मीटिरियोलॉजिस्ट का भी बड़ा रोल होता है। इसमे कैरियर बनाने के लिए अगर आपके पास मौसम विज्ञान, भौतिक, कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, गणित और दूरसंचार में ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री है तो आप इसके लिए अप्लाई करने योग्य हैं।

### टूर एंड ट्रैवल

अगर आप एविशन के क्षेत्र में रहकर अतिरिक्त कमाई करना चाहते हैं तो टूर एंड ट्रैवल आपके लिए बेस्ट होगा, इस क्षेत्र में आपको बहुत काम मिलेगा। इस क्षेत्र में आने के लिए आप 6 माह का सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर तीन वर्षीय बैचलर इन ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट और उसके बाद पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स भी कर सकते हैं।

### यहां से कर सकते हैं कोर्स

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स, नई दिल्ली
- फ्रांकलिंन एविएशन एकेडमी, दिल्ली
- विंग्स कॉलेज ऑफ एविएशन टेक्नोलॉजी, पुणे
- ए जे एविएशन एकेडमी, मुम्बई
- राजीव गांधी एविएशन एकेडमी, हैदराबाद
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स साइंस, जमशेदपुर
- हिंदुस्तान एविएशन एकेडमी, बंगलूरू

# क्या है आर्कियोलॉजी? किस कोर्स के बाद मिलेगी हाई सैलरी

अगर आप इतिहास से लगाव रखते हैं और आप रोमांच के साथ रहस्य से पर्द उठाना चाहते हैं। साथ ही आपमें ऐतिहासिक चीजों को जानने और उनके बारे में तरह-तरह की जानकारियां पता करने की इच्छा है तो आप आर्किंयोलॉजिस्ट के तौर पर अपना करियर बना सकते हैं। इतिहास और भूगोल के रहस्यों से पटे भारत में इसके अच्छे

हड़प्पा सभ्यता के बाद से भारत में ऐतिहासिक खोज न के बराबर हुई है और फिलहाल इतिहास संबंधित खोज को लेकर एक बड़ा वैक्यूम यहां बना हुआ है, जो बड़े आइडियाज और क्रिएटिविटी का इंतजार कर रहा है। इसके साथ ही दुनियाभर में शोध के लिए आर्किंयोलॉजी के विद्यार्थियों की मांग है।

### क्या है आर्किंयोलॉजी

पृथ्वी पर छपी पुरानी सभ्यता और संस्कृति का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अध्ययन करना व उनकी खोज करना आर्किंयोलॉजी कहलाता है। आर्किंयोलॉजी में उस इतिहास के बारे में यह जानने की कोशिश की जाती है कि पुरानी सभ्यताओं में लोगों का रहन- सहन कैसा था। किस तरह की वस्तुओं का वो इस्तेमाल करते थे। अनुमानों

लेकर तत्कालीन समाज और परिवेश के आकलन का काम भी एक आर्किंयोलॉजिस्ट को करना होता है। साथ ही वह कार्बन डेटिंग और समय गणना का काम भी करता है। सभी तरह के ऐतिहासिक वस्तु या सभ्यता के वर्तमान से जुड़ाव और विकास के क्रम को निर्धारित करने की जिम्मेदारी भी एक आर्किंयोलॉजिस्ट की होती है।

### किस तरह का होता है कोर्स

अगर आप इस क्षेत्र में जाना चाहते हैं तो आपको 12वीं की परीक्षा इतिहास विषय के साथ पास करनी होगी। इसके बाद आप



आर्किंयोलॉजी में डिप्लोमा, बैचलर, मास्टर और पीएचडी पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, जिनमें प्रवेश के लिए अलग-अलग योग्यताएं निर्धारित की गई हैं। इससे जुड़े कोर्स देश के सभी प्रमुख विश्वविद्यालयों से किए जा सकते हैं। मास्टर इन कंर्जर्वेशनए प्रिजरवेशन एंड हेरिटेज मैनेजमेंट और मास्टर इन आर्किंयोलॉजी एंड हेरिटेज मैनेजमेंट जैसे कोर्स इस क्षेत्र में आगे बढ़ने की सीढ़ी हो सकते हैं। इसके अलावा आप हिस्टॉरिकल आर्किंयोलॉजी, जिओ आर्किंयोलॉजी, आर्किंयोबॉटनी, क्रॉनोलॉजिकल, एथनोआर्किंयोलॉजी, एक्सपेरिमेंटल ऑर्किंयोलॉजी, आर्किंयोमेट्री जैसे कोर्स भी कर सकते हैं।

### जरूरी योग्यता

एक बेहतरीन आर्किंयोलॉजिस्ट अथवा म्यूजियम प्रोफेशनल बनने के लिए प्लीस्टोसीन पीरियड अथवा क्लासिकल लैंग्वेजए मसलन पाली, अपभ्रंश, संस्कृत, अरेबियन भाषाओं में से किसी की जानकारी आपको कामयाबी की राह पर आगे ले जा सकती है। आर्किंयोलॉजी न केवल दिलचस्प विषय है बल्कि इसमें कार्य करने वाले प्रोफशनल्स के लिए चुनौतियों में भरा क्षेत्र भी है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए अच्छी विश्लेषणात्मक क्षमताए तार्किक सोचए कार्य के प्रति समर्पण जैसे महत्वपूर्ण गुण जरूर होने चाहिए। कला की समझ और उसकी पहचान भी आपको औरों से बेहतर बनाने में मदद करेगा।

### यहां से कर सकते है कोर्स

- आर्किंयोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया
- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी
- दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ हेरिटेज रिसर्च एंड मैनेजमेंट
- कर्नाटक स्टेट यूनिवर्सिटी

### जॉब ऑप्शन क्या हैं

आर्किंयोलॉजी में कोर्स पूरा करने के बाद आपको जॉब के कई ऑप्शन मिलेंगे। जिनमें मुख्य रूप से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, नई दिल्ली, राज्यों में स्थित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, विभिन्न संग्रहालय, एनजीओ और यूनिवर्सिटी, विदेश मंत्रालय का हिस्टोरिकल विभाग, शिक्षा मंत्रालय, पर्यटन विभाग, इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टोरिकल रिसर्च आदि।

### सैलरी व संभावनाएं

यह ऐक ऐसा क्षेत्र है जहां पर आपको रोमांच और रहस्य के साथ अच्छी सैलरी भी मिलती है। अगर आपने किसी प्राइवेट सेक्टर में जाना चाहते हैं तो आप 30 से 50 हजार रूपये प्रतिमाह की जॉब आसानी से पा सकते हैं, जो अनुभव व आपकी खोज के साथ

जॉब प्रोफाइल के हिसाब से लाखों रूपये की सैलरी पा सकते हैं।

# इंश्योरेंस इंडस्ट्री में करियर बनाना है बेहद आसान

**इंश्योरेंस इंडस्ट्री एक ऐसी इंडस्ट्री है जो पिछले कुछ सालों से लगातार तेजी से विस्तार कर रही है, जिसके चलते एक्चुरियल प्रोफेशनल्स की डिमांड काफी बढ़ गया है। अगर आप भी इंश्योरेंस सेक्टर में करियर बनाने का सोच रहे हैं तो यह समय काफी अच्छा है, खास कर कोरोना के बाद इंश्योरेंस के हेल्थ सेक्टर में बूस्ट आया है। आज के समय लगभग हर परिस्थिति से निपटने के लिए बीमा कंपनियों के पास पॉलिसी हैं। जीवन बीमा, यात्रा बीमा, वाहन बीमा, स्वस्थ्य बीमा तथा गृह बीमा इनमें सबसे ज्यादा प्रचलित हैं।**



### एजुकेशन

इस क्षेत्र में जाने के लिए आप 12वीं व ग्रेजुएशन के बाद भी जा सकते हैं, लेकिन विषय का पूरा ज्ञान लेने के लिए एक्चुरियल साइंस से संबंधित कोर्सेस में स्नातक डिग्री के लिए मैथ्स या स्टेटिस्टिक्स में 55 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं पास होना आवश्यक है जबकि पीजी डिप्लोमा, मास्टर्स डिग्री और सर्टिफिकेट कोर्स के लिए मैथ्स-स्टेटिस्टिक्स, इकोनॉमेट्रिक्स सब्जेक्ट से स्नातक जरूरी है। स्टूडेंट्स, इंस्टीट्यूट ऑफ एक्चुरीज ऑफ इंडिया को मेंबर के तौर पर भी ज्वाइन कर सकते हैं। एक्चुरी प्रोफेशनल बनने के लिए स्टूडेंट्स को एक्चुरियल सोसाइटी ऑफ इंडिया का फेलो मेंबर होना जरूरी है। यह संस्थान इसमें कोर्सेस भी कराता है।

### इंश्योरेंस का कार्य क्षेत्र

इसके लिए मैथ्स और स्टैटिस्टिक्स के मेथड्स का इस्तेमाल करके इंश्योरेंस और फाइनेंस इंडस्ट्री में जोखिम का अनुमान लगाते हैं। एक्चुरियल प्रोफेशनल्स यह हिसाब लगाते हैं कि किसी पॉलिसी होल्डर को प्रीमियम के तौर पर कितनी राशि का भुगतान करना होगा या किसी कंपनी को पेंशन या रिटर्न पर कितना खर्च करना होगा। प्रोफेशनल का काम अचानक घटी घटना के आर्थिक प्रभाव का अंदाजा लगाने का भी होता है। आज इस क्षेत्र से जुड़े प्रोफेशनल्स को इंश्योरेंस इंडस्ट्री का बैकबोन भी कहा जाने लगा है।

### स्किल व एलिजिबिलिटी

इस क्षेत्र में कार्य करने के लिए खुद को अपडेट रखना जरूरी है। खुद में लोगों की परेशानी को समझने, नई तकनीक सीखने में हिचकिचाहट न होने, कम्युनिकेशन के साथ मैथ और स्टेटिस्टिक्स पर पकड़ मजबूत रखने जैसे स्किल का होना जरूरी है। अपनी योग्यता के आधार पर आप एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर एंड असिस्टेंटए डेवलपमेंट ऑफिसरए इंश्योरेंस एजेंटए इंश्योरेंस सर्वेयरए एक्चुरी मैनेजरए रिस्क मैनेजर जैसे पदों पर काम कर सकते हैं।

### जॉब्स के अवसर

अगर आपके पास एक्चुरियल साइंस की डिग्री है तो आपके लिए इन दिनों नौकरियों के लिए कई रास्ते खुल गए हैं। इंश्योरेंस, बैंकिंग, बीपीओ-केपीओ, आईटी सेक्टर, मल्टीनेशनल कंपनियों, फाइनेंशियल कंपनियों आदि में इनके लिए अच्छे मौके होते हैं। दूसरी तरफ, बीपीओ कंपनी में भी जोखिम के बारे में विश्लेषण करने के लिए बड़े पैमाने पर एक्चुरियल प्रोफेशनल्स की हायरिंग होती है। बीपीओ में काम करने वाले एक्चुरी प्रोफेशनल्स की सैलरी भी आम बीपीओ एंप्लॉइज की तुलना में दो से तीन गुना अधिक होती है।

भारत में संभावनाएं इसलिए भी अधिक हैं, क्योंकि वैश्विक ग्राहकों को कम संसाधन और न्यूनतम लागत में अच्छी सुविधाएं मुहैया करा रहे हैं। वहीं एक्चुरियल प्रोफेशनल्स की डिमांड सरकारी और प्राइवेट इंश्योरेंस कंपनियों में ही नहीं, बल्कि टेरिफ एडवाइजरी कमिटी, इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी, सोशल सिक्योरिटी स्कीम, फाइनेंशियल एनालिसिस फर्म में भी है।

### सैलेरी

इस क्षेत्र में आप फ्रेशर के तौर पर प्रतिमाह 20 से 30 हजार रुपये तक आसानी से पा सकते हैं। वहीं अनुभव व समय के साथ किसी उच्च पद पर पहुंचने पर आप 1 लाख रुपये का मासिक वेतनमान भी ले सकते हैं। यदि आपने किसी टॉप कॉलेज से एमबीए इन इंश्योरेंस किया है तो आप अपनी फर्स्ट जॉब में ही ज्यादा बेहतर वेतनमान की अपेक्षा कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

कालेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज, दिल्ली विश्वविद्यालय
एकेडमी ऑफ इंश्योरेंस मैनेजमेंट, दिल्ली
बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, दिल्ल
इंश्योरेंस इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, मुंबई
एक्चुरियल सोसाइटी ऑफ इंडिया
अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़
यूनिवर्सिटी ऑफ पुणे, पुणे
एमिटी स्कूल ऑफ इंश्योरेंस एंड एक्चुरियल साइंस, नोएडा

# भारतीय टीम चौथे टी20 में भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी20 मैच में उतरेगी। भारतीय टीम इस सीरीज में 2-1 से आगे है और ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच को जीतकर पांच मैचों की इस सीरीज में अपनी बढ़त बनाये रखना रहेगा। इस मैच में भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव भी लंबी पारी खेलना चाहेंगे। सूर्या अब तक इस सीरीज में रन नहीं बनाने के कारण निशाने पर हैं। इस मैच में उपकप्तान शुभमन गिल को आराम देकर उनकी जगह पर संजू सैमसन को भी अवसर मिल सकता है। शुभमन भी इस सीरीज में रन नहीं बना पाये हैं। ऐसे में सभी का मानना है कि उन्हें आराम दिया जाना चाहिये। भारतीय टीम चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सही संतुलन से उतर कर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी।

सूर्यकुमार का इस सत्र में औसत 15 से कम है। इसके अलावा 2025 में उनके नाम कोई अर्धशतक नहीं है जो उनके करियर में इस तरह का सबसे लंबा चरण है। वह इस दौरान केवल दो बार 20 गेंद से अधिक बल्लेबाजी करने में सफल रहे हैं। टी20 विश्व कप में दो महीने से भी कम समय बचा है और ऐसे में टीम चाहेगी कि उनका कप्तान अपनी लय हासिल करे।

वहीं उप-कप्तान शुभमन गिल का प्रदर्शन भी काफी खराब रहा है। उनके पारी की शुरुआत करने के बाद से ही टीम का शीर्ष क्रम विफल रहा है। शुभमन को अच्छी बल्लेबाजी कर रहे संजू सैमसन की जगह पर टीम में शामिल किया गया था पर वह परिणाम नहीं दे पाये। शुभमन अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने को स्थापित नहीं कर पाये हैं। वह रविवार को कम लक्ष्य का पीछा करते हुए भी सिर्फ 28 रन ही बना पाए जिसने विश्व कप से पहले उनकी बल्लेबाजी पर सवाल उठ रहे हैं।

विश्व कप से पहले भारत के पास इस प्रारूप में अब सिर्फ 7 मैच हैं। अक्षर पटेल के बीमारी के कारण सीरीज से बाहर होने के बाद भारत ने शाहबाज अहमद को इस मैच के लिए टीम में जगह दी है। जिससे स्पिनर कुलदीप यादव को अधिक अवसर मिल सकते हैं। वहीं



तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह निजी कारणों से इस मैच से बाहर हैं। ऐसे में उनकी जगह पर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को टीम में बनाये रखा जाएगा। पिछले मैच में अर्शदीप ने जबरदस्त खेल दिखाया था। वहीं हर्षित राणा ने भी धर्मशाला में अच्छी बल्लेबाजी की। अभी भारतीय टीम 5 मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। ऐमें उसका हौंसला बुलंद है।

वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीकी टीम का लक्ष्य किसी भी प्रकार ये मैच जीतकर सीरीज में वापसी करना रहेगा। टीम की बल्लेबाजी एडेन मारक्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, डेविड मिलर पर आधारित रहेगी। वहीं गेंदबाजी की कमान एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, कोर्बिन बॉश, केशव महाराज के पास रहेगी। टी20 विश्व कप फाइनल के बाद से दक्षिण अफ्रीका की टीम छोटे प्रारूप में 28 में से 18 मैच हारी है। इससे पता चलता है कि टीम में निरंतरता की कमी है। दक्षिण अफ्रीका को बेहतर संयोजन की तलाश है और इसको देखते हुए टीम प्रबंधन लगातार बदलाव कर रहा है जिससे खिलाड़ी लय हासिल नहीं कर पा रहे।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, एनटी तिलक वर्मा, शाहबाज अहमद, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, हर्षित राणा, कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मारक्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसेन, लूथो सिपाम्ला, ओटनील बार्टमैन, एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, कोर्बिन बॉश, केशव महाराज और जॉर्ज लिंडे।

# बुमराह निजी कारणों से घर लौटे, अंतिम टी20 में हो सकती है वापसी



**-अक्षर बचे हुए दोनो मैचों से बाहर हुए**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह निजी कारणों से अपने घर वापसी चले गये हैं। इस कारण उन्हें टीम से बाहर रखा गया है। इससे पहले बुमराह के अचानक ही टीम से बाहर होने के कारण कई प्रकार के सवाल उठ रहे थे। बीसीसीआई और टीम प्रबंधन के अनुसार परिवार में मेडिकल इमरजेंसी को देखते हुए ही बुमराह को घर लौटना पड़ा है। गौरतलब है कि बुमराह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 में भी शामिल नहीं थे। इसी कारण उनकी जगह युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को टीम में जगह मिली थी। एक रिपोर्ट में बीसीसीसीआई के हवाले से कहा गया है कि बुमराह के परिवार का एक सदस्य गंभीर रुप से बीमार होने के बाद अस्पताल में भर्ती है। इसी कारण उन्हें घर लौटना पड़ा है। उनके चौथे या पांचवें टी20 में वापसी की उम्मीदें हैं। वहीं इस रिपोर्ट के अनुसार, अगर सब कुछ ठीक रहता है तो बुमराह अहमदाबाद में होने वाले पांचवें टी20 मुकाबले के लिए टीम में शामिल हो सकते हैं। हालांकि अभी उनकी , प्राथमिकता अपने परिवार के साथ रहना और स्थिति संभालना है। बुमराह के अलावा स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी बीमार होने के कारण तीसरे टी20 से बाहर रहे थे। इसी कारण उनकी जगह कुलदीप यादव को जगह मिली थी। अक्षर पटेल बिमारी के कारण बचे हुए दो मैचों से बाहर हो गये हैं। उनकी जगह पर शाहबाज़ अहमद को टीम में जगह मिली है। तीसरे टी20 में जीत के साथ ही भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। सीरीज का चौथा मुकाबला 17 दिसंबर को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा।

# अभिषेक ने किया सूर्यकुमार ओर शुभमन का समर्थन, विश्वकप में दोनो हमें जीत दिलाएंगे

**धर्मशाला (एजेंसी)।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और उपकप्तान शुभमन गिल पिछले काफी समय से अपने खराब फार्म के कारण आलोचकों के निशाने पर हैं। वहीं भारतीय टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का मानना है कि अगामी टी20 सीरीज और विश्वकप में ये दोनो अपने प्रदर्शन से टीम को जीत दिलाएंगे। अभिषेक ने माना कि अभी ये रन नहीं बना पा रहे हैं पर कहा कि जब इनकी सबसे ज्यादा जरूरत होगी तो ये दोनों ही टीम के लिए जमकर रन बनाएंगे।



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज में सूर्यकुमार ने 3 मैचों में 29 और शुभमन ने 3 मैचों में 32 रन बनाए हैं। भारतीय टीम हालांकि सीरीज में आग है। धर्मशाला में खेले गए तीसरे टी20 मैच में भी उप्तान और उपकप्तान विफल रहे थे। इस मैच में शुभमन की धीमी बल्लेबाजी पर ही सवाल उठे हैं। इसके बाद भी अभिषेक का मानना है कि किसी को भी चिन्ता की जरुरत नहीं है। अभिषेक ने कहा, मैं ये दोनों विश्व कप में और उससे पहले दूसरी सीरीज में भी मेज विजेता साबित होंगे। मैं उनके साथ इतने लंबे समय से खेल रहा हूं, खासकर शुभमन के साथ, इसलिए मुझे पता है कि वह कहां मैच जिता सकता है, कोई भी हालात हो और टीम कोई भी हो। मुझे उस पर शुरू से ही बहुत भरोसा रहा है और मुझे उम्मीद है कि सब लोग इसे बहुत जल्द देखेंगे और उनको भी भरोसा हो जाएगा।

# आईपीएल ऑक्शन-ऑस्ट्रेलिया के ग्रीन 25.20 करोड़ में बिके

## केकेआर ने खरीदा, लीग के इतिहास के सबसे महंगे विदेशी; स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा

**अबु धाबी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें मंगलवार को अबु धाबी में चल रहे मिनी ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ रुपए में खरीदा।

ग्रीन ने अपने ही देश के मिचेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्हें 2024 में केकेआर ने ही 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। पहले सेट में 6 प्लेयर्स ऑक्शन पूल पर लाए गए। इसमें से 2 ही बिके। डेविड मिलर को दिल्ली कैपिटल्स ने 2 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा। जेक फ्रेजर-मैकगर्क, डेवोन कॉन्वे, सरफराज खान और पृथ्वी शॉ अनसोल्ड रहे हैं। उन पर किसी ने बोली नहीं लगाई।

ऑक्शन इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर ऋषभ पंत हैं। उन्हें पिछले साल मेगा ऑक्शन में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। 10 टीमें 77 खिलाडियों को खरीदने के लिए बोली लगा रही है। नीलामी में 350 प्लेयर्स के नाम ऑक्शन पूल पर लाए जाएंगे।



### किस टीम का पर्स सबसे बड़ा है?

सबसे कम प्लेयर्स को रिटेन करने वाली केकेआर का पर्स ही सबसे बड़ा है, टीम 64.30 करोड़ रुपए लेकर नीलामी में आएगी। उनके बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पर्स में 43.40 करोड़ रुपए है। मुंबई इंडियंस के पर्स में सबसे कम 2.75 करोड़ रुपए है। आरसीबी, आरआर, पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के पर्स में 11 से 17 करोड़ रुपए है। वहीं दिल्ली, लखनऊ और सनराईजर्स हैदराबाद के पर्स में 21 से 26 करोड़ रुपए है।

# 26 मार्च से शुरु होगा आईपीएल 2026 सत्र : बीसीसीआई

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि आईपीएल का 19वां सत्र अगले साल 26 मार्च 2026 से शुरू होगा। वहीं इसका खिताबी मुकाबला 31 मई को होगा। बीसीसीआई ने सभी फ्रेंचाइज़ियों को ये जानकारी दी है। जिसे सभी टीमें आगामी सत्र के लिए बेहतर तरीके से तैयारी कर सकें। इस बार मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टूर्नामेंट का शुरुआती मैच खेलेगी। ये मैच घरेलू मैदान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शायद ही खेला जाये कयोंकि इसकी उपलब्धता अभी पक्की नहीं हुई है। स्टेडियम की अनुमति राज्य सरकार से मिली है पर पिछले सत्र में आरसीबी की जीत के बाद यहां जिस प्रकार भगदड़ मची थी। उसे देखते हुए सुरक्षा मंजूरी के बाद ही यहां मैच खेला जा सकेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईपीएल का 19वाँ सीजन पुरुष टी20 विश्व कप के समाप्त होने के लगभग तीन हफ्ते बाद शुरू होगा। विश्व कप 7 फरवरी से 8 मार्च तक भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। इस कार्यक्रम से आईपीएल करीब दो महीने से ज्यादा चलेगा, जिसमें 10 टीमें हिस्सा लेंगी हालाँकि पूरे मुकाबलों का कार्यक्रम अभी शेष है पर फाइनल 31 मई को होगा। एक बड़ा मामला यह उभर रहा है कि लगातार दूसरे साल आईपीएल और पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की तारीखें टकरा रही हैं। पीएसएल 2026 का आयोजन 26 मार्च से 3 मई तक प्रस्तावित है। इस प्रकार दोनों लीग एक साथ चलेंगी। इससे खिलाड़ियों की उपलब्धता पर प्रभाव पड़ सकता है।




# अब शुभमन की जगह पर सैमसन को अवसर दें : कैफ



नई दिल्ल। पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले तीन मैचों में असफल रहे बल्लेबाज शुभमन गिल को अब आराम देकर उनकी जगह पर संजू सैमसन को बचे हुए मैचों में रखा जाये। कैफ ने कोच गौतम गंभीर और टीम प्रबंधन से कहा है कि अब सैमसन को पारी की शुरुआत का अवसर दिया जाना चाहिये। शुभमन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के शुरुआती तीन टी20 मैचों में विफल रहे ओर केवल 4, 0 और 28 रन ही बना पाये।

कैफ ने कहा, शुभमन गिल को आरात देते हुए किसी अन्य खिलाड़ी को अवसर दें। वहीं कैफ ने कहा, सैमसन खिलाड़ी योग्य है उसे उनकी जगह पर अवसर मिलना चाहिये। ये उसका अधिकार है। वह सोच रहा होगा कि शुभमन तो एक साल से खेल रहे हैं और मुझे 2-3 खराब पारियों के बाद ही बाहर कर गया। कैफ ने कहा, 'एक या दो खिलाड़ी अंतर पैदा करते हैं जिन्हें अवसरों के संदर्भ में विशेष अवसर दिये जाने चाहिये। शुभमन को देखिए, वह कितनी सारी पारियां पहले ही खेल चुके हैं?' उन्होंने आगे कहा, हम पिछले कुछ समय से इसके बारे में बात कर रहे हैं। अब आपको फैसला लेना होगा, समय आ गया है। भारतीय टीम सीरीज में अभी 2-1 से आगे है। भारतीय टीम को अगले साल से शुरू होने जा रहे टी20 विश्व कप से पहले अभी सात टी20 मैच खेलने हैं।

# अभिज्ञान कुंडू के दोहरे शतक से भारतीय अंडर-19 टीम ने मलेशिया को 315 रन से हराया



**-दीपेश ने 22 रन देकर पांच विकेट लिए**

**दुबई (एजेंसी)।** अभिज्ञान कुंडू के रिकार्ड दोहरे शतक के बाद दीपेश देवेंद्रन की शानदार गेंदबाजी से भारतीय टीम ने अंडर-19 एशिया कप 2025 के मुकाबले में मलेशिया को 315 रन से हरा दिया। कुंडू ने 209 रन बनाये जबकि दीपेश देवेंद्रन ने 22 रन देकर पांच विकेट लिए। इससे भारतीय टीम ने मलेशिया को हराकर अंडर-19 एकदिवसीय क्रिकेट की सबसे बड़ी जीत हासिल की। भारतीय टीम ने इस मैच में 50 ओवर में 7 विकेट पर 408 रन बनाये। वहीं विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशियाई टीम भारतीय गेंदबाजी के सामने टिक नहीं पाई और 32.1 ओवर में 93 रन पर ही सिमट गयी।

दीपेश देवेंद्रन ने सात ओवर में 22 रन देकर पांच विकेट लिए। वहीं उधव मोहन ने दो विकेट लिए, जबकि किशन कुमार सिंह, खिलन पटेल और कनिष्क चौहान को एक-एक विकेट लिया।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की शुरुआत साधारण रही, लेकिन इसके बाद कुंडू ने मैच दल दिया। ने जबरदस्त रफ्तार पकड़ी। वेदांत त्रिवेदी और अभिज्ञान कुंडू ने चौथे विकेट के लिए 209 रन की शानदार साझेदारी कर मलेशियाई गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। त्रिवेदी ने 90 रन बनाये जबकि कुंडू ने अंडर-19 का सबसे बड़ा स्कोर बनाया।

17 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज कुंडू ने 125 गेंदों में 17 चौकों और 9 छक्कों की मदद से 209 रन बनाए। उन्होंने सिर्फ 44 गेंदों में अर्धशतक और 80 गेंदों में शतक पूरा किया, जबकि 121 गेंदों में दोहरा शतक लगा दिया।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए एजाज पटेल न्यूजीलैंड टीम में शामिल

**-ब्लंडेल की भी हुई वापसी, मिच बाहर हुए**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने स्पिनर एजाज पटेल को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए शामिल किया है। एजाज के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल की भी टीम में वापसी हुई है। एजाज को ब्लेयर टिकनर की जगह शामिल किया गया है। टिकनर कंधे की चोट के कारण टीम से बाहर हैं।

वहीं पहले टेस्ट से बाहर रहे अनुभवी विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल को इस मैच में शामिल किया गया है। वह हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण पिछले मैच से बाहर थे। इसी कारण दूसरे टेस्ट में मिच विकेटकीपर के तौर पर शामिल किये गये थे। मिच अब फिर से घरेलू क्रिकेट में लौटेंगे और कैंटरबरी की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलेंगे। एजाज नवंबर 2024 में टेस्ट मैच में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। भारत में खेली टेस्ट सीरीज जीत के एक ही मैच में उन्होंने दस विकेट लेकर कीवी टीम को जीत दिलायी थी। फरवरी 2020 के बाद वह पहली बार घरेलू टेस्ट खेलेंगे।

न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, एजाज ऐसा खिलाड़ी है, जिस पर हम भरोसा करते हैं। बे ओवल की पिच आमतौर पर न्यूजीलैंड की दूसरी पिचों के मुकाबले ज्यादा टर्न लेती है और जिस तरह से वह गेंद को राइट-हैंडर से दूर घुमाता है, वह बहुत अच्छा है। तीसरे टेस्ट में एक और स्पिनर को शामिल करने से हमारे गेंदबाजी आक्रमण में भी विविधता आएगी, साथ ही हमारे सीमर्स भी हैं जिन्होंने इस सीरीज में अब तक बहुत अच्छा काम किया है। वहीं टीम में कोई और बदलाव नहीं किया गया है। सिर्फ एजाज पटेल और टॉम ब्लंडेल को जोड़ा गया है, जबकि मिच को बाहर कर दिया गया है। न्यूजीलैंड अभी सीरीज में 1-0 से आगे है। पहला टेस्ट रोमांचक ड्रॉ पर खत्म हुआ था। आखिरी टेस्ट 18 दिसंबर से माउंट माउंगानुई के बे ओवल में खेला जाएगा।

न्यूजीलैंड की टेस्ट टीम अब इस प्रकार है



टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), माइकल ब्रेसवेल, क्रिस्टियन क्लार्क, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, जैक फॉक्स, डेरिल मिशेल, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, माइकल रे, रचिन रवींद्र, केन विलियमसन और विल यंग

# मोहाली गोलीबारी में घायल कबड्डी राणा बलाचौरिया की मौत



मोहाली। पंजाब के मोहाली शहर में कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान हुई गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हुए खिलाड़ी राणा बलाचौरिया की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी है। राणा इस टूर्नामेंट के प्रमोटर भी थे। इस घटना से खेल जगत के साथ-साथ पूरे इलाके में शोक और आक्रोश है। मृतक खिलाड़ी की 10 दिन पहले ही में शादी हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोहाना में कबड्डी का एक बड़ा टूर्नामेंट चल रहा था, इस कारण वहां दर्शकों की भारी भीड़ थी। टूर्नामेंट के आयोजक और प्रमोटर राणा बलाचौरिया भी मैदान के पास मौजूद थे। एक रिपोर्ट के अनुसार इसी दौरान बाइक और कार में सवार होकर आए कुछ बदमाश वहां पहुंचे। ये फोटो खींचने के नाम पर राणा के करीब पहुंचे और पास जाते ही अचानक गोलियां चला दीं। गोलीबारी की आवाज सुनते ही अफरा-तफरी मच गई। गोलियां लगने से गंभीर रूप से घायल हुए राणा को तत्काल ही करीब के अस्पताल पहुंचाया गया पर वह बचाये नहीं जा सके। इस प्रकार दिन दहाड़े हुई गोलीबारी से लोग सकते में हैं। अपराधियों की गोलीबारी से टूर्नामेंट में भगदड़ मच गयी थी। इस टूर्नामेंट में कई बड़ी पंजाबी सिंगरों के आने का भी कार्यक्रम था, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही यह घटना हो गई।, इसके बाद पूरा कार्यक्रम प्रभावित हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरु कर दी। पुलिस ने अपराधियों की तलाश के लिए कई टीमें गठिन कर दी हैं। हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है। पिछले कुछ समय से खेल मुकाबलों में भी हमले के मामले बढ़ते जा रहे हैं।

# श्रीलंकाई टीम के पूर्व कप्तान अर्जुन रणतुंगा की गिरफ्तारी के आदेश जारी हुए

## मंत्री रहते सरकारी तेल कंपनी को पहुंचाया नुकसान

कोलंबो। विश्वकप विजेता श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और पेट्रोलियम संसाधन विकास मंत्री रहे अर्जुन रणतुंगा की गिरफ्तारी के आदेश जारी हुए हैं। यहां की एक अदालत ने खेल से राजनीति में आये रणतुंगा का नाम भ्रष्टाचार के मामले में आने के कारण ये आदेश दिये हैं। इसी कारण उनके विदेश जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। रणतुंगा पर सरकारी तेल कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाने के आरोप हैं। वहीं रिश्वत और भ्रष्टाचार रोधी जांच एजेंसी ने कहा है कि रणतुंगा को गिरफ्तार कर पेश करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। श्रीलंका की भ्रष्टाचार या रिश्वत के आरोपों की जांच करने वाले आयोग (सीआईएबोक) ने मुख्य मजिस्ट्रेट न्यायालय को बताया कि रणतुंगा के मंत्री रहते सीलोन पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (सीपीसी) में ईंधन खरीद से जुड़े फैसलों के कारण लगभग 800 मिलियन श्रीलंकाई रुपये का कथित नुकसान हुआ। यह नुकसान इसीलिए क्योंकि दीर्घकालिक ईंधन टेंडर रद्द कर महंगे दामों पर स्पॉट टेंडर लागू किए गए। आयोग की ओर से पेश हुईं सहायक निदेशक (कानूनी) अनुषा सम्मंथप्पेरुमा ने अदालत को बताया कि वर्ष 2017-2018 के लिए प्रस्तावित तीन दीर्घकालिक ईंधन आपूर्ति टेंडर रद्द किए गए थे। इसके बाद लिए गए फैसलों के कारण निगम को गंभीर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इसी आधार पर सीपीसी के पूर्व चेयरमैन धम्मिका रणतुंगा को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया है।



# विराट-अनुष्का की वृंदावन यात्रा : प्रेमानंद जी महाराज के किए दर्शन, मिली जीवन की बड़ी सीख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के सबसे बड़े नामों में शुमार विराट कोहली सिर्फ मैदान पर ही नहीं, बल्कि निजी जीवन में भी गहरी सोच और आध्यात्मिक जुड़ाव के लिए जाने जाते हैं। अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ उनकी हालिया वृंदावन यात्रा ने एक बार फिर यह दिखाया कि सफलता के शिखर पर पहुंचने के बाद भी वे आंतरिक शांति और मार्गदर्शन को कितना महत्व देते हैं। श्री हित राधा केली कुंज आश्रम में प्रेमानंद जी महाराज से हुई यह मुलाकात न सिर्फ आध्यात्मिक रही, बल्कि जीवन, सेवा और कर्म को देखने के नजरिए पर भी केंद्रित थी।

### वृंदावन में तीसरी बार पहुंचे कोहली और अनुष्का

विराट कोहली और अनुष्का शर्मा का वृंदावन से खास जुड़ाव रहा है। यह जोड़ा नियमित रूप से यहां आता रहा है और साल 2025 में यह उनकी तीसरी यात्रा मानी जा रही है। इससे पहले जनवरी में वे अपने बच्चों के साथ आश्रम पहुंचे थे, जबकि मई में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के ठीक एक दिन बाद वृंदावन का रुख किया था। हर बार की तरह इस बार भी दोनों ने सादगी और श्रद्धा के साथ समय बिताया।

प्रेमानंद जी महाराज की सीख- सेवा और विनम्रताआश्रम में हुई बातचीत के दौरान प्रेमानंद जी महाराज ने जीवन को सेवा के रूप में देखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपने काम को केवल पेशा नहीं, बल्कि सेवा समझना चाहिए। साथ ही, गंभीरता, विनम्रता और ईश्वर के नाम का स्मरण जीवन को संतुलित बनाता है। महाराज जी ने यह भी समझाया कि ईश्वर के दर्शन की गहरी चाह मन में होनी चाहिए, वही इंसान को सांसारिक मोह से ऊपर उठाती है।

### भावुक अनुष्का, सहमति में विराट

इस आध्यात्मिक संवाद के दौरान अनुष्का शर्मा काफी भावुक नजर आईं और पूरे ध्यान से महाराज जी की बातें सुनती रहीं। विराट कोहली भी हर सीख पर सहमति जताते दिखे। महाराज जी ने आगे कहा कि जब इंसान यह मान ले कि संसार के सुख उसे मिल चुके हैं और अब केवल ईश्वर की इच्छा शेष है, तब सच्चा आनंद उनके चरणों में मिलता है। इस पर अनुष्का ने विनम्रता से कहा, ÷हम आपके हैं, महाराज जी,÷ जिसके जवाब में उन्होंने सभी को ईश्वर का संतान बताया।

### आध्यात्म के साथ मैदान पर भी फोकस

टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद विराट कोहली फिलहाल वनडे क्रिकेट में सक्रिय हैं और उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती असफलताओं के बाद उन्होंने नाबाद 74 रन की अहम पारी खेली और टीम को आसान जीत दिलाई। इसके बाद लगातार दो वनडे शतक और तीसरे मैच में नाबाद 65 रन बनाकर उन्होंने सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई।



### विराट कोहली का नया संतुलन

विराट कोहली की यह यात्रा साफ दिखाती है कि वे अब क्रिकेट और आध्यात्म के बीच संतुलन बनाकर चल रहे हैं। मैदान पर आक्रामकता और आश्रम में शांति यही संतुलन शायद उनके करियर के इस नए अध्याय की सबसे बड़ी ताकत है।

## नितिन नबीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर इस नेता ने बताया... कांग्रेस के लिए शुभ संकेत

नई दिल्ली (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने बिहार सरकार के मंत्री नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर टिप्पणी कर उनकी नियुक्ति को कांग्रेस के लिए शुभ संकेत बताया है और केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने की उम्मीद जाहिर की है। उन्होंने नितिन नबीन की तुलना नितिन गडकरी से की, जो दिसंबर 2009 में भाजपा के अध्यक्ष बने थे। बघेल ने याद दिलाया कि जब गडकरी भाजपा अध्यक्ष बने थे, तब कांग्रेस की सरकार (यूपीए) बनी थी। उन्होंने कहा कि अब यह दूसरा नितिन आया है, इसलिए यह फिर से संकेत है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने वाली है। इस टिप्पणी का उद्देश्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उम्मीद जगाना और भाजपा के आंतरिक घटनाक्रम को अपने पक्ष में राजनीतिक रूप से भुनाना मालूम होता है। बात दें कि गडकरी दिसंबर 2009 में भाजपा के अध्यक्ष बने थे, और उसके कुछ ही महीनों बाद हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए ने जीत हासिल की थी। हालांकि, वह 2009 में भी यूपीए की ही सरकार थी (जो 2004 में बनी थी), और 2014 के बाद से कांग्रेस को लगातार हार का सामना करना पड़ा है।

## नागपुर में रक्षा उत्पादों के निर्माण से जुड़ी कंपनी की हवाई पट्टी पर दिखा अज्ञात ड्रोन

नागपुर (एजेंसी)। नागपुर में रक्षा उत्पादों के निर्माण से जुड़ी सोलर इंडस्ट्रीस कंपनी की हवाई पट्टी के ऊपर एक अज्ञात ड्रोन दिखने से हड़कंप मच गया है। नागपुर-अमरावती रोड पर स्थित सोलर इंडस्ट्रीज की हवाई पट्टी (नागपुर से करीब 40 किमी दूर) है। कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज रक्षा संबंधी उत्पादों जैसे सशस्त्र ड्रोन, सैन्य विस्फोटक, रॉकेट एकीकरण प्रणाली, लाइटरिंग मुनिशन्स, ड्रोन रोधी मिसाइलें, बम और युद्धक सामग्री का निर्माण करती है। घटना 9 दिसंबर को शाम करीब 7-15 बजे हुई। कंपनी के सुरक्षाकर्मियों ने हवाई पट्टी के ऊपर आसमान में एक टिमटिमाती रोशनी देखी। अंधेरे के कारण ड्रोन के आकार का अंदाजा नहीं लग सका। इसके बाद कार्रवाई करते हुए कोंधली पुलिस थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. हर्ष पोद्दार ने जांच जारी होने की पुष्टि की। पुलिस ने आस-पास के गांवों (मलकापुर, शिवा, सवांगा) में तलाशी अभियान चलाया, यह पता लगाने के लिए कि कहीं ड्रोन किसी निजी समारोह से भटककर तो नहीं आ गया था। दो दिनों तक पुलिस टीम गांवों में तैनात रहीं, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। खुफिया ब्यूरो की एक टीम भी घटना की जांच कर रही है। इस घटना को राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि सोलर इंडस्ट्रीज संवेदनशील सैन्य उपकरणों का निर्माण करती है।

## दिल्ली में पीयूसी के बिना नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल, सिर्फ बीएस-6 गाड़ियों को एंट्री

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली और एनसीआर में लगातार बिगड़ती वायु गुणवत्ता के बीच सरकार ने प्रदूषण पर काबू पाने के लिए सख्त फैसले लिए हैं। मंगलवार को दिल्ली में एक बार फिर जहरीले स्मॉग की मोटी परत छाई रही, जिसके बाद पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कड़े प्रतिबंधों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि 18 दिसंबर से दिल्ली में बिना वैध पीयूसी के किसी भी वाहन को पेट्रोल या डीजल नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही सरकार ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली में केवल बीएस-6 मानक वाली गाड़ियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। बीएस-4 और उससे पुराने वाहनों की एंट्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। यह फैसला बढ़ते प्रदूषण स्तर और स्वास्थ्य पर पड़ रहे गंभीर प्रभावों को देखते हुए लिया गया है। पर्यावरण मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया है, कि राजधानी में निर्माण कार्यों पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। कंस्ट्रक्शन मटीरियल ले जाने वाले वाहनों पर भी सख्ती बरती जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान काटे जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार हालात की गंभीरता को समझते हुए कोई ढिलाई नहीं बरतेगी। मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्लीवासियों से प्रदूषण की स्थिति को लेकर माफी भी मांगी। उन्होंने कहा कि नई सरकार हर दिन एयर क्वालिटी इंडेक्स में सुधार के लिए काम कर रही है और पिछली सरकार से विरासत में मिली प्रदूषण की समस्या को ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। मंत्री ने लोगों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन का अधिक इस्तेमाल करें।

## एलडीएफ नेता रामजीत पर हमला, बीजेपी के छह कार्यकर्ता गिरफ्तार

अलप्पुझा (एजेंसी)। केरल के तटीय जिले अलप्पुझा में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के नेता पर हमला करने के आरोप में बीजेपी के छह कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना रविवार रात हुई थी, जब मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के स्थानीय नेता रामजीत और उनके दोस्त रेनिथ, नीलमपेरूर पंचायत गए थे, जहां हाल ही में हुए निकाय चुनावों में बीजेपी ने जीत हासिल की है। पुलिस ने बताया कि रामजीत और उसके दोस्त रेनिथ की शिकायत के मुताबिक छह बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोका, उनके लिए अभद्र का इस्तेमाल किया, रामजीत की पिटाई की और फिर उसके सिर पर लाठी से वार किया। शिकायतकर्ताओं ने दावा किया कि हमला इसलिए किया गया क्योंकि वे पंचायत क्षेत्र में गए थे। पुलिस ने बताया कि उन्होंने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि रामजीत का कोट्टायम मेडिकल कॉलेज में उपचार हो रहा है।

## हीटर से आग लगने के कारण नानी और नाती की मौत

रांची (एजेंसी)। झारखंड के धनबाद के सरायढेला अंतर्गत विकास नगर में एक घर में देर रात हीटर से आग लगने के कारण नानी और उनके 18 वर्षीय नाती की मौत हो गई। घटना विकास नगर, सरायढेला थाना क्षेत्र, धनबाद में सोमवार-मंगलवार की देर रात को हुई। मृतक में 62 वर्षीय चिंता मणि देवी (नानी) और 18 वर्षीय गोलू (नाती) शामिल है। तीन अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। ठंड से बचाव के लिए जलाए गए हीटर पर कंबल गिर गया, जिससे आग भड़की और पूरे कमरे में धुआं व आग फैल गई। घटना में चिंता मणि देवी की मौके पर ही मौत हो गई। उन्हें बचाने के प्रयास में नाती गोलू भी गंभीर रूप से झुलस गया और उसकी भी मौत हो गई। मोहल्ला संकरा होने के कारण बड़ी दमकल गाड़ी अंदर प्रवेश नहीं कर सकी। छोटी गाड़ी मंगाई गई। घर का निचला हिस्सा अंदर से बंद होने के कारण भी कर्मियों को भीतर जाने में परेशानी हुई।

# कैश कांड केस: जस्टिस वर्मा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का लोकसभा अध्यक्ष बिरला को नोटिस

### -मामले की सुनवाई 7 जनवरी को

नई दिल्ली(एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा ने संसद में उनके खिलाफ शुरू की गई महाभियोग (इम्पीचमेंट) प्रक्रिया को चुनौती देकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। यह मामला उनके नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास से जला हुआ कैश मिलने से जुड़ा है।





जस्टिस वर्मा का कहना है कि उनके मामले में जजेज इन्क्वायरी एक्ट 1968 में तय प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। उन्होंने लोकसभा स्पीकर द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच कमेटी को अवैध बताया है। उनका तर्क है कि कानून के अनुसार, जब किसी जज को हटाने का प्रस्ताव दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) में लाया जाता है, तब जांच समिति का गठन भी लोकसभा और राज्यसभा द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए, न कि सिर्फ लोकसभा अध्यक्ष के द्वारा। याचिका में कहा गया है कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा अकेले समिति बनाना कानून और संविधान दोनों के खिलाफ है। याचिका में कहा गया है कि महाभियोग प्रस्ताव को दोनों सदनों से एक ही दिन में पारित किया जाना अनिवार्य था, जिसका पालन नहीं किया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए लोकसभा और राज्यसभा के सचिवालयों को नोटिस जारी किया है और सात जनवरी तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। जस्टिस दीपांकर दत्ता की अध्यक्षता वाली बेंच ने नोटिस जारी करते हुए मौखिक रूप से टिप्पणी की, क्या कानून बनाने वालों को ये भी नहीं पता कि ऐसा नहीं किया जा सकता? यह टिप्पणी कमेटी के गठन की प्रक्रिया पर सवाल उठाती है। सुप्रीम कोर्ट अब लोकसभा और राज्यसभा सचिवालयों के जवाब के बाद अगली सुनवाई में यह तय करेगा कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ शुरू की गई महाभियोग प्रक्रिया कानून के अनुरूप है या नहीं।

#### क्या है मामला?

बता दें, 14 मार्च, 2025 की शाम को जस्टिस वर्मा के घर में लगी आग के कारण दमकलकर्मियों द्वारा कथित तौर पर बेहिसाब नकदी बरामद की गई थी। हालांकि, घटना के वक्त जस्टिस वर्मा और उनकी पत्नी उस समय दिल्ली में नहीं थे और मध्य प्रदेश की यात्रा पर थे। आग लगने के समय घर पर केवल उनकी बेटी और वृद्ध माता ही मौजूद थे। बाद में एक वीडियो सामने आया जिसमें नकदी के बंडल आग में जलते हुए दिखाई दे रहे थे। इस घटना के बाद न्यायमूर्ति वर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, जिन्हें उन्होंने नकारते हुए कहा कि यह उन्हें फंसाने की साजिश प्रतीत होती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना (जो अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं) ने आरोपों की आंतरिक जांच शुरू की और 22 मार्च को जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया।

## चिदंबरम ने की विधेयकों में बढ़ती हिंदी शब्दों की प्रवृत्ति की कड़ी आलोचना

### -अब अगली सुनवाई में सीबीआई दाखिल करेगी वेरिफिकेशन रिपोर्ट



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने विधेयकों के शीर्षकों में हिंदी शब्दों के इस्तेमाल की सरकार की ''बढ़ती प्रवृत्ति'' की कड़ी आलोचना की और कहा कि यह बदलाव गैर-हिंदी भाषी लोगों के लिए ''अपमानजनक'' है। उन्होंने कहा कि गैर-हिंदी भाषी लोग ऐसे विधेयक व अधिनियमों को नहीं पहचान सकते जिनके शीर्षक हिंदी शब्दों में अंग्रेजी अक्षरों में लिखे गए हों और वे उनका उच्चारण भी नहीं कर सकते। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सोमवार देर रात कहा कि संसद में पेश किए जाने वाले विधेयकों के शीर्षक में सरकार द्वारा हिंदी शब्दों को अंग्रेजी अक्षरों में लिखने के बढ़ते चलन का मैं विरोध करता हूं। चिदंबरम ने कहा कि अब तक यह प्रथा थी कि विधेयक के अंग्रेजी संस्करण में शीर्षक अंग्रेजी शब्दों में और हिंदी संस्करण में हिंदी शब्दों में लिखा जाता था। उन्होंने कहा कि जब 75 साल से इस प्रथा में किसी को कोई दिक्कत नहीं हुई तो सरकार को बदलाव क्यों करना चाहिए? उन्होंने कहा कि यह बदलाव गैर-हिंदी भाषी लोगों और उन राज्यों का अपमान है जिनकी आधिकारिक हिंदी के अलावा कोई अन्य है। चिदंबरम ने कहा कि सरकारों ने लगातार दोहराया है कि अंग्रेजी एक सहयोगी आधिकारिक बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि मुझे डर है कि यह वादा टूटने की कगार पर है।

## विकसित भारत-जी राम जी योजना का विरोध कर थरुर ने कहा... राम का नाम बदनाम ना करो



### -लंबे समय बाद शशि थरुर ने कांग्रेस के सुर में मिलाया सुर

नई दिली (एजेंसी)। लोकसभा में मंगलवार को मनरेगा का नाम बदलने सहित कई प्रावधानों में फेरबदल वाले विधेयक को पेश किया गया है। नए विधेयक में मनरेगा को अब विकसित भारत-जी राम जी योजना नाम देने की तैयारी हो रही है। इस विधेयक को लेकर संसद में दिलचस्प बहस देखने को मिली है। कांग्रेस की ओर से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने तीखा विरोध किया। वहीं उनके बाद बोलने खड़े हुए शशि थरूर ने भी लंबे समय बाद कांग्रेस के सुर में सुर मिलाया। उन्होंने कहा कि मैं मनरेगा स्कीम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम बदलने के खिलाफ हूं। कांग्रेस नेता थरूर ने कहा कि मैं जी राम जी विधेयक का विरोध करता हूं। मेरी पहली शिकायत यह है कि इसका नाम बदला जा रहा है, जो पहले महात्मा गांधी के ऊपर था। महात्मा गांधी का राम राज्य का विजन राजनीतिक आयोजन नहीं था बल्कि सामाजिक सुधार था। वह चाहते थे कि हर गांव सशक्त हो और राम राज्य जैसी स्थिति बने। मेरे बचपन में गाते देखा कि देखो ओ दिवानों ये काम ना करो, राम का नाम बदनाम ना करो।

थरुर ने कहा कि इसके अलावा 40 फीसदी बजट सीधे राज्य सरकार के हिस्से में डालना गलत है। इससे उन राज्यों के लिए संकट की स्थिति पैदा होगी, जिनके पास राजस्व का संग्रह कम है। इसतरह के राज्य जो पहले ही किसी तरह की मदद पर निर्भर हैं, आखिर वे कैसे इस स्कीम के लिए फंडिंग कर पाएंगे। कांग्रेस सांसद का पार्टी के स्टैंड से मिलता हुआ यह रुख लंबे समय बाद देखने को मिला है। वह कई बार पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ कर चुके हैं। इसके अलावा कांग्रेस की लगातार तीन मीटिंगों से गैरहाजिर रहे हैं।

## एण्डटीवी के 'घरवाली पेड़वाली' ने मुंबई में निकाली अनोखी बारात

**मुंबई (एजेंसी)।** एण्डटीवी अपने नए हल्के-फुल्के फैमिली कॉमेडी शो 'घरवाली पेडवाली' के लॉन्च से पहले मुंबई की सड़कों पर ऐसा नजारा लेकर आया, जिसे देखकर हर कोई दंग रह गया। शो के प्रमोशन के लिए चैनल ने पहली बार शहर की सड़कों पर एक भव्य और अनोखी बारात निकाली, जिसने मुंबई को रंग, संगीत और मस्ती से भर दिया। शो के मुख्य किरदार जीतू पांडे (पारस अरोड़ा) अपनी दो दुल्हनों - सावी (सीरत कपूर) और लतिका (प्रियंवदा कांत) के साथ एक सजी-धजी रंगीन बस में सवार होकर शहर के कई मशहूर इलाकों से गुजरे। यह अनोखी बारात अंधेरी, जुहू, बांद्रा और वर्ली से होती हुई अमिताभ बच्चन के जलसा, शाहरुख खान के मन्नत, सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट और ईशा अंबानी के गुलिता जैसे चर्चित ठिकानों के पास से गुजरी। रास्ते में लिंकिंग रोड, खूबसूरत बांद्रा-वर्ली सी लिंक और हाजी अली पर भी लोगों की भारी भीड़ जुट गई। इस बारात में शो की पूरी ऑन-स्क्रीन



फैमिली, रिश्तेदार और ऑफिस के किरदार नजर आए। इनमें शामिल थे- जीतू के माता-पिता गीता पांडे (गीता बिष्ट) और रीता पांडे (ऋचा सोनी), रमेश पांडे (हर्ष वशिष्ठ), सुरेश पांडे (बृज भूषण शुक्ला), दादाजी (बबलू मुखर्जी), रितिका बुआ (प्रीति सहाय दुबे), पनौती मामा (अमिताभ घाणेकर), सावित्री (प्रियंवदा सिंह), टिल्लूमल (सुदीप सारंगी), लड्डू (विनायक सिंह) और पप्पी (लोटा तिवारी)। इससे यह प्रमोशनल इवेंट बिल्कुल शो की तरह ही एक बड़े पारिवारिक जश्न में बदल गया। बारात का सबसे खास पल बांद्रा बैंडस्टैंड पर देखने को मिला, जहां अचानक एक सरप्राइज फ्लैश मॉब शुरू हुआ। डांसर्स की जोशीली परफॉर्मेंस ने आम शाम को एक रंगीन उत्सव में बदल दिया। सड़क पर चलते लोग रुक गए, मोबाइल कैमरे चल पड़े और हर तरफ तालियों व मुस्कान की गूंज सुनाई दी। एक दूल्हा और दो दुल्हनों- जिसमें एक असली और दूसरी रहस्यमयी है- के दिलचस्प नजारे के साथ यह दृश्य शो की कहानी को बखूबी दर्शा रहा था। इस अनोखे प्रमोशन पर बात करते हुए कावेरी दास, चीफ चैनल ऑफिसर, एण्डटीवी और बिजनेस हेड- हिंदी जी5 ने कहा, एण्डटीवी हमेशा अपने दर्शकों से सीधे जुड़ने के नए और मजेदार तरीके तलाशता है। घरवाली पेडवाली एक पारिवारिक कॉमेडी है, जिसमें एक मजेदार ट्विस्ट है। हम चाहते थे कि इसका लॉन्च भी उतना ही चौंकाने वाला और यादगार हो। मुंबई की सड़कों पर यह भव्य बारात निकालना दर्शकों के साथ जुड़ने का शानदार तरीका रहा। इससे हमें लोगों से आमने-सामने जुड़ने का मौका मिला और तुरंत जिज्ञासा व बातचीत शुरू हुई। दर्शकों से मिला जबरदस्त रिस्पॉन्स यह साबित करता है कि वे नए, अपने-से जुड़े मनोरंजन को देखना चाहते हैं, जिसमें हँसी भी हो, दिल भी और कल्पना की रंगीन उड़ान भी। यह अनोखा ऑन-ग्राउंड प्रमोशन न सिर्फ घरवाली पेड़वाली की आत्मा को दर्शाता है, बल्कि एण्डटीवी की उस सोच को भी दिखाता है, जिसके तहत चैनल दर्शकों को नया, ताजा और परिवार के साथ देखा जा सकने वाला मनोरंजन देना चाहता है।

## दिल्ली में वायु प्रदूषण कंट्रोल के बाहर... होटलों, रेस्टोरेंट और खुली खाने की जगहों पर तंदूर पर बैन

नई दिल्ली (एजेंसी)। तंदूर, दिल्ली में प्रदूषण से लड़ने की लड़ाई में नया निशाना बन गया है। दिल्ली प्रदूषण कंट्रोल कमेटी (डीपीसीसी) ने शहर के सभी होटलों, रेस्टोरेंट और खुली खाने की जगहों पर कोयले और लकड़ी का इस्तेमाल करने वाले तंदूर पर बैन लगाने के आदेश दिए हैं। रेस्टोरेंट और खाने की जगहों पर इस्तेमाल होने वाले तंदूर पर बैन पिछले हफ़्ते लगाया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, यह आदेश एयर (प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ़ पॉल्यूशन) एक्ट, 1981 की धारा 31(ए) के तहत जारी किया गया था। सभी रेस्टोरेंट और खाने की जगहों को तुरंत इलेक्ट्रिक, गैस-आधारित या दूसरे साफ ईंधन वाले उपकरणों पर स्विच करना होगा। दिल्ली-एनसीआर में हवा की क्वालिटी खराब होने के कारण, पिछले हफ़्ते शनिवार को ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) का स्टेज 4 लागू किया गया था।

# 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, अंतिम तिथि 11 जनवरी 2026

### -कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ परीक्षा के स्ट्रेस, करियर के कई पहलुओं पर संवाद करते हैं

नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी के सबसे लोकप्रिय कार्यक्रमों में शामिल 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। यह छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां वे सीधे पीएम के साथ परीक्षा के स्ट्रेस, करियर और जीवन के कई पहलुओं पर संवाद कर सकते हैं। यह कार्यक्रम हर साल छात्रों में परीक्षा के डर को कम करने और उन्हें 'एग्जाम वॉरियर्स' बनने के लिए प्रेरित करता है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चयन की प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता आधारित होती है। इसमें ऑनलाइन प्रतियोगिता के जरिए चयन किया जाता है, जो मॉयजीओवी पोर्टल पर आयोजित की जाती है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्र, साथ ही शिक्षक और अभिभावक इस बहुविकल्पीय प्रश्न प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता पीएम मोदी से डायरेक्ट बातचीत का मौका देती है। परीक्षा पे चर्चा में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को एनसीईआरटी की तरफ से एक खास प्रमाण पत्र भी मिलता है, जो उनके लिए बड़ी उपलब्धि है। 'परीक्षा पे चर्चा' 2026 के 9वें संस्करण के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 1 दिसंबर, 2025 को शुरू हो चुकी है। इच्छुक छात्र, शिक्षक और अभिभावक मॉयजीओवी पोर्टल पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 11 जनवरी, 2026 है। अब तक करीब 18,78,098 उम्मीदवार इस कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। इनमें 17 लाख से ज्यारा छात्र शामिल हैं। पीपीसी 2026 में पीएम मोदी के साथ लाइव प्रोग्राम में शामिल होने वाले प्रतिभागियों का चयन किसी आवेदन या सिफारिश के आधार पर नहीं, बल्कि एक ऑनलाइन प्रतियोगिता के जरिए किया जाता है। चयनित प्रतिभागियों को कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी से सीधे उनके मन में चल रहे सवाल पूछने का अनमोल अवसर मिलता है। यह छात्रों को अपनी दुविधाएं दूर करने और पीएम से प्रेरणा लेने का एक सीधा माध्यम प्रदान करता है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को कई फायदे मिलते हैं। पीपीसी प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को एनसीईआरटी से आधिकारिक प्रमाण पत्र मिलता है। शॉर्टलिस्ट किए गए छात्रों को पीएम मोदी के साथ लाइव 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलता है। पिछले संस्करणों में कुछ विजेताओं को पीएम मोदी की लिखी गई 'एग्जाम वॉरियर्स' पुस्तक और एक विशेष 'किट' भी दी गई थी।

## उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस पार्टी के वोट चोरी के आरोपों और अभियान से खुद को अलग किया

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस पार्टी के वोट चोरी के आरोपों और अभियान से इंडिया गठबंधन को अलग किया है। उन्होंने कहा कि इस वोट चोरी मुद्दे से इंडिया गठबंधन का कोई लेना-देना नहीं है। हर राजनीतिक दल अपना एजेंडा तय करने के लिए स्वतंत्र है। कांग्रेस ने वोट चोरी को अपना मुख्य मुद्दा बनाया है, लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस (उनकी पार्टी) अपने मुद्दे खुद चुनेगी। वहां कांग्रेस के चुने मुददों पर राजनीति नहीं करेगी।



वहीं भाजपा नेता शशांक मणि ने प्रतिक्रिया देकर कहा कि उमर समझ रहे हैं कि विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) का उद्देश्य किसी को निशाना बनाना नहीं, बल्कि वास्तविक मतदाता सूची को अपडेट करना और चुनावी सुधार करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह लोग इंडिया गठबंधन से अलग होते रहने वाले है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों इंडिया गठबंधन के कई और दल भी इस वोट चोरी के मुददे से अलग हो जाएगी। वहीं कांग्रेस ने दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़ रैली का आयोजन कर अपने अभियान को तेज़ किया है। उन्होंने रैली में मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्त विधेयक, 2023 में बदलाव करने और कांग्रेस के सत्ता में आने पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर संधू और विवेक जोशी के खिलाफ कार्रवाई करने का संकल्प लिया। बात दें कि चुनावी अनियमितताओं के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के भीतर मतभेद सामने आए हैं, जहाँ उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस के आक्रामक रुख से दूरी बना ली है, जबकि भाजपा इसे चुनावी सुधार का मामला बता रही है।

# भारत ने फिर कर दिया नोटम का ऐलान... के4 सबमरीन लांच बैलस्टिक मिसाइल का हो सकता है टेस्ट

### -नोटम जारी होते ही पाकिस्तान की सांस गले में अटकी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत रक्षा के क्षेत्र में लगातार एक के बाद एक धमाका कर रहा है, इन धमाकों से भारत के दुश्मन देश घबराए हुए हैं। अब भारत ने एक और तगड़ा ऐलान किया है। जिसके बाद दुश्मनों के गुट में चर्चा तेज हो गई है कि भारत किसी बड़ी तैयारी में है। पाकिस्तान के सारे टीवी चैनल्स पर इसी बात की बहस चल रही है कि कुछ घंटों बाद भारत क्या करने वाला है। पाकिस्तान ही नहीं बल्कि चीन और अमेरिका भी जानने के लिए बेचैन दिखाई दे रहे हैं कि आखिर भारत का प्लान क्या है। भारत ने नोटिस टू एयरमैन यानी कि नोटम जारी किया है। यह डेंजर ज़ोन एडवाइज़री डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम आइलैंड से बंगाल की खाड़ी के एक बड़े हिस्से को कवर करती है।

यह नो फ्लाई जोन करीब 2520 किमी तक फैला हुआ है। जो हवाई जहाजों और समुद्री यातायात के लिए अस्थायी प्रतिबंध लगाता है। यह नोटम 17 से 20 दिसंबर के बीच लागू रहेगा। कहा जा रहा है कि भारत एक बड़ी मिसाइल टेस्ट करने वाला है। पिछले परीक्षणों की तरह यह जोन पहले से ज्यादा बड़ा है जो मिसाइल की उन्नत रेंज और सटीकता का संकेत देता है। भारत ने इससे पहले 6 से 8 दिसंबर के बीच बंगाल की खाड़ी के ऊपर 14,000 कि.मी. के इलाके में नो फ्लाई जोन नोटिस जारी किया था। यह नोटम भी मिसाइल टेस्ट के लिए जारी किया गया था। हाल ही में नौसेना ने युद्धफोस से ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया था।

मिसाइल की बेजोड़ सटीकता, स्पीड और तबाही मचाने की ताकत देखने को मिली थी। यह मिसाइल दुश्मन के ठिकानों में तबाही मचाने के लिए काफी है। यह 300 से 800 किमी तक की दूरी पर बैठे दुश्मन को तबाह कर सकती है। इस सफल परीक्षण के बाद से ही भारत के दुश्मन खौफ में थे कि अब भारत ने एक और धमाका करने की तैयारी कर ली है। बताया जा रहा हैं कि के4 सबमरीन लॉन्च्ड बैलस्टिक मिसाइल का परीक्षण हो सकता है जो परमाणु सक्षम है और 3500 किमी तक वार कर सकती है। यह चीन नौसेना के खिलाफ एक मजबूत हथियार के रूप में है। यह मिसाइल ठोस ईंधन से चलती है। सबमरीन से लांच होने पर 20 से 30 मीटर गहराई से फायर की जा सकती है।

यह अग्नि मिसाइल सीरीज पर आधारित है। इसका वजन 17 टन, लंबाई 12 मीटर और यह एमआईआर भी तकनीक से लैस हो सकती है। यानी एक मिसाइल से कई लक्ष्य हिट कर सकती है। परमाणु हथियार ले जाने की ताकत इसके पास है। यह आईएएस, अरिहंत जैसी सबमरीन से लांच होती है। इस परीक्षण के बाद भारत अगले साल के5 मिसाइल का परीक्षण कर सकता है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**